एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
# अमृत विचार
| हल्द्वानी |
www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी
बैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया 10:49 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083
रविवार, 19 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 53, पृष्ठ 14+4 · मूल्य 6 रुपये



ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हेमंत - 12



तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर: अभिषेक - 12



तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी - 12



आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी - 14

# होर्मुज में भारतीय जहाजों पर गोलीबारी

## भारत ने ईरानी राजदूत को तलब कर विरोध दर्ज कराया, होर्मुज फिर बंद

- अमेरिका पर सीजफायर डील तोड़ने का आरोप, ट्रंप बोले- ईरान का यूरेनियम हर हाल में लेंगे

नई दिल्ली/काहिरा, एजेंसी

होर्मुज में जारी दोहरी घेराबंदी शनिवार को एक अनिश्चित और खतरनाक स्थिति में पहुंच गई। एक ओर जहां अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी करने के अपने अभियान को और तेज कर दिया है, वहीं दूसरी ओर ईरान ने जलमार्ग खोलने के अपने शुरुआती कदम को वापस लेते हुए वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर गोलीबारी कर दी। इनमें दो भारतीय जहाज भी शामिल हैं। जिन्हें गोलीबारी की घटना के बाद वापस लौटना पड़ा।

नई दिल्ली में तैनात ईरानी राजदूत मोहम्मद फताअली को विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तलब किया। इस घटना को लेकर राजदूत के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। इस महत्वपूर्ण सामरिक जलमार्ग को लेकर बनी असमंजस की स्थिति ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे ऊर्जा संकट के और गहराने और दोनों देशों को फिर से संघर्ष की ओर धकेलने का खतरा पैदा कर दिया है, जबकि मध्यस्थ इस बात पर विश्वास जता रहे थे कि एक नया समझौता हो सकता है। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण पहले जैसी स्थिति में लौट आया है। सशस्त्र बलों के सख्त प्रबंधन और नियंत्रण में। इसने चेतावनी दी कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी प्रभावी रहेगी, तब तक वह जलडमरूमध्य में आवागमन को अवरुद्ध करना जारी रखेगा।



### अमेरिका के नए प्रस्तावों की समीक्षा की जा रही : ईरान

**दुबई।** ईरान ने शनिवार को कहा कि वह अमेरिका की ओर से पेश किए गए नए प्रस्तावों की समीक्षा कर रहा है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हुए हाल में तेहरान की अपनी यात्रा के दौरान ईरान को ये प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे, जिनकी समीक्षा की जा रही है।

### इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर निकला था जहाज

ईरान द्वारा जलमार्ग खोलने की घोषणा के बाद कई जहाजों ने होर्मुज को पार करने का प्रयास किया। रिवोल्यूशनरी गार्ड की गोलीबारी की खबरों के बाद होर्मुज में दो भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलना पड़ा। इनमें भारतीय ध्वज वाला एक सुपर टैंकर भी शामिल है जो इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर जा रहा है।

### नौसेना शत्रुओं को करारी हार देने को तैयार : मोजतबा

**काहिरा।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि ईरान की बहादुर नौसेना अपने दुश्मनों को करारी हार देने के लिए तैयार है। ईरानी सेना की स्थापना की वर्षगांठ के मौके पर एक संदेश में, उन्होंने युद्ध के दौरान दुश्मनों को निशाना बनाकर किए गए ईरान के ड्रोन हमलों की सराहना की।

# विपक्ष ने आरक्षण विधेयक को रोककर महिलाओं के सपनों को कुचला : मोदी

- प्रधानमंत्री बोले- महिलाएं इस पाप के लिए कभी माफ नहीं करेंगी, कहा- मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद संसद में महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक को पारित न होने देकर महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया है। मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न होने के एक दिन बाद राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थ भरी राजनीति की कीमत देश की महिलाओं को चुकानी पड़ी है और इन दलों ने विधायी निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों को विफल कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं। उन्होंने कहा, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि भारत की महिलाओं की प्रगति किस प्रकार रुक गई है। देश की महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया गया है, और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद हम सफल नहीं हो सके। कहा कि महिलाओं ने देखा है कि कांग्रेस, टीएमसी व द्रमुक जैसी पार्टियां महिला सशक्तीकरण के खिलाफ अपनी स्वार्थ भरी राजनीति का जश्न कैसे मनाती हैं। महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध करके विपक्ष ने पाप किया है और उसे इसके लिए निश्चित रूप से दंड मिलेगा। विपक्षी दलों ने विधेयक को विफल कर हमारे संविधान का अपमान किया है



### एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती

मोदी ने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि कांग्रेस उत्तर-दक्षिण विभाजन के बारे में झूठी बातें फैला रही है। उन्होंने कहा, एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती। कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा किया गया यह अपमान हर महिला के दिल में हमेशा रहेगा। मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन समय की आवश्यकता थी और उत्तर, दक्षिण, पूर्व तथा पश्चिम में संतुलित सशक्तीकरण सुनिश्चित करने का एक ईमानदार प्रयास था।

# राज्य में लागू होगी मनी बैक प्लास्टिक योजना

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्लास्टिक बोतलों को हतोत्साहित करने के लिए यात्रा मार्ग पर जगह-जगह वाटर एटीएम एवं आरओ प्लांट स्थापित किए जाएं। कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा प्लास्टिक वेस्ट के लिए 'मनी बैक' योजना को पूरे प्रदेश में लागू कर हर दुकान पर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट अनिवार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा-2026 को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आवास में शहरी विकास विभाग, पर्यटन विभाग तथा वन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। चारधाम यात्रा रूट में पड़ने वाली ग्राम पंचायत तथा अन्य संस्थाएं कूड़े एवं प्लास्टिक वेस्ट की ड्रोन के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करेंगी और इसके लिए एक अत्याधुनिक कमांड एंड कंट्रोल केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। इस बार यात्रा को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने पर विशेष फोकस किया गया है। वर्ष 2025 में प्लास्टिक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के बाद वर्ष 2026 में इसे जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक अभियान का रूप दिया जाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के 'स्वच्छ भारत एवं हरित, सतत विकास' के विजन से प्रेरित है और लक्ष्य है कि चारधाम यात्रा को पूर्णतः स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त एवं ठोस अपशिष्ट मुक्त बनाया जाए। इसके साथ ही क्यूआर कोड आधारित फीडबैक प्रणाली, त्वरित सहायता केंद्र, कंट्रोल रूम तथा आधुनिक मशीनों के माध्यम से यात्रा को तकनीकी रूप से सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाया जा रहा है।



बसों को ऋषिकेश से रवाना करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- चारधाम यात्रा पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाने की ऐतिहासिक पहल
- ड्रोन से होगी कूड़ा और प्लास्टिक वेस्ट की मॉनिटरिंग

### केदारनाथ धाम में पहली बार 24 घंटे मुफ्त गर्म पानी

मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि, केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को अब ठंडे पानी के स्थान पर शीघ्र ही 24 घंटे गर्म पानी उपलब्ध कराया जाएगा। यह व्यवस्था पिरूल (चीड़ की पत्तियां) और खच्चरों की लीद से तैयार बायोमास पैलेट्स के माध्यम से संचालित गीजरों द्वारा की जाएगी। यह देश का पहला प्रयोग है, जहां इतनी ऊंचाई वाले क्षेत्र में चौबीसों घंटे गर्म पानी उपलब्ध कराया जाएगा। ये गीजर गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) द्वारा केदारनाथ एवं लिंचोली में लगाए जाएंगे। यह अभिनव प्रयोग केदारनाथ यात्रा मार्ग पर खच्चरों की लीद से होने वाली समस्या का समाधान करेगा, साथ ही जंगल की आग के प्रमुख कारण पिरूल से भी राहत दिलाएगा।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सुनहरे अतीत की परछाई लाल इमली मिल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# आज से शुरू होगी चारधाम यात्रा

**देहरादून।** अक्षय तृतीया पर आज गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:15 बजे और यमुनोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:35 बजे खुलने के साथ इस वर्ष की उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी।

शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश से चारधाम जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और देशभर से आए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष बदरी-केदार धाम के मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर नए नियम लागू किए गए हैं। गंगोत्री में गैर-सनातनियों को पंचगव्य (गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी) ग्रहण करने के बाद ही मंदिर में प्रवेश की अनुमति होगी। वहीं, यमुनोत्री मंदिर समिति ने 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा के तहत श्रद्धा भाव से आने वाले सभी श्रद्धालुओं का बिना जाति-धर्म पूछे स्वागत करने का निर्णय लिया है। केदारनाथ धाम के 22 अप्रैल व बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जाएंगे।

# केंद्र ने महंगाई भत्ता 2% बढ़ाया, यूपी-आंध्र में 601 किमी की रेल लाइन मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने शनिवार को केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता (डीए) व महंगाई राहत (डीआर) 2% बढ़ाने का फैसला किया। इससे केंद्र सरकार के लगभग 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

साथ ही रेल मंत्रालय की 24,815 करोड़ की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश में 403 किलोमीटर लंबी गाजियाबाद-सीतापुर तीसरी और चौथी लाइन और आंध्र प्रदेश में 198 किलोमीटर लंबी राजामुंदरी-विशाखापत्तनम तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं। बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत, दोनों में वृद्धि के कारण सरकारी खजाने पर कुल 6,791.24 करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा। मूल वेतन या पेंशन की मौजूदा 58 प्रतिशत की दर पर दो प्रतिशत की यह वृद्धि, महंगाई की भरपाई के लिए है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को डीए और पेंशनभोगियों को डीआर की यह अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2026 से दी जाएगी। यह वृद्धि स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है, जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। वहीं, उप्र, आंध्र प्रदेश राज्यों के 15 जिलों से गुजरने वाली रेल की दो परियोजनाएं मौजूदा नेटवर्क को 601 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिए कई अहम फैसले



- 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को होगा लाभ



# स्कूली शिक्षा का गुरुकुल है नैनीताल

नैनीताल के विद्यालयों की देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया में अलग पहचान है। यूएस और अमेरिकी जैसे विकसित देशों के बच्चे भी नगर के आवासीय विद्यालयों से शिक्षा हासिल कर चुके हैं और वर्तमान में शायद ही देश का कोई प्रदेश हो , जो यहां के आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत न हो। नैनीताल के स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना हो चला है।

इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में रही है, यह कीर्तिमान वर्तमान में भी बरकरार है। यहां के स्कूलों में दी जाने वाली शिक्षा का स्तर अंतराष्ट्रीय स्तर का है। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया के देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और नाम रोशन कर रहे हैं। आईसीएसई व सीबीएसई समेत कई अन्य बोर्ड से सम्बद्ध नगर के कई अन्य विद्यालय बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। नगर के अधिकांश विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किए जाते हैं और आवासीय विद्यालयों का रहन-सहन उच्च कोटि का है, जबकि शिक्षा का अनुकूल शैक्षणिक वातावरण दुनिया में विशेष पहचान रखता है। जिस कारण दुनिया के अनेक देशों के बच्चे स्कूलिंग के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं। वर्तमान में यह खूबसूरत पर्यटन स्थल शिक्षा जगत में फलफूल रहा है।




## डॉन बास्को पब्लिक स्कूल

डॉन बास्को पब्लिक स्कूल और डॉन बास्को गर्ल कालेज शिक्षा के समस्त मापदण्ड को ध्यान में रख कर देश के विभिन्न प्रदेशों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। इसका नतीजा है कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षाफल पूरे कुमाऊँ में अग्रणी विद्यालयों प्रमुख स्थान रखता हैं। यह विद्यालय निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। जहां एक तरफ बालक वर्ग में यह विद्यालय उचाईयां छू रहा है वहीं कन्या वर्ग में भी यह विद्यालय बखूबी आगे बढ़ रहा है। डान बास्को गर्ल कश्वलेज आम पड़ाव की हरी-भरी वादियों में स्थित है। पूर्ण रूप से आवासीय इस विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के माप दण्डों को ध्यान में रखा गया है। महिला शसक्तीकरण को ध्यान में छात्राओं का भविष्य संवार रहा है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध है। अनुभवी शिक्षक छात्राओं के सर्वागीण विकास में अपना दायित्व बखूबी निभा रहे है। वर्तमान में डॉन बोस्को बॉयज की प्रधानाचार्या अरूणा खन्ना विद्यालय का कुशल संचालन कर रहीं हैं, जबकि डॉन बोस्को गर्ल्स कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रेमलता चौधरी संचालन कर रही हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक जे.के. चड्डा के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर सफलता हांसिल कर रहा है। वह कहते हैं कि बच्चों के चहुमुखी विकास को लेकर प्रयासरत रहते हैं। भविष्य में इसी तरह अपना दायित्व निभाते रहेंगे।









## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार



**बी सी त्रिपाठी**
प्रधानाचार्य, लौंग व्यू पब्लिक स्कूल

लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। निःसंदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल दसवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पाठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभविद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।

## नन्हे मुन्नों का भविष्य संवार रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



**संतोष कुमार**
प्रधानाचार्य, पाइन क्रस्ट

आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है। विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।







## देश के अग्रणी स्कूलों में शुमार शेरवुड कालेज



**अमनदीप संधु**
प्रधानाचार्य, शेरवुड कॉलेज

शिक्षा के क्षेत्र में इस विद्यालय का नाम देश के नामचीन विद्यालयों में शामिल है। 151 वर्षों से अधिक समय से यह विद्यालय बच्चों का भविष्य संवारता हुआ आ रहा है। यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है जिसमें बच्चों के भोजन व आवास की बेहतरीन सुविधा तो है ही, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास की अन्य समस्त सुविधायें भी विद्यालय में हैं। पठन-पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिये विद्यालय की ओर से हर संभव प्रयास किया जाता है। अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने वाला यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। यह विद्यालय देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में शामिल रहा है। देश के प्रथम फील्ड मार्शल भारत को पाकिस्तान से 1971 के युद्ध में विजयश्री दिलाने वाले तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल मानेक शॉ, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, हाल ही में बिहार के नव नियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन जैसी हस्तियों की शिक्षा दीक्षा भी इसी संस्थान में हुई है। विद्यालयों की अग्रणी संस्था एजुकेशन वर्ल्ड की ओर से हुए पिछले सर्वेक्षण में शेरवुड कॉलेज को कुमाऊं में ऑल इंडिया के अग्रणी विद्यालयों की सूची में उच्च स्थान प्राप्त हुआ है। यह संभव हो पाया है प्रधानाचार्य श्री अमनदीप संधू के गतिशील नेतृत्व, मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण जो 23 वर्षों से विद्यालय का कुशल संचालन कर रहे हैं। उनकी सराहनीय सेवा को देखते हुए 2025 में अमर उजाला की ओर से एजुकेशन फॉर भारत कार्यक्रम में एडिटर्स च्वॉइस अवार्ड प्रदान किया गया।



## Sanwal School, Nainital

### Nurturing Minds Since 1952



**A.Emmanuel**
Principal

Established in 1952 by the visionary Mrs. A.G. Sanwal, Sanwal School has stood as a beacon of academic excellence and holistic development for over seven decades. Rooted in strong values and a commitment to quality education, the institution has continuously evolved to meet the changing needs of modern learners while preserving its rich legacy.

Under the dynamic and inspiring leadership of Principal Mrs. A. Emmanuel, the school provides comprehensive education up to Senior Secondary (Class XII), fostering not only academic achievement but also character, discipline, and confidence in every student.

The school is equipped with modern infrastructure, well-designed classrooms, advanced laboratories, and digital learning facilities that enhance both conceptual understanding and practical knowledge. Emphasis is placed on creating a stimulating environment where students are encouraged to think critically, explore creatively, and grow intellectually.

At Sanwal School, every child is valued. With a focus on personalized attention, the dedicated and experienced faculty ensures that each student receives individual guidance, academic support, and emotional care. The school strongly believes in nurturing well-rounded individuals by promoting co-curricular activities, moral values, and life skills alongside academics.

Driven by a legacy of excellence and a vision for the future, Sanwal School continues to shape young minds into responsible, confident, and capable individuals ready to face the challenges of the world. Sanwal School - Shaping confident, capable, and value-driven future leaders.

## छात्राओं का भविष्य उज्वल बना रहा ऑलसेंट्स कालेज




**अंजिना रिचर्डस**
प्रधानाचार्य, आल सेंट्स कालेज

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में अपना भविष्य सवार चुके हैं।

इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब से लेकर आज तक यह विद्यालय निंरतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

देश विदेश के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर दर्जनों छात्राएं विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब हुई हैं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।




## सिटी इंवेंट्स

- भाजपा कार्यालय में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी पूर्वाह्न 10 बजे।
- पहाड़ी कार्मी की ओर से जनपथ कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों का सम्मान पूर्वाह्न 11 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता आज से

**हल्द्वानी :** कराटे एसोसिएशन नैनीताल की ओर से शनिवार को आरटीओ रोड, लालपुर नायक स्थित राठौर स्पोर्ट्स एंड फिटनेस अकादमी में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता सुबह 10 बजे शुरू होगी। टेक्निकल निदेशक वीरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि जिले भर के खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। विजेता खिलाड़ी 7 से 10 मई तक देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और खिलाड़ियों में उत्साह है।

### उपस्थिति कम होने पर परीक्षा नहीं दे सकेंगे छात्र

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में अक्सर विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रहती है। अब कॉलेज में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा। कॉलेज प्रशासन ने छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि कॉलेज में सभी कक्षाएं और प्रयोगात्मक कक्षाएं विभागीय समय के अनुसार नियमित रूप से चल रही हैं। सभी छात्र-छात्राओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय के अनुसार अपनी उपस्थिति कक्षाओं में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। विवि के नियमों के अनुसार न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इससे कम उपस्थिति होने पर संबंधित छात्र-छात्रा को परीक्षा में बैठने से रोका जा सकता है।

### यूओयू से 14 नये शिक्षक जुड़े, छात्र संख्या भी बढ़ी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में शनिवार को बहुउद्देश्यीय भवन में बैठक हुई। जिस दौरान सत्र की दो प्रमुख उपलब्धियों नए शिक्षकों की नियुक्ति और छात्र संख्या में बढ़ोत्तरी पर फोकस रहा। विवि में अस्थायी रूप से 14 नए शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। कुलपति ने नए शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से शिक्षण गुणवत्ता और बेहतर होगी। विवि के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने वर्तमान सत्र में छात्र संख्या में हुई उल्लेखनीय बढ़ोतरी को विवि की बड़ी उपलब्धि बताया। कुलपति प्रो. लोहनी ने इसे सामूहिक प्रयास बताया। बैठक में कुलसचिव खेमराज भट्ट, प्रो. गिरिजा भट्ट, प्रो. पीडी पंत, प्रो. रेनू प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

### ओवरसाइज टी-शर्ट और कार्गो व बैगी जींस बने शहर के युवाओं की पहली पसंद, जापानी एनिमे कैरेक्टर्स और मोटिवेशनल कोट्स का युवाओं में खासा ग्लैमर

# युवा फैशनः जूता है जापानी, पतलून इंग्लिस्तानी फिर भी स्वैग 'हल्द्वानी'

पवन कुंवर, हल्द्वानी



प्रतीकात्मक एआई फोटो।

**अमृत विचारः** मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंग्लिस्तानी, सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी। राज कपूर की मशहूर फिल्म श्री 420 (1955) के गीत को मानो हल्द्वानी के युवा इन दिनों जीवंत कर रहे हों। दरअसल, यहां के युवाओं पर ''स्ट्रीटवियर'' का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। शहर के युवा अब दिल्ली या मुंबई के युवाओं से पीछे नहीं है। वे अब ग्लोबल ट्रेंड्स को तुरंत अपना रहे हैं। फैशन के चक्र ने एक बार फिर पुराने दौर की याद ताजा कर दी है।

शहर की सड़कों से लेकर कॉलेजों के गलियारों तक के युवाओं का ''लुक'' पूरी तरह बदल चुका है। कभी फिटिंग और स्लिम-फिट कपड़ों के दीवाने रहने वाले युवाओं पर ओवरसाइज्ड कपड़े उनकी सिग्नेचर-स्टाइल बन चुके हैं। यानी क्रेज इंटरनेशनल है लेकिन स्वैग हल्द्वानी वाला ही है।

शहर के प्रमुख बाजारों में अब टाइट जींस की जगह ढीली-ढाली बैगी जींस और फिटिंग शर्ट्स की जगह ओवरसाइज्ड टी-शर्ट्स ने ले ली है। शहर के दुकानदारों की मानें तो इन दिनों 'बैक प्रिंट' वाली टी-शर्ट्स की मांग में 70 प्रतिशत तक का उछाल आया है।

टी-शर्ट के पीछे बने बड़े ग्राफिक्स, जापानी एनिमे कैरेक्टर्स और मोटिवेशनल कोट्स युवाओं को अपनी ओर खींच रहे हैं। कॉलेज जाने वाले छात्रों का कहना है कि ये कपड़े न केवल पहनने में आरामदायक हैं, बल्कि उन्हें एक अलग पहचान भी देते हैं।

'एसिड वॉश' टी-शर्ट्स अपनी 'रफ एंड टफ' और विंटेज लुक के कारण ट्रेंड में हैं। मटर गली, मुखानी सड़क और हीरानगर के गारमेंट स्टोर्स पर इन दिनों युवाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है, जो विशेष रूप से ऐसे वॉश और फैब्रिक की तलाश में पहुंच रहे हैं।

> पिछले कुछ महीनों में ओवरसाइज टी-शर्ट और बैगी जींस की मांग में बहुत तेजी आई है। खासतौर पर बैक प्रिंट टी-शर्ट्स और एसिड वॉश विंटेज लुक वाले कपड़े युवाओं को बहुत पसंद आ रहे हैं। पहले जहां लोग फिटिंग कपड़े खरीदते थे, अब स्ट्रीटवियर और लूज-फिट कपड़ों की संख्या बढ़ी है। हम अपने कलेक्शन में अब इसी ट्रेंड को प्राथमिकता दे रहे हैं।
> **-रजत जीना**, दुकानदार

> युवाओं का स्टाइल अब पूरी तरह बदल गया है। कार्गो पैंट्स और बैगी जींस की बिक्री पिछले साल की तुलना में लगभग 60 से 70 प्रतिशत बढ़ गई है। इसके साथ चंकी स्नीकर्स पहनकर लूज-फिट कपड़े ही सिग्नेचर स्टाइल बन गए हैं। हल्द्वानी के युवा अब ग्लोबल फैशन ट्रेंड्स के साथ कदम से कदम मिला रहे हैं और हम इसका पूरा ध्यान रखते हैं।
> **-पंकज बिष्ट**, दुकानदार

### कार्गो और बैगी जींस: कंफर्ट के साथ स्टाइल

जींस की दुनिया में बड़ा बदलाव आया है। अब युवा कार्गो पेंट्स को तरजीह दे रहे हैं, जिनमें मल्टीपल पॉकेट्स (जेबें) होती हैं। यह स्टाइल न केवल कूल भी है। इसके साथ ही, बैगी जींस को चंकी स्नीकर्स के साथ पेयर करना शहर का नया ''सिग्नेचर स्टाइल'' बन गया है।

### पुराने समय के रेट्रो स्टाइल जूतों का क्रेज

यहा के युवा ऐसा फुटवियर चुन रहा है जो दिखने में स्टाइलिश हो और पहनने में आरामदायक भी। ऐसे में पुराने समय के रेट्रो स्टाइल के जूते भी फिर से लोकप्रिय हैं। रंग-बिरंगे और यूनिक डिजाइन वाले शूज युवाओं की पहली पसंद बनते जा रहे हैं, जिससे उनकी पर्सनैलिटी भी झलकती है। फैशन एक्सपर्ट्स के अनुसार, आजकल के ट्रेंड में कम्फर्ट के साथ-साथ स्टाइल को भी उतना ही महत्व दिया जा रहा है। यही कारण है कि सूएड मटेरियल और मजबूत सोल वाले शूज भी बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।

### क्यों बदल रही है पसंद

स्थानीय युवाओं से बातचीत में यह बात सामने आई कि इस बदलाव के पीछे मुख्य कारण कंफर्ट है। एमबीपीजी के एक छात्र ने बताया, हल्द्वानी की गर्मी और भागदौड़ वाली लाइफ में ओवरसाइज्ड कपड़े राहत देते हैं। यह स्टाइल और रिलैक्सेशन का परफेक्ट कॉम्बो है। शहर के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और मॉल्स में भी अब ब्रांड्स अपने कलेक्शन में इसी तरह के लूज-फिट कपड़ों को प्रमुखता से डिस्प्ले कर रहे हैं। साफ है कि शहर का युवा अब फैशन के मामले में पूरी तरह अपडेट हो चुका है।

# रामनगर में होटल के कमरे में स्कूल ड्रेस में पकड़ीं दो नाबालिग छात्राएं

## पुलिस ने होटल किया सील, छात्राओं के साथ मौजूद कुछ लोग पुलिस की हिरासत में

संवाददाता, रामनगर

- **दोनों छात्राएं शहर के एक प्रतिष्ठित रानीखेत रोड स्थित इंटर कॉलेज की, आईडी तक नहीं जांची**

**अमृत विचारः** नैनीताल जिले में रामनगर के एक होटल के कमरे से स्कूल यूनीफार्म में दो नाबालिग छात्राएं बरामद होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए होटल को सील कर जांच शुरू कर दी है।

रामनगर के कानियां क्षेत्र स्थित एक होटल में उस समय सनसनी फैल गई, जब स्कूल ड्रेस में दो नाबालिग छात्राओं के मिलने की खबर सामने आई। बताया जा रहा है कि ये दोनों छात्राएं शहर के एक प्रतिष्ठित रानीखेत रोड स्थित इंटर कॉलेज की हैं और होटल के कमरे में मौजूद थीं। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन जोशी ने इस मामले को उठाया, जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर जोगा सिंह ने छात्राओं के साथ मौजूद कुछ लोगों को हिरासत में लिया और कोतवाली ले जाया गया। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाबालिग छात्राओं का इस तरह होटल में पाया जाना कई सवाल खड़े करता है। वहीं यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि बिना उचित पहचान पत्र के होटल में कमरा दिए जाने जैसी गंभीर लापरवाही हुई है।

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन जोशी ने कहा कि रामनगर के हिम्मतपुर डोटियाल में कोजी कैफे होटल व होमस्टे व इस होटल की लगातार शिकायत मिल रही थी कि यहांकायदे कानूनों की अनदेखी की जा रही है। पुलिस के साथ वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि दो नाबालिग छात्राएं वहां स्कूल की ड्रेस में थी। मदन जोशी ने कहा कि स्कूल प्रबंधन से भी कह चुके हैं कि स्कूल के बाहर अपनी सुरक्षा लगाइए और जो बच्चे स्कूल में नहीं आ रहे हैं उनसे प्रार्थना पत्र लीजिए और उनके अभिभावकों को भी सूचना दीजिए। उन्होंने कहा कि यह दो नाबालिग बच्चियों कालेज से कैसे होटल में गई। ना होटल संचालक ने उनकी आईडी ली, ना जांच की, जबकि वह ड्रेस में थीं और उनको कमरा दे दिया गया। उन्होंने कहा कि दोनों लड़की और दोनों लड़के नाबालिग हैं। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया नाबालिग लड़कों में एक मुस्लिम है। दोनों लड़कियों के परिजनों की ओर से दोनों लड़कों के खिलाफ मुकदमा पॉस्को एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया है। होटल संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

### यह घटना बहुत चिंताजनक अभिभावक रखें नजरः मदन

मदन जोशी ने कहा कि स्कूली छात्राओं के होटल के कमरे में मिलना बेहद चिंताजनक है। कहा कि इससे पूर्व भी एस तरह की घटना रामनगर में हो चुकी है, उन्होंने कहां कि बच्चों के माता-पिता को जागरूक होने की जरूरत है ,जब तक माता-पिता जागरूक नहीं होंगे तब तक भटकाव की ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। मामले की जांच होनी चाहिए।

### मामले की संवेदनशीलता के साथ जांच जारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने होटल को सील कर दिया है और सीसीटीवी डीवीआर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि दोनों छात्राएं नाबालिग हैं, इसलिए पूरे मामले की संवेदनशीलता के साथ जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जल्दी हो गई थी स्कूल की छुट्टी

स्कूल घटना दस से ग्यारह बजे के बीच की है उस समय अधिकांश बच्चे विद्यालय से जा चुके थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि उनके विद्यालय में शनिवार को कंप्यूटर लैब का उद्घाटन था। इसलिए छोटे बच्चों की छुट्टी साढ़े नौ और दस बजे के बीच कर दी गई थी। छोटे बच्चों को इसकी सूचना व्हाट्सएप ग्रुप में दी गई थी। जबकि बड़े बच्चों को इस तरह की सूचना नहीं दी गई थी।

### हाईकोर्ट पहुंचा प्रेमी जोड़ा आरोपी युवक हिरासत में

**नैनीतालः** उत्तराखंड उच्च न्यायालय में सुरक्षा की गुहार लगाने पहुंचे पटियाला (पंजाब) के प्रेमी जोड़े के मामले में न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने लड़की को नारी निकेतन भेजने और युवक को पुलिस हिरासत में लेने के निर्देश दिए।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता लड़की नाबालिग है, जबकि युवक की आयु भी विवाह के लिए निर्धारित 21 वर्ष से कम है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार लड़की के पिता ने पटियाला जिले के राजपुरा सिटी थाने में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है। लड़की फिलहाल कक्षा 10 की छात्रा बताई गई है। कोर्ट ने मल्लीताल कोतवाली से दरोगा को तलब किया, जिस पर उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार कोर्ट में उपस्थित हुए। कोर्ट ने उन्हें लड़की को तत्काल हल्द्वानी नारी निकेतन भेजने के निर्देश दिए। साथ ही नारी निकेतन अधीक्षिका को आदेश दिया कि पिता के पहुंचने पर सत्यापन के बाद लड़की को सौंपा जा सके। वहीं युवक के संबंध में कोर्ट ने पंजाब पुलिस से संपर्क कर उसे हिरासत में सौंपने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने युवक की चचेरी बहन और एक अन्य व्यक्ति से अंडरटेकिंग लेने के भी निर्देश दिए।

# पहचान छुपाकर युवतियों का शोषण करने का आरोप

संवाददाता, भीमताल

- **लोगों ने कोतवाली में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की**

**अमृत विचारः** भीमताल में एक व्यक्ति पर पहचान छुपाकर कई युवतियों के साथ धोखाधड़ी, मानसिक, शारीरिक और आर्थिक शोषण करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस मामले में कई लोगों ने सामूहिक रूप से कोतवाली पहुंचकर तहरीर सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि बाईपास क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी वास्तविक पहचान छुपाकर कई युवतियों से संपर्क किया और उनसे संबंध बनाए। बाद में उसने अपना नाम मोहम्मद यूनुस बताया। आरोप है कि उसने पीड़ित युवतियों के धार्मिक विश्वास का अपमान किया, उन्हें धार्मिक आचरण से रोकने का प्रयास किया और आपत्तिजनक टिप्पणियां भी कीं।

तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने पीड़िताओं से महंगे सामान मंगवाए और उनसे करीब 17 लाख रुपये तक खर्च करवाए, जो आर्थिक शोषण की श्रेणी में आता है। शिकायतकर्ताओं ने आशंका जताई है कि आरोपी के अन्य युवतियों के साथ भी इसी प्रकार के संबंध हो सकते हैं। कई पीड़िताएं सामाजिक संकोच और लोकलाज के कारण सामने नहीं आ पा रही हैं, लेकिन वे संपर्क में रहकर अपनी पीड़ा व्यक्त कर रही हैं।

आरोप यह भी लगाया गया है कि संबंधित व्यक्ति ने मारपीट, जबरन अनुचित कार्य करवाने और अमानवीय व्यवहार किया। साथ ही यह आशंका भी जताई गई है कि उसके पास युवतियों की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो हो सकते हैं, जिनका दुरुपयोग किया जा सकता है। तहरीर देने वालों में भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष गौतम मटियाली, महामंत्री प्रिंस खनायत, एडवोकेट सुनीता पांडे, पूर्व मंडल महामंत्री शरद पांडे और भाजपा एससी मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष रवि कुमार शामिल रहे।

प्रभारी कोतवाल महेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

> मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच की जा रही है।
> **- महेन्द्र सिंह**, प्रभारी कोतवाल

# डंपर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, लोगों में रोष

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचारः** यहां गोला नदी मुख्य मार्ग पर शनिवार दोपहर डंपर ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल ग्रामीण ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।


कुंवर सिंह गड़िया। (फाइल फोटो)

घटना कार रोड बिंदुखत्ता के समीप गौला नदी मार्ग की है। शनिवार दोपहर कार रोड मुख्य बाजार के पास डंपर संख्या यूए 01-1728 के चालक ने इंद्रानगर द्वितीय बिंदुखत्ता निवासी साइकिल सवार कुंवर सिंह गड़िया को उस समय अपनी चपेट में ले लिया, जब वह बाजार से सब्जी खरीदकर अपने घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद कुंवर सिंह सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए। अत्यधिक रक्तस्राव से उनकी हालत गंभीर हो गई। मौके पर मौजूद लोगों और परिजनों ने उन्हें हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### स्कूटी खाई में गिरने से महिला पर्यटक घायल

**नैनीतालः** शहर के बारापत्थर क्षेत्र में शनिवार को दिल्ली से घूमने आए दो पर्यटक स्कूटी समेत खाई में जा गिरे। गनीमत रही कि स्कूटी एक पेड़ से टकराकर रुक गई, जिससे दोनों की जान बच गई।

दिल्ली निवासी जीशान अपनी मित्र देवयानी के साथ नैनीताल आए थे। शनिवार को दोनों स्कूटी से बारापत्थर क्षेत्र की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मोड़ पर स्कूटी सड़क से फिसलकर खाई की ओर जा गिरी। लोगों की सूचना पर पहुंचे पुलिस कांस्टेबल मनोज जोशी ने दोनों पर्यटकों को बाहर निकाला। हादसे में देवयानी के सिर पर चोट आई, जबकि जीशान को हल्की चोटें आईं।

# बेलबाबा मंदिर के पास गाय से टकराई स्कूटी, युवती की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बेलबाबा मंदिर के पास गाय से टकराने के बाद घायल स्कूटी सवार युवती की अस्पताल में मौत हो गई। हादसा गुरुवार रात हुआ। युवती सिडकुल से घर लौट रही थी।

पुलिस के अनुसार कमलुवागांजा हिम्मतपुर तल्ला निवासी श्रेया जोशी (24) पुत्री ओमप्रकाश जोशी रुद्रपुर सिडकुल से ड्यूटी कर देर रात घर लौट रही थी। इस बीच रामपुर रोड स्थित बेलबाबा मंदिर के पास अचानक सड़क पार कर रही गाय से उसकी स्कूटी टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर गई। इस बीच दिल्ली से हल्द्वानी आ रहे एक युवक ने सड़क पर गाय को पड़ा देखा। जब वह गाय को हटाने के लिए रुका तो सड़क किनारे युवती घायल अवस्था में पड़ी मिली। युवक ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी और युवती को अपनी गाड़ी से हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची, गंभीर चोटों के कारण युवती की मौत हो गई।

# लालकुआं में कार की टक्कर से ऑटो सवार महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बरेली-हल्द्वानी हाईवे पर बेतरतीब कट के पास एक बार फिर बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि एक ही परिवार के आठ लोग घायल हो गए।


हादसे के बाद पलटा ऑटो। • अमृत विचार

पुलिस के अनुसार, गफूर बस्ती निवासी शोएब भाई शाहरुख और अन्य परिजनों के साथ ऑटो संख्या यूके04टीबी2641 से लालकुआं की ओर जा रहा था। गुमटी के पास हाईवे पर बने कट को पार कर रही नेक्सॉन कार संख्या यूके04 एएन4247 से ऑटो की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो पलट गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ऑटो में चार बच्चों समेत कुल नौ लोग सवार थे। हादसे में गफूर बस्ती निवासी रोजी पत्नी शाहरुख की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि शाहरुख, उनके चार बच्चे अरहान, अर्श, उजैर और मन्नत के साथ ही शोएब, मुकद्दस और मेहरू बी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी शंकर नयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल हल्द्वानी के अस्पताल भेजा। स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अव्यवस्थित कटों को हादसों की बड़ी वजह बताते हुए प्रशासन से इन्हें व्यवस्थित करने की मांग की है।

**बैठक** | जनपद के प्रभारी मंत्री खजान दास की अध्यक्षता में 37 सरकारी विभागों के लिए बजट किया गया मंजूर

# जिला योजना में वर्ष 2026-27 के लिए 7018 .90 लाख रुपये मंजूर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनपद प्रभारी मंत्री खजान दास की अध्यक्षता में शनिवार को बागजाला स्थित प्रसार प्रशिक्षण केंद्र में बैठक हुई। इसमें वर्ष 2026-27 के लिए 37 सरकारी विभागों के लिए 7018.90 लाख की जिला योजना को सर्वसम्मति से अनुमोदन दिया गया।



बागजाला स्थित प्रसार प्रशिक्षण केंद्र में बैठक लेते प्रभारी मंत्री खजान दास। • अमृत विचार

जिला योजना बैठक में डीएम ललित मोहन रयाल ने बताया कि जिला योजना में सरकारी विभागों की ओर से जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव को प्रमुख प्रस्तावों में शामिल करते हुए पिछले वर्ष की चालू योजनाओं को पूर्ण करने के साथ ही वचन एवं रोजगार परख योजनाओं को प्रमुखता से शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले का बजट समानुपाती व प्रत्येक क्षेत्र के विकास के लिए प्रसारित किया है।

सीडीओ अरविंद कुमार पांडे ने सदन में विभागवार प्रस्तावित बजट अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया। इसमें कुल 37 विभागों को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट अनुमोदित किया गया।

जनपद प्रभारी मंत्री खजान दास ने सभी विभागों से आए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला योजना अंतर्गत प्राप्त धनराशि को समय पर शत प्रतिशत व्यय किया जाए। विकास कार्यों में पूर्ण मितव्ययिता, पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। स्वीकृत योजनांतर्गत आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत व्यय इसी वित्तीय वर्ष में करना अनिवार्य हो, इसका विशेष ध्यान रखना होगा। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी अधिकारी लापरवाही करेगा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जनपद प्रभारी मंत्री ने आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए श्री कैंचीधाम मंदिर के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे पार्किंग वगैरह समय से की जाए। स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल को विशेष प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों की उपस्थिति जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायत की गंभीरता पूर्वक लेते हुए समय पर समस्या व शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। काम नहीं करने वाले और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। धरातल पर कार्य दिखना चाहिए।

उन्होंने सड़कों को गड्ढामुक्त रखने के भी निर्देश सभी सड़क निर्माण एजेंसियों को दिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, जिपं अध्यक्ष दीपा दरमवाल, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, दायित्वधारी डॉ. अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य, नवीन वर्मा, ध्रुव रौतेला, भावना मेहरा, ओबीसी आयोग सदस्य जेडए वारसी आदि रहे।

### किस विभाग को कितनी धनराशि मिली

**जिला योजना की बैठक में कुल 70 करोड़ 18 लाख 90 हजार रुपए की जिला योजना को अनुमोदित किया गया।**

- लोक निर्माण विभाग- 10 करोड़
- जल संस्थान - 6 करोड़
- युवा कल्याण - 5 करोड़ 80 लाख
- सिंचाई विभाग - 4 करोड़ 25 लाख
- उद्यान विभाग - 4 करोड़
- पशुपालन विभाग - 3 करोड़ 10 लाख
- नलकूप का 3 करोड़ 12 लाख
- कृषि विभाग 2 करोड़ 40 लाख

# टेंपो चालक लाखों की स्मैक के साथ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस ने चौथी पास टेंपो चालक स्मैक तस्कर को पकड़ा है। उससे 54.80 ग्राम स्मैक बरामद हुई है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 16.44 लाख रुपये हैं। फिलहाल पुलिस ने तस्कर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शनिवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में सीओ अमित कुमार ने कहा कि काठगोदाम पुलिस को स्मैक तस्करी की सूचना मिली। इस पर एसओ विमल मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुंवरपुर बाईपास पर गौला नदी को जाने वाले कच्चे रास्ते पर चेकिंग की तो एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 54.80 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम दिलशाद (35) पुत्र हामिद निवासी इंद्रा नगर काबुल का गेट बनभूलपुरा बताया। जांच में पता चला कि वह चौथी पास है, पेशे से टेंपो चलाता है। वह बरेली के इज्जत नगर से स्मैक खरीद कर लाया था और यहां थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बेचता था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया।

### अब तक 4.15 करोड़ की स्मैक बरामद

**हल्द्वानी :** पुलिस ने जनवरी से अब तक 25 स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उनसे 1.385 किग्रा से अधिक की स्मैक बरामद हुई जिस की कीमत बाजार में 4.15 करोड़ से अधिक की कीमत है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर,
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# नैनीताल में भाजपाइयों ने किया कांग्रेस का पुतला दहन

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोक सभा मे पास न होने पर जताई नाराजगी, कांग्रेस पर लगाया बिल को पास नहीं होने देने का आरोप

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोक सभा मे पास न होने से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंत पार्क में कांग्रेस का पुतला दहन किया। पुतला दहन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है की भाजपा द्वारा लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था जिसके पास होने से महिलाओं को बराबर के अधिकार मिलते मगर कांग्रेस ने बिल को पास नहीं होने दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने सोची-समझी साजिश के तहत इस विधेयक को लोकसभा में गिरा दिया।

इसी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी नैनीताल मंडल द्वारा पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा, मंडल एवं जिला स्तर के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमिता शाह ने किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, कार्यकाल मंत्री भरत सिंह मेहरा, पंकज बरगली, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रितुल कुमार, मंडल महामंत्री युवराज सिंह करायत, मंडल उपाध्यक्ष आद्या जायसवाल, आईटी संयोजक पायल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मयंक पंत, उपाध्यक्ष कमल जोशी, मंत्री राहुल जोशी, वैभव अग्रवाल, फैजल, अनुसूचित मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष विजय कुमार, मंडल मंत्री विनय कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

महिला मोर्चा की ओर से मंडल महामंत्री मीरा बिष्ट, हेमलता पांडे, कविता त्रिपाठी, रश्मि सिराला, रेनू सिराला, नीरू पुजारी, ममता बढ़नी, उर्मिला बोरा, कुंती बोरा और हंसी समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अलावा लाल सिंह बिष्ट और विकास राठौर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए यह विधेयक अत्यंत आवश्यक था, लेकिन विपक्ष ने इसे पारित नहीं होने दिया, जो महिला हितों के खिलाफ है।



नैनीताल में शनिवार को कांग्रेस का पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## कांग्रेस का चरित्र हमेशा से महिला विरोधी: नितिन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला गया। भाजपा पदाधिकारियों ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और महिलाओं के सम्मान के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया।

मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के सशक्तिकरण में बाधा डालने वाला रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच आज भी महिलाओं को उनका उचित अधिकार और सम्मान देने के बजाय उन्हें पीछे रखने की रही है। महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमिता साह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी नकारात्मक सोच उजागर कर दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की महिलाएं इस मानसिकता का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में नारी सम्मान और सशक्तिकरण के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

यहां मंडल कार्यकारिणी मंत्री भारत सिंह मेहरा, पंकज बर्गली, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रितुल कुमार, मंडल महामंत्री युवराज सिंह करायत, मंडल उपाध्यक्ष आद्या जायसवाल, आईटी संयोजक पायल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मयंक पंत, कमल जोशी, राहुल जोशी, वैभव अग्रवाल, फैजल, मनोज कुमार, विजय कुमार, विनय कुमार सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी अमिता साह, मीरा बिष्ट, हेमलता पांडे, कविता त्रिपाठी रहे।

## गुलदार ने बकरी को बनाया निवाला

**कालाढूंगी:** रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज में गुलदार ने बौर नदी के किनारे एक बकरी को मार दिया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर गुलदार मृत बकरी को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। शनिवार सुबह लगभग 10 बजे वार्ड नंबर-1 निवासी बलवंत सिंह कार्की रोज की तरह बकरियां चराने घर से निकले थे।

इसी दौरान बौर नदी पार कर पहले से किनारे पर घात लगाए बैठे गुलदार ने बकरियों के झुंड पर हमला कर एक बकरी को मार डाला। इसके बाद बलवंत कार्की अन्य बकरियों को लेकर सुरक्षित लौट गए। घटना की सूचना वार्ड मेंबर रोहित बुढलकोटी ने वन विभाग को दी, जिसके बाद विभागीय कर्मचारी और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शोर-शराबे के कारण गुलदार मृत बकरी को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। वार्ड मेंबर बुढलकोटी ने वन विभाग से नियमित गश्त की मांग की है। डिप्टी रेंजर भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया गया है और मुआवजे की कार्रवाई की जा रही है।

# नैनीताल में स्थानांतरण पर न्यायिक अधिकारियों को दी विदाई

**नैनीताल:** जिला न्यायालय में तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश शुक्ला, सिविल जज (सीडी) हर्ष यादव और प्रथम अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट रुचिका गोयल के स्थानांतरण पर जिला बार एसोसिएशन की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया गया। सभी न्यायिक अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला जज प्रशांत जोशी ने कहा कि भले ही उनका इन अधिकारियों के साथ कार्यकाल कम रहा, लेकिन इनके कार्य के प्रति समर्पण और प्रतिभा सराहनीय रही। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण बिष्ट ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में बार और बेंच के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला। अपर जिला जज कुलदीप शर्मा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन, न्यायिक मजिस्ट्रेट स्नेहा नारंग पूर्व अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी, नीरज साह, दीपक रुवाली, डीजीसी पंकज बिष्ट, पंकज कुमार, सचिव संजय सुयाल और उर्वशी रावत आदि अधिवक्ता रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in



पांच सितारा होटलों में चयनित रिनेसां के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

## रिनेसां के छात्रों का हुआ शीर्ष होटलों में प्लेसमेंट

संवाददाता, रामनगर

- रिनेसां कॉलेज में शत प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित

**अमृत विचार:** हॉस्पिटैलिटी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए रिनेसां कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी, रामनगर ने इस वर्ष भी अपने छात्रों के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित कर एक उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि संस्थान की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता, सुदृढ़ प्रशिक्षण प्रणाली और इंडस्ट्री से मजबूत जुड़ाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

इस वर्ष कॉलेज के मेधावी छात्रों ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित 5-स्टार होटलों में चयन पाकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बिपेंद्र का चयन फ्रांस के नामी होटल में हुआ है, जबकि मयंक नेगी को ओबेरॉय उदयविलास, उदयपुर में स्थान मिला है। प्रशांत सजवान, अदिति ठाकुर और आशीष रावत का चयन ग्रैंड हयात, गुरुग्राम में हुआ है। वहीं मोहित गोला और तेजपाल सिंह को द ग्रैंड, नई दिल्ली में नियुक्ति मिली है। इसके अतिरिक्त आदित्य ठाकुर और मनोज बोरा ने आईटीसी मुगल, आगरा में स्थान प्राप्त किया है, जबकि अभिषेक रावत और निखिल रावत को द इम्पीरियल, नई दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित होटल में अवसर मिला है। अन्य छात्र-छात्राओं का भी चयन देश के विभिन्न नामी फाइव स्टार होटलों में हुआ है।

संस्थान के प्रबंध निदेशक आलोक गुसाईं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि प्रत्येक छात्र को एक सफल और आत्मनिर्भर प्रोफेशनल बनाना है। उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत प्लेसमेंट संस्थान के समर्पित प्रयासों और छात्रों की मेहनत का परिणाम है।



रामनगर में कंप्यूटर लैब का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

## एमपी हिन्दू इंटर कॉलेज में कंप्यूटर लैब स्थापित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** केवीएस प्रीमियर फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब काशीपुर व बरेली के सहयोग से एमपी हिन्दू इंटर कॉलेज में 4 इंटरएक्टिव पैनल और 14 कंप्यूटरों की सुसज्जित कंप्यूटर लैब तैयार की गई है।

विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेमचंद्र पांडे ने बताया कि कंप्यूटर लैब का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं विशिष्ट अतिथि केवीएस लिमिटेड के पीडीजी देवेंद्र अग्रवाल, पीडीजी पवन अग्रवाल तथा रोटरी क्लब के रवि प्रकाश अग्रवाल, किशोर कटरू और सीए विनय कृष्णा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि नई कंप्यूटर लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान बेहतर ढंग से प्राप्त होगा, जिससे उनके भविष्य निर्माण में सहायता मिलेगी। के.वी.एस. फाउंडेशन के प्रभारी एवं रोटरी क्लब के अध्यक्ष ने विद्यालय को आगे भी इसी प्रकार सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, प्रबंधक विनय जिंदल, उपप्रबंधक अनिल जिंदल, प्रधानाचार्य संजीव शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रभाकर पांडे, मेवालाल, चेतन स्वरूप, शिवेंद्र चंद, सीएस मिश्रा, गौरव शर्मा रहे।

सिटी ब्रीफ

## सुबह 10 से शाम 5:30 तक बिजली गुल

**हल्द्वानी :** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को निर्धारित शटडाउन के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऊर्जा निगम की ओर से जारी रोस्टर के अनुसार आज दो–नहरिया, सेंट पॉल स्कूल क्षेत्र, काठगोदाम टाउन, कठघरिया, बिठौरिया, बाजार क्षेत्र और मंडी क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 :30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। ऊर्जा निगम के अधिकारियों के अनुसार नहर के पुनर्निर्माण कार्य और बिजली लाइनों के पास बढ़ी पेड़ों की टहनियों की छंटाई के चलते यह शटडाउन किया गया। ऊर्जा निगम के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत ही शटडाउन किया जा रहा है।

## नैनीताल में फरार वारंटी गिरफ्तार

**नैनीताल :** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने संतोष कुमार, निवासी ग्राम गहलना तोक सिलमोड़िया को नैनीताल के मनु महारानी चौराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 171, 174 तथा आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मामला दर्ज है। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

# रामड़ी जसुवा के ग्रामीणों ने किया जल निगम के अधिकारियों का घेराव

### 12 दिन बाद भी ट्यूबवेल ठीक न होने से भड़के लोग, जल्द आपूर्ति न होने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रामड़ी जसुवा गांव में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। पिछले 12 दिनों से मुख्य नलकूप ठप होने के कारण करीब 5 हजार से अधिक आबादी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। विभागीय अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को जल निगम के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सहायक अभियंता अनिल कुमार और कनिष्ठ अभियंता फरहान अंसारी का घेराव कर जमकर नारेबाजी की।



रामड़ी जसुवा में जल संकट को लेकर जल निगम अधिकारियों का घेराव करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

ग्रामीणों का कहना है कि नलकूप खराब होने से पूरे गांव की जलापूर्ति ठप हो गई है। प्रशासन की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण लोग निजी टैंकरों से पानी मंगवाने को मजबूर हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में नलकूपों का सर्किट बनाया गया था, ताकि एक नलकूप खराब होने पर दूसरे से जलापूर्ति हो सके। लेकिन करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यह व्यवस्था धरातल पर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि कागजों में योजनाएं पूरी दिख रही हैं, जबकि जमीनी स्तर पर लोग पानी के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जल निगम का कार्यालय भीमताल में होने के कारण अधिकारी केवल बिल वसूली के लिए ही क्षेत्र में पहुंचते हैं। साथ ही नलकूप ऑपरेटरों की नियुक्ति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि बिना जांच और ग्रामीणों की सहमति के गुपचुप तरीके से नियुक्तियां की गई हैं, जिससे तकनीकी समस्याएं बढ़ रही हैं।

#### ऑपरेटरों को हटाओ और पानी दो

ग्रामीणों ने जल निगम को पत्र लिखकर बिना सहमति तैनात किए गए ऑपरेटरों को तत्काल हटाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द पेयजल व्यवस्था सुचारु नहीं की गई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## मेयर ने वार्ड 37 में ली पेयजल समस्या की जानकारी

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** नगर निगम हल्द्वानी के मेयर गजराज सिंह बिष्ट शनिवार को वार्ड 37 पहुंच लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चौफुला व उसके आसपास के क्षेत्र में रह रहे लोगों की पेयजल व अन्य समस्याओं को भी सुना।

पार्षद प्रतिनिधि हृदयेश कुमार ने उन्हें बताया कि स्थानीय लोग लंबे समय से पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। संबन्धित विभाग से शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। जिस पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने एडीबी व जल संस्थान के अधिकारियों को मौके पर बुला कर समस्या के लिए ठोस कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ ही जल संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। बाद में उन्होंने वार्ड के आंतरिक मार्ग मल्ला मित्रपुरम व मल्ला चौफुला चौराहे का निरीक्षण किया व सड़क की स्थित को सुधारने के साथ ही लोगों की जल भराव की समस्या को दूर करने को कहा। इस दौरान भाजपा नेता पनराम समेत क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

# हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कुलदीप शर्मा की अदालत ने भवाली क्षेत्र में दिसंबर 2021 में हुई नवीन चन्द्र आर्या हत्याकांड में अहम फैसला सुनाते हुए तीनों मुख्य अभियुक्तों को दोषी ठहराया है। अदालत ने मोहित कुमार आर्या, आकाश सिंह और नीलेश कुमार आर्या को आईपीसी की धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार, घटना 20-21 दिसंबर 2021 की रात तिरछाखेत मार्ग स्थित नैनीबैंड के पास हुई थी। मृतक के भाई राजेन्द्र प्रसाद ने थाना भवाली में तहरीर देकर आपसी रंजिश के चलते मोहित और उसके साथियों पर संदेह जताया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 दिसंबर को ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, तब से वे न्यायिक हिरासत में थे। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) राम सिंह रौतेला ने पैरवी की और 13 गवाह अदालत में पेश किए। इनमें सबसे अहम गवाही मोहित के रिश्तेदार राहुल आर्या की रही। राहुल ने बताया कि घटना की रात करीब डेढ़ बजे तीनों आरोपी उसके घर पहुंचे थे और उनके कपड़ों व जूतों पर खून के धब्बे थे। उसने यह भी कहा कि आरोपी आकाश ने उसे मोबाइल पर एक वीडियो दिखाया था, जिसमें तीन लोग एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई कर रहे थे।

विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट में भी पुष्टि हुई कि आरोपियों के कपड़ों पर लगा खून घटनास्थल से बरामद खून से मेल खाता है। हालांकि अदालत ने पुलिस की बरामदगी प्रक्रिया में कुछ खामियां भी पाईं। साक्ष्यों और विशेषकर राहुल आर्या की गवाही, घटना के बाद आरोपियों के आचरण और एफएसएल रिपोर्ट को आधार मानते हुए अदालत ने तीनों अभियुक्तों को नवीन चन्द्र आर्या की हत्या के मामले मे आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# नियमों की अनदेखी, जंगल में घुसे पर्यटक

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** रामनगर वन प्रभाग के भंडारपानी–पाटकोट मार्ग पर पर्यटकों की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां कुछ युवक वाहन जंगल के अंदर खड़ा कर टहलते नजर आए। सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आ गया।

रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत आने वाले भंडारपानी-पाटकोट मार्ग पर इन दिनों पर्यटकों की लापरवाही चिंता का विषय बनती जा रही है। ताजा मामला तब सामने आया, जब उत्तर प्रदेश से आए चार-पांच युवक अपनी गाड़ी जंगल के अंदर खड़ी कर स्वयं भी भीतर घूमते नजर आए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद वनकर्मी तुरंत मौके के लिए रवाना हुए। बता दें कि यह इलाका वन्यजीवों की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है,



बिना अनुमति के जंगल में घुसे पर्यटक। ● अमृत विचार

जहां अक्सर बाघ, हाथी समेत कई खतरनाक जानवरों की आवाजाही बनी रहती है। रामनगर वन प्रभाग के रेंज अधिकारी शेखर तिवाड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिलते ही विभाग की टीम को मौके पर भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह का कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह पर्यटकों की जान के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जंगल के अंदर बिना अनुमति प्रवेश करना सख्त मना है। ऐसे मामलों में वन्यजीवों के हमले का खतरा बना रहता है, जिससे गंभीर हादसे हो सकते हैं। साथ ही, इससे वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में भी बाधा उत्पन्न होती है। वन विभाग के अनुसार पर्यटकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरहेड टैंकों में डिजिटल सिस्टम से रुकेगा ओवरफ्लो

संवाददाता, हल्द्वानी

● डिजिटल वाटर लेवल इंडिकेटर लगाने की शुरुआत

**अमृत विचारः** जल संस्थान ने शहर के 12 ओवरहेड टैंकों में डिजिटल वाटर लेवल इंडिकेटर लगाने की शुरुआत कर दी है। इस नई व्यवस्था से टैंकों में पानी के स्तर की सटीक जानकारी समय रहते मिल सकेगी और ओवरफ्लो होने से पहले ही आवश्यक कदम उठाए जा सकेंगे।

जल संस्थान के ईई आरस लोशाली ने बताया कि डिजिटल वाटर लेवल इंडिकेटर टैंक के भरने से पहले ही सिग्नल जारी कर देगा, जिससे पानी की अनावश्यक बर्बादी को रोका जा सकेगा। इन सभी उपकरणों को जल संस्थान के कार्यालय में स्थापित कंप्यूटर सिस्टम से जोड़ा गया है, जिससे कर्मचारी रियल टाइम में पानी के स्तर की निगरानी कर सकेंगे। इस तकनीक के लागू होने से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि जलापूर्ति व्यवस्था को भी अधिक प्रभावी और नियंत्रित बनाया जा सकेगा। ईई लोशाली ने बताया कि इस पहल से शहर में पानी की बचत के साथ-साथ वितरण प्रणाली में भी सुधार आएगा।

# मंत्री दास ने सामुदायिक केंद्र को दी मंजूरी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री व नैनीताल जनपद के प्रभारी मंत्री खजान दास का शनिवार को नगर निगम में मेयर गजराज बिष्ट ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मेयर ने वार्ड संख्या 27 और 14 में सामुदायिक केंद्र निर्माण, पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली 100 अनुसूचित छात्राओं के लिए आधुनिक छात्रावास निर्माण और वार्ड 36 स्थित अंबेडकर पार्क भवन के प्रथम तल पर ऑडिटोरियम निर्माण का प्रस्ताव शामिल रहा।



कैबिनेट मंत्री खजान दास का नगर निगम में स्वागत करते मेयर गजराज बिष्ट।

मंत्री खजान दास ने इस पर सैद्धांतिक सहमति देते हुए आश्वासन दिया कि शीघ्र ही छात्रावास का शिलान्यास किया जाएगा, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को सुरक्षित व बेहतर आवासीय सुविधा मिल सकेगी। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है। मेयर ने कहा कि निगम क्षेत्र में सामुदायिक केंद्रों और ऑडिटोरियम जैसे आधारभूत ढांचे के निर्माण से सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इधर, खजान दास ने पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की।



सिंथिया स्कूल में हुए कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रधानाचार्य प्रवींद्र रौतेला, शिक्षक व विद्यार्थी।

## श्रीलंका में अंतर्राष्ट्रीय जू-जित्सू चैंपियनशिप में जीते छह स्वर्ण पदक, स्कूल में किया गया सम्मानित

**हल्द्वानी :** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय जू–जित्सू चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर लौटे एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया गया। स्कूल के तीन कैडेट्स ने श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित प्रतियोगिता में कुल छह स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित दक्षिण एशिया जू– जित्सू चैंपियनशिप में सात देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत की ओर से 68 खिलाड़ी शामिल हुए, जिनमें उत्तराखंड के सात खिलाड़ियों में तीन सिंथिया स्कूल के थे। सीनियर विंग की रिधिमा नेगी ने 45 किग्रा भार वर्ग में नेवाजा और फाइटिंग में दो स्वर्ण पदक जीते। वहीं नमन मेहरा और अविघ्न नेगी ने भी एक–एक श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किए। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने तीनों को 5101 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

# चलती स्कूटी से महिला को गिराया, छेड़छाड़ की

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पनचक्की–जमरानी रोड क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट, छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पीड़ित महिला और स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित महिला की मां वार्ड नंबर-19, रामपुर रोड क्षेत्र में रहती हैं। महिला और उसकी मां ने पूरी घटना की जानकारी उन्हें और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा को दी। उन्होंने बताया कि बीती 14 अप्रैल को महिला अपनी पांच वर्षीय पुत्री के साथ स्कूटी से पनचक्की–जमरानी रोड से गुजर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान तीन युवकों ने चलती स्कूटी पर लात मारकर महिला को गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने महिला के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

आरोप है कि युवकों ने महिला को धमकाया कि यदि उसने कानूनी कार्रवाई की तो उसे और उसकी बेटी को जान से मार देंगे। बताया जा रहा है कि पूरी घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में तीनों युवक महिला से मारपीट, छेड़खानी और धमकी देते साफ दिखाई दे रहे हैं। हल्द्वानी कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आयुक्त ने लिया संज्ञान, तब अप्रूव हुआ लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

● आयुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं पर सुनवाई की

**अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने भूमि विवाद, अवैध निर्माण, धोखाधड़ी, अतिक्रमण, पारिवारिक विवाद समेत कई शिकायतों का त्वरित निदान किया।


आयुक्त रावत को भवाली निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया था कि द्रोण कॉलेज आफ फार्मेसी रुद्रपुर से डीफार्मा किया था। इसके बाद ड्रग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन किया लेकिन बार-बार आवेदन निरस्त हो रहा है जबकि उन्होंने सीएमओ से भी शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हुआ था। आयुक्त के संज्ञान



मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन सुनवाई करते आयुक्त दीपक रावत।

लेने के बाद 17 अप्रैल को उसका लाइसेंस अप्रूव हो गया। मंगल पड़ाव निवासी विद्यावती ने बताया कि उसका पति स्व. राजेश कुमार निजी कंपनी ट्रिबकुल में विगत 15 वर्षों से काम कर रहा था। 26 दिसंबर 2025 को हृदय गति रुकने से पति की मृत्यु हो गई। कंपनी मालिक ने पिछले 2 वर्ष से पति की सैलरी नहीं दी है। उन्होंने आयुक्त से सैलरी दिलवाने की मांग की। रामनगर निवासी पार्वती रावत ने बताया कि 2008 में 750 वर्ग फीट जमीन चंदन सिंह बिष्ट से खरीदी थी जिसकी चहारदीवारी 2010 में की लेकिन रामनगर निवासी प्रताप सिंह रावत का कहना है कि उस जमीन की रजिस्ट्री उसके नाम भी है।

आयुक्त ने तहसीलदार को संबंधित जमीन की जांच कर वस्तुस्थिति बताने के निर्देश दिए। माया जोशी निवासी बरेली रोड ने बताया कि उसकी पुत्री 9वीं और पुत्र 6वीं कक्षा में निर्मला कान्वेंट स्कूल में पढ़ते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण दोनों बच्चों की कुल फीस 67,550 जमा नहीं कर पाए हैं जिसे शीघ्र जमा कर दिया जाएगा। इस पर आयुक्त ने स्कूल प्रबन्धक से वार्ता कर मौके पर समस्या का समाधान किया।



## संगठन की बैठक कल

**खटीमा :** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश तिवारी ने कहा है कि क्षेत्र के समस्त चिन्हित एवं वंचित राज्य आंदोलनकारियों तथा पेंशन से वंचित भूतपूर्व सैनिकों को लेकर 20 अप्रैल को बैठक आहूत की गई है।


**उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लि० कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज, ऊधमसिंह नगर**

पत्रांक : 1236/ वि०वि०ख०(ख०) दिनांक : 18/04/2026

**विद्युत बाधित सूचना**

उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड सितारगंज द्वितीय के कार्यालय पत्रांक 158 वि०वि०उप०ख० (सि०) द्वितीय दिनांक 17/04/2026 के क्रम में दिनांक 19.04.2026 को 33/11 नानकमत्ता उपसंस्थान का शट डाउन चाहा गया है। 33/11 के०वी० नानकमत्ता उपसंस्थान में आर०डी०एस०एस योजना के अन्तर्गत बी०सी०वी० का प्रतिस्थापन एवं रख-रखाव का कार्य प्रस्तावित है उपरोक्त क्रम में 33/11 के०वी० उपसंस्थान नानकमत्ता से पोषित समस्त श्रेणी के सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.04.2026 को समय प्रातः 09:00 बजे से 17:00 तक नानकमत्ता उपसंस्थान से पोषित क्षेत्र के समस्त श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति आंशिक / पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

कृपया सूचना जानें एवं उक्त समय पर अपने स्तर से वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें। असुविधा के लिये खेद है।

(ई० सी० एस० बस्नेत)
अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड उपाकालि
सितारगंज


# सिडकुल में भी उठने लगी वेतन वृद्धि की मांग

## दो कंपनियों के श्रमिकों ने कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन, जल्द वेतन वृद्धि नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नोएडा स्थित कंपनियों में उठी वेतन वृद्धि की मांग सिडकुल की कंपनियों में भी उठने लगी है। इसको लेकर मजदूरों ने कार्य बहिष्कार कर कंपनी गेट पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन फानन में श्रम विभाग भी मौके पर पहुंचा। घंटों की मशक्कत के बाद भी श्रमिक नहीं बने। आक्रोशित श्रमिकों ने कहा कि जब तक मानदेय वृद्धि नहीं हो जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

शनिवार सुबह साढ़े छह बजे अचानक सिडकुल की एजाकी इंडिया कंपनी, वेलराइस प्राइवेट कंपनी के हजारों श्रमिक कार्य बहिष्कार कर अपने-अपने कंपनी गेट पर पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। श्रमिकों ने मानदेय बढ़ाने का मुद्दा उठाया और नारेबाजी करते हुए अपनी आवाज को बुलंद करना शुरू कर दिया। मजदूरों के आक्रोश की भनक लगते ही थाना पंतनगर प्रभारी नंदन सिंह रावत, सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट और सहायक श्रमायुक्त अरविंद सैनी भी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने श्रमिकों को समझाने का भरकस प्रयास किया। श्रमिकों का कहना था कि पिछले लंबे समय से श्रमिक प्रताड़ना का दंश झेल रहे हैं। वहीं कंपनी प्रबंधन महज 11200 का मानदेय देकर घंटों काम करवा रहा है। उन्होंने ऐलान किया कि 21000 मानदेय नहीं होने तक श्रमिक काम पर वापस नहीं जाएंगे। एहतियात के तौर पर आंदोलनरत स्थल पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।



कंपनी गेट पर कार्य बहिष्कार कर बाहर खड़े श्रमिक। ● अमृत विचार



तैनात पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

### क्या उद्योगों में फैल सकती है चिंगारी

**रुद्रपुर :** मानदेय बढ़ाने का मुद्दा अभी तक नोएडा के उद्योगों तक ही सीमित था, लेकिन जिस प्रकार शनिवार की सुबह अचानक सिडकुल की दो कंपनियों में श्रमिकों का उग्र आंदोलन को देखने को मिला। वहीं श्रमिक नेता भी सक्रिय हो गए है। चर्चा है कि श्रमिक नेताओं ने सिडकुल की अन्य कंपनियों के श्रमिक यूनियन से संपर्क करना शुरू कर दिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि यदि श्रमिक यूनियन संगठित हो गई तो सिडकुल के उद्योगों में मानदेय बढ़ाने की चिंगारी फैल सकती है और उद्योगों में अशांति का माहौल पैदा हो सकता है। जिसको लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन भी अलर्ट है और श्रम विभाग डैमेज कंट्रोल में जुट गया है।

### क्या बोले श्रमिक



वह पिछले लंबे समय से सिडकुल की कंपनी में काम कर रहा है। प्रबंधन 11200 रुपये परिश्रम देता है। श्रमिकों का एक सूत्रीय अहम मुद्दा है कि मासिक मानदेय 21000 किया जाए, जबकि वह पिछले लंबे समय से यूनियन के माध्यम से वेतन वृद्धि को लेकर वार्ता कर रहे हैं और प्रबंधन महज आश्वासन देता आ रहा है। नोएडा श्रमिक आंदोलन का मुद्दा भी यही था, लेकिन अब श्रमिक अपने अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे और मानदेय बढ़ाने का मुद्दा उठाते हुए आंदोलन की रणनीति बनाएगा।
**–सचिन कुमार**, श्रमिक



सिडकुल कंपनी प्रबंधन ने श्रमिकों को कोई सुविधा नहीं जाती है। पेयजल व खानपान की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। आवाजाही की कोई सुविधाजनक वाहन नहीं है। इसके अलावा कई वर्षों से कम मानदेय पर काम किया जाता है, जबकि लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय हो रही है। ऐसे में श्रमिकों का एक ही अहम मुद्दा है कि 21000 मानदेय किया जाए। कारण कंपनियों में अस्थाई मजदूर काम कर रहे हैं। जिनकी बदौलत कंपनी मुनाफा भी प्राप्त कर रही है। मांग पूरी नहीं होने तक आवाज उठाई जाएगी। **–कविता**, श्रमिक

# कुविवि की 23 सदस्यीय जू-जित्सु टीम भोपाल रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की 23 सदस्यीय जू-जित्सु टीम शनिवार को ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जू-जित्सु प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भोपाल रवाना हो गई। जिला जू-जित्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

यह प्रतियोगिता 20 से 24 अप्रैल तक भोपाल स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित की जाएगी। टीम कोच ऋषि पाल भारती के नेतृत्व में जा रही इस टीम में 13 महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। अध्यक्ष चुघ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी अनुशासन और टीम भावना के साथ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय व उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन करेंगे। महिला टीम में शिवानी, कौशल्या, खुशबू और पुरुष टीम में क्षितिज, शशांक, रुद्राक्ष सहित कुल 23 प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार और महासचिव विनय कुमार जोशी मौजूद रहे।



खिलाड़ियों को रवाना करते जिला जु-जित्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष चुघ।

### सितारगंज मार्ग के चौड़ीकरण का 15 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा

**खटीमा :** मुख्य चौराहे से थारू विकास भवन तक मार्ग के चौड़ीकरण की स्वीकृति मिल चुकी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका 15 करोड़ का एस्टीमेट सरकार को भेजा गया है। नगर सीमा के अंतर्गत प्रत्येक मार्ग के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण तथा कोतवाली के सामने से आजाद मार्केट, सब्जी व मछली मंडी होते हुए टनकपुर रोड जामा मस्जिद तक मिलाने की प्रस्तावित योजना में यह एक प्रमुख कार्य है। पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि थारू विकास भवन तक मार्ग को फोरलेन एवं सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए फंडिंग की व्यवस्था भी मुख्यमंत्री स्तर पर हो चुकी है। यह भी कहा कि मुख्य चौराहे से थारू विकास भवन तक विद्युत लाइन पीछे शिफ्ट करने का कार्य अंतिम चरण में है।

# अल्ट्रासाउंड व आईवीएफ केंद्रों का किया निरीक्षण

- टीम ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के कागजातों को खंगाला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 का उल्लंघन करने वालों को अब किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी व समुचित प्राधिकारी डॉ.केके अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की पीसीपीएनडीटी टीम ने रुद्रपुर ब्लॉक के चार पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों और एक आईवीएफ केंद्र का निरीक्षण किया।

शनिवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ.एसपी सिंह के नेतृत्व में डॉ. नम्रता सिंह, जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी प्रदीप महर, अधिशासी सहायक गोपाल आर्य ने केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने फुटेला हॉस्पिटल, फुटेला आईवीएफ सेंटर, बीडी. पाठक हॉस्पिटल, जीवनदीप डायग्नोस्टिक सेंटर एवं न्यूरो अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अधिनियम की धारा 4, 5, 6, 18, 20, 22, 23 एवं नियम 9, 10 के तहत एक-एक दस्तावेज को खंगाला। इसके अलावा टीम ने फॉर्म-एफ में छोटी-छोटी गलती, मरीजों के अभिलेखों में ओवरराइटिंग, बिना रेफरल स्लिप के यूएसजी, रजिस्टर में कटिंग, मशीनों का भौतिक सत्यापन और धारा 22 के तहत अनिवार्य चेतावनी बोर्ड लिंग परीक्षण कराना एवं करवाना कानूनी अपराध है –जेल होगी की गहन जांच की। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ.सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह सभी संचालकों को अंतिम चेतावनी है। इसके बाद पीसीपीएनडीटी एक्ट की धारा 23(1) के तहत पहली गलती पर 3 साल की सश्रम कैद और 50 हजार जुर्माना, धारा 23(2) के तहत दोबारा पकड़े जाने पर 5 साल की सश्रम कैद और एक लाख जुर्माना होगा। साथ ही धारा 20 के तहत रजिस्ट्रेशन तत्काल निलंबित कर धारा 30 के तहत मशीनें जब्त कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि लिंग बताने वाले डॉक्टर का मेडिकल लाइसेंस भी रद्द किया जाएगा।



अल्ट्रासाउंड केंद्रों में कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### लिंगानुपात बिगाड़ने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस, जीरो मर्सी की नीति लागू

**रुद्रपुर :** जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ.सिंह ने कहा जिले में लिंगानुपात बिगाड़ने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस, जीरो मर्सी की नीति लागू है। जनता के लिए खुली चेतावनी है कि यदि कोई डॉक्टर, दलाल, आशा, एएनएम या रिश्तेदार लिंग परीक्षण के लिए उकसाता है या पैसे मांगता है तो उसकी वीडियो व ऑडियो बनाकर सीएमओ कार्यालय या पीसीपीएनडीटी सेल को दें। सूचना देने वाले को इनाम दिया जाएगा व नाम पूर्णत: गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि लिंग परीक्षण गैर-जमानती अपराध है इसमें सीधी जेल होगी। बेटी को कोख में मत मारो–जेल जाने को तैयार रहो।

## मृतक के बच्चों को मिलेगा 71.39 लाख का मुआवजा

**रुद्रपुर :** मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने दो वर्ष पूर्व हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायाधीश मुकेश चंद्र आर्य की अदालत ने मृतक दंपति के बेसहारा हुए दो बच्चों के पक्ष में बीमा कंपनी को 71.39 लाख रुपये का सड़क हादसा दावा (क्लेम) भुगतान करने का आदेश दिया है। यह मामला 28 मार्च 2022 का है, जब नगला निवासी अमित सक्सेना अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बरेली जा रहे थे। किच्छा-पंतनगर रोड पर गोकुल नगर के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में अमित और उनकी पत्नी दीप्ति की मौत हो गई थी, जबकि उनके दो बच्चे सार्थक व जान्हवी घायल हो गए थे। मृतक के भाई रूपम सक्सेना द्वारा दायर चार याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने माना कि हादसा कार चालक की लापरवाही से हुआ था।


**गर्मी से कैसे करें अपना बचाव?**



**✓ क्या करें?**
- पर्याप्त तरल पदार्थों का सेवन करें।
- शरीर को ढके, ढीले एवं हलके रंग के कपड़े पहनें।
- तीव्र धूप को कमरे के अन्दर आने से रोकें।
- दिन में 12:00 बजे से 04:00 बजे तक कमरें के भीतर ही रहें।

**⊗ क्या न करें**
- भारी कार्य जैसे कसरत इत्यादि न करें।
- धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अकेला न छोड़ें।
- शराब, चाय, कॉफी अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ और गैस वाले पेय पदार्थ का सेवन न करें।
- दिन में 02:00 बजे से लेकर 04:00 बजे के बीच में खाना बनाने से बचें।
- धूप में नंगे पाव न चलें।
- दिन में 12:00 बजे से 04:00 बजे तक बाहर जाने से बचें।

अधिक जानकारी हेतु आप कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दूरभाष संख्या 05944-250100 या 250101 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

National Programe for Climate Change and Human Health (NPCCHH)
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डॉ० के०के० अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर
श्री नितिन सिंह भदौरिया (IAS), जिला अधिकारी, उधम सिंह नगर

**कार्यालय मुख्य चिकितसा अधिकारी, उधम सिंह नगर**

पत्रांक : एन०पी०सी०एच०एच०/गर्मी/आई०ई०सी०/2026-27/420 दिनांक : 18-04-2026


### झोपड़ी में आग लगने से हजारों का सामान राख

**किच्छा :** कोतवाली अंतर्गत हल्द्वानी मार्ग पर एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और झोपड़ी में रखा सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया और आग को निकट स्थित अन्य झोपड़ियों तक पहुंचने से रोक दिया। जानकारी के अनुसार एमडीटी के माध्यम से दमकल टीम को सूचना मिली कि एचपीएससी स्कूल के सामने झोपड़ी में आग लग गई है।

# भाजपा नेता के बेटे पर हमला, बनाया बंधक

संवाददाता, रुद्रपुर

- पेट्रोल पंप मालिक के बेटे पर है आरोप
- कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में एक पेट्रोल पंप मालिक के बेटे पर भाजपा नेता के बेटे पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हाथापाई की वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई का मुद्दा उठाया।

शनिवार को भाजपा नेता वसुंधरा कॉलोनी निवासी नरेश सागर ने बताया कि 18 अप्रैल की सवा 11 बजे बेटे प्रिंस सागर का दोस्त देहरादून से आ रहा था। बेटा उसे लेने बाइक से इंदिरा चौक चला गया और दोस्त की प्रतीक्षा कर रहा था। इस बीच इंदिरा चौक पेट्रोल पंप मालिक का बेटा कार बैक करता हुआ आया और बेटे से गाली गलौज करने लगा।

बेटे ने सभ्य तरीके से ऐतराज किया तो आरोपी ने पंप कर्मियों के साथ मिलकर बेटे को खींचकर कार्यालय में ले गए और हाथापाई करते हुए जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। इसी दौरान बेटे के परिचित कुछ दोस्तों ने देखा और बेटे की जान बचाई। हाथापाई की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। भाजपा नेता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 18.3 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना पंतनगर और कोतवाली पुलिस ने रात्रि चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में स्मैक बरामद करते हुए दो सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

थाना पंतनगर की सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट पुलिस टीम के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इस बीच डीएम कार्यालय के समीप स्थित पानी की टंकी के पीछे एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आवास विकास निवासी वंशज मखीजा बताया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 14.46 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमत चार लाख रुपये आंकी गई है। दूसरी कार्रवाई में कोतवाली पुलिस के दरोगा चंदन सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ रात्रि चौकसी कर रहे थे कि दूधिया नगर जाने वाले मोड़ पर एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस ने युवक को पकड़ा और तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 4.34 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम राजा राजपूत निवासी दूधिया नगर बताया। उन्होंने बताया कि वह लालपुर के रहने वाले एक युवक से स्मैक लाता है और महंगे दामों पर नशेड़ियों को मुहैया कराता है।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, नैनीताल रोड़, तिकोनिया हल्द्वानी (नैनीताल)-263139,
फोन एवं फैक्स : 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

**विद्युत उपभोक्ताओं हेतु राजस्व शिविर सूचना (माह : अप्रैल 2026)**

हल्द्वानी नगर खण्ड के अन्तर्गत आने वाले समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत का अवैध प्रयोग रोकने / विद्युत बिलों की समस्या का निस्तारण एवं विद्युत देयों की वसूली करने हेतु एक वृहद अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बकायादारों के संयोजनों का प्रभावी विच्छेदन, खराब मीटरों को बदलने एवं गलत बिलों को ठीक करने तथा नये संयोजन को स्वीकृत करने आदि की कार्यवाही हेतु शिविरों का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निम्नलिखित तिथियों में किया जा रहा है।

| दिनांक एवं दिन | श्री उज्वल कुमार भाष्कर, उपखण्ड अधिकारी (प्रथम),वि०वि० उपखण्ड, सुभाष नगर, हल्द्वानी (मोबाईल नं0 9411113020) | श्री मनीष जोशी, उपखण्ड अधिकारी (द्वितीय),वि०वि० उपखण्ड, के.डी. चौराहा, हल्द्वानी (मोबाईल नं0 9412093115) |
|---|---|---|
| 20.04.2026 (सोमवार) | निकट जैम फैक्ट्री, टनकपुर रोड | लाल इन्टर कॉलेज, गली नं० 17 आजाद नगर |
| | कॉलटैक्स, काठगोदाम | मण्डी गेट, बरेली रोड, हल्द्वानी |
| 21.04.2026 (मंगलवार) | धोबीघाट, राजपुरा | निकट बड़ी मस्जिद, इन्द्रा नगर |
| 22.04.2026 (बुधवार) | वैलाजॉली लॉज, निकट मन्दिर | मयूर विहार, निकट धान मिल |
| | ब्यूरा खाम, काठगोदाम | |
| 23.04.2026 (गुरुवार) | वारसी कॉलोनी, टनकपुर रोड | निकट मामू ट्रांसपोर्ट, गली नं-1 बनभूलपुरा |
| | हाईडिल गेट, काठगोदाम | निकट नमरा मस्जिद, उजाला नगर |
| 24.04.2026 (शुक्रवार) | इलाईट स्कूल, गौलापार | निकट जैन मन्दिर, रेलवे बाजार |
| | नरीमन चौराहा, काठगोदाम | |
| 25.04.2026 (शनिवार) | कालीचौड़ मन्दिर गेट, गौलापार | निकट ईशाक तेल मिल, ला०न० 8 |
| | आदर्श पब्लिक स्कूल, कैनाल रोड | निकट हिमालय स्कूल, गौजाजाली |
| 27.04.2026 (सोमवार) | कुर्वेरपुर चौकी, गौलापार | निकट गाँधी पार्क, गाँधी नगर |
| | रानीबाग बाजार | मोहम्मदी चौक |
| 28.04.2026 (मंगलवार) | रामबाग चौराहा, गौलापार | निकट अस्थाना मस्जिद, नई बस्ती |
| | नया आवास विकास कॉलोनी | |
| 29.04.2026 (बुधवार) | सीतापुर, गौलापार | निकट वनभूलपुरा थाना, आजाद नगर |
| | शीतला माता मन्दिर गेट | सती कॉलोनी |
| 30.04.2026 (गुरुवार) | लछमपुर चौराहा, गौलापार | निकट वनभूलपुरा थाना, आजाद नगर |
| | निकट सेंट पॉल स्कूल | निकट गाँधी पार्क, गाँधी नगर |

उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने संयोजनों का बकाया भुगतान करके विद्युत विच्छेदन से होने वाली परेशानी से बचें।
"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"

पत्रांक: 2154/वि.वि.ख.(ह.) दिनांक: 18/04/2026 अधिशासी अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" कस्टमर केयर टोल फ्री नं0 1800-419-0405


**आक्रोश** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से माफी मांगने की उठाई मांग, आंदोलन जारी रखने की दी चेतावनी

# बंगाली समाज ने फूंका कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बंगाली समाज ने सोशल मीडिया पर गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस नाम के पेज से बंगाली समाज को घुसपैठिया बोलने और ऊधमसिंह नगर में अवैध तरह से बसाकर उत्तराखंड की डेमोग्राफी बदलने जैसे पोस्ट पर बंगाली समाज में आक्रोश जारी है। आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी में प्राइमरी स्कूल के निकट बंगाली समाज के लोगों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल व कांग्रेस पार्टी का पुतला जलाकर विरोध जताया।

शनिवार को पुतला दहन के दौरान वार्ड 35 के पार्षद पति गोविंद राय ने कहा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की राजनैतिक गतिविधि संचालित करने वाले पेज से जिस प्रकार बंगाली समाज को बांग्लादेशी घुसपैठिए और उत्तराखंड ऊधमसिंह नगर में बंगाली समाज के बसने को डेमोग्राफी चेंज करार दिया। यह घोर निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज जो ऊधमसिंह नगर में एक जोड़ी कपड़ों में खाली हाथ आया और अपने खून पसीने से अपने मेहनत परिश्रम से स्वयं को खड़ा किया। उन्होंने कहा कि तराई के विकास में अपनी भूमिका निभाई मगर कांग्रेस पार्टी जो कभी बंगाली समाज की हितेषी नहीं रही।

उसके इस बयान से बंगाली समाज काफी आहत है। उन्होंने कहा कि गणेश गोदियाल को इस शर्मनाक करतूत के लिए बंगाली समाज से माफी मांगनी चाहिए। वरना बंगाली समाज शांत नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा हमारा यह विरोध प्रदर्शन आगे भी जगह-जगह सड़क चौराहा पर इसी प्रकार जारी रहेगा। इस अवसर पर गणेश सरकार, सरोज राय, रोबिन, सुभाष सरकार, प्रकाश अधिकारी, सुमित मंडल, कौशल मंडल, सुरजीत, बंटी मंडल, सुबीर दास, कालीपद सरकार, शंकर मंडल आदि लोग मौजूद रहे।



आदर्श इंद्रा कॉलोनी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंकते बंगाली समाज के लोग।

ब्रीफ न्यूज

### युवाओं ने पक्ष और विपक्ष पर विचार रखे

**खटीमा :** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में " आज का युवा " विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि वाणिज्य संकाय द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आर्यक्रम आयोजित किया जाता है। वाद विवाद में युवाओं ने आज के युवाओं को सोच, चुनौतियां, अवसर और उनकी भूमिका विषय पर विचार व्यक्त किए। निर्णायक की भूमिका में खिलानंद जोशी और नीलम रहे। संचालन गीतेश निषाद ने किया। इस अवसर पर डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. उमेश चंद्र आर्य, डॉ. एफडी राही आदि मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण बिल गिराने पर रोष

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** महिला आरक्षण संशोधन बिल के पारित न होने पर क्षेत्र में नाराजगी देखने को मिल रही है। पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा ललित कांडपाल ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सदन में बिल का अटकना देश की आधी आबादी के सम्मान के साथ अन्याय है।


दीपा ललित कांडपाल।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई थी, लेकिन विपक्ष की राजनीति के चलते यह प्रयास सफल नहीं हो सका। उनका कहना है कि यदि पर्याप्त मत समर्थन मिल जाता, तो यह बिल पारित होकर महिलाओं के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक कदम साबित होता दीपा कांडपाल ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के कारण महिलाओं के अधिकारों को भी नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उचित क्षप्रतिनिधित्व देना लोकतंत्र को मजबूत बनाता है और इसे राजनीति का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आज देश की महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हैं और अब उन्हें नजरअंदाज करना संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किन कारणों से इस महत्वपूर्ण बिल का विरोध किया जा रहा है।

### विपक्ष के विरोध को भाजपा ने बताया विश्वासघात

**रुद्रपुर :** भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने महिला आरक्षण बिल के विरोध में मतदान करने वाले विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कांग्रेस, सपा और डीएमके को महिला सशक्तीकरण का विरोधी बताते हुए कहा कि विपक्ष ने तकनीकी आधार पर विधेयक को गिराकर अपनी असली मानसिकता उजागर कर दी है। जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को नेतृत्व सौंपना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस ने इस ऐतिहासिक कदम को रोककर महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने घोषणा की कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर गांव-गांव जाकर जन-आंदोलन खड़ा करेगी और जनता को विपक्ष के ' 'महिला विरोधी' ' चेहरे से अवगत कराएगी।


कमल जिंदल।

## जाफरपुर में कॉलोनी के मुख्य गेट पर शराब की दुकान खुलने का किया विरोध

# शराब की नई दुकान खुलने पर भड़कीं महिलाएं

- आबकारी नियमों के उल्लंघन का लगाया आरोप, आबकारी इंस्पेक्टर ने बमुश्किल कराया शांत

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** जाफरपुर स्थित दुर्गा सन सिटी कॉलोनी के मुख्य द्वार पर देशी शराब की नई दुकान खुलने के विरोध में स्थानीय महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित महिलाओं का आरोप है कि रिहायशी इलाके और कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर शराब का ठेका खोलना उत्तराखंड आबकारी अधिनियम का सीधा उल्लंघन है।

शनिवार को प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बताया कि मुख्य गेट पर प्रतिदिन छात्र-छात्राओं, महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ रहती है, जिन्हें स्कूल बस या ऑटो का इंतजार करना पड़ता है। पास ही कई कोचिंग सेंटर भी संचालित हैं। महिलाओं ने आशंका जताई कि शराब की दुकान खुलने से यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगेगा, जिससे छात्राओं और महिलाओं का घर से निकलना दूभर हो जाएगा।


दिनेशपुर के जाफरपुर में महिलाओं को समझातीं आबकारी इंस्पेक्टर सरोज पाल।

इसके अतिरिक्त, कॉलोनी परिसर में स्थित दो मंदिरों की पवित्रता और धार्मिक वातावरण बिगड़ने का भी हवाला दिया गया है। सूचना मिलने पर आबकारी इंस्पेक्टर सरोज पाल ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाने का प्रयास किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, कॉलोनीवासियों ने कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि इस दुकान को तुरंत निरस्त नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सरिता चौधरी, सुमन, हेमा, मनीषा, पूजा, राजरानी, मधु, गंगा, पुष्पा, जसोदा, पलविंदर कौर, नरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# गूलरभोज में प्रशासन ने तीन धार्मिक ढांचों को किया ध्वस्त

## विभाग द्वारा तीन माह पूर्व नोटिस देने के बावजूद वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए कब्जेदार

- कोर्ट से राहत नहीं मिली, कार्रवाई दौरान मीडिया को मौके पर जाने से रोका, ग्रामीणों को घरों में रहने के दिए निर्देश

संवाददाता, गूलरभोज

**अमृत विचार:** जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शनिवार प्रातः जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। गूलरभोज क्षेत्र स्थित ठंडानाला गांव में सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई तीन धार्मिक संरचनाओं को बुलडोजर चलाकर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार करीब तीन महीने पहले सिंचाई विभाग ने क्षेत्र का सर्वे किया था। सर्वे में ठंडानाला गांव में सिंचाई विभाग की जमीन पर तीन धार्मिक ढांचे बने पाए गए। प्रशासन ने संबंधित कब्जेदारों को नोटिस जारी कर भूमि के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। तय समय बीतने के बाद भी कब्जेदारों द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किए गए। नोटिस के बाद कुछ अतिक्रमणकारियों ने हाईकोर्ट का रुख किया, लेकिन वहां से उन्हें कोई राहत नहीं मिली। बताया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट से अन्य मामलों में स्थगन आदेश जरूर मिला था, लेकिन इन तीनों धार्मिक संरचनाओं पर कोई रोक नहीं थी। कानूनी अड़चनें दूर होते ही प्रशासन ने कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी। शनिवार की प्रातः जिला प्रशासन और भारी मात्रा में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने मीडिया से पूरी दूरी बनाई रखी। किसी भी मीडिया कर्मी को मौके पर नहीं आने दिया गया। वहीं आसपास रह रहे ग्रामीणों को सुरक्षा कारणों से घरों में ही रहने के निर्देश दिए गए। कुछ ही घंटों में तीनों ढांचों को जमींदोज कर मलबा हटा दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई नियमों और कोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत की गई है। आगे भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर एसपी सिटी क्राइम अरुण कुमार, एसडीम अमृता सिंह, तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, बाजपुर सीओ वैभव सैनी, पंतनगर सीऔ डीआर वर्मा, को कोतवाल संजय पाठक सहित बाजपुर, गदरपुर, दिनेशपुर, पंतनगर, रुद्रपुर थानों के साथ पीएससी जवान भारी मात्रा में फोर्स तैनात किए गए थे।


सिंचाई विभाग की भूमि पर तीन अवैध धार्मिक संरचनाओं को ध्वस्त करती जेसीबी।

### प्रशासन को सभी पक्षों को सुनना चाहिए था

**गूलरभोज :** प्रशासन को की कार्रवाई के बाद इलाके में स्थिति सामान्य है। लेकिन स्थानीय स्तर पर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ग्रामीण जाकिर हुसैन का कहना है कि कार्रवाई अचानक की गई। भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष लेखराज सिंह और विधानसभा अध्यक्ष टोनी पठान ने मामले पर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि प्रशासन को सभी पहलुओं को देखते हुए सभी पक्षों को सुनना चाहिए था।

## मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगे 4.46 लाख

**काशीपुर, अमृत विचारः** ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का लालच देकर साइबर ठग ने एक नाबालिग के माध्यम से उसके पिता के बैंक खाते से 4.46 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आईटीआई कोतवाली क्षेत्र के बाजपुर रोड स्थित ग्राम सांड़खेड़ा निवासी राजेंद्र कुमार ने पुलिस में तहरीर सौंपी। इसमें बताया उनकी बालाजी लुब्रिकेंट्स के नाम से दुकान है। उनका 16 वर्षीय बेटा अभय कुमार जो कक्षा दसवीं का छात्र है। पढ़ाई के लिए वह उनका मोबाइल फोन प्रयोग करता है। आरोप है कि दिसंबर 2025 में टेलीग्राम एप पर अजय ट्रेडर्स नाम से जुड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके बेटे से संपर्क किया। उस व्यक्ति ने ट्रेडिंग के जरिए अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर लिंक व मैसेज भेजे और स्कैनर के माध्यम से मोबाइल एक्सेस कर लिया। इसके बाद 2 मार्च 2026 से 2 अप्रैल 2026 के बीच उनके बैंक ऑफ बड़ौदा काशीपुर शाखा के खाते से लगभग 4 लाख 46 हजार 871 रुपये ऑनलाइन निकाल लिये गए।

# अब 24 घंटे मिलेगी स्वास्थ्य सेवा

- चिकित्सा अधीक्षक ने जारी किया इमरजेंसी ड्यूटी रोस्टर

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर है। अब शक्तिफार्म में सरकारी अस्पताल के माध्यम से 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इमरजेंसी ड्यूटी का रोस्टर जारी कर दिया है, जिससे लोगों को दिन-रात चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद अब क्षेत्र के लोगों को एफआईआर दर्ज कराने के दौरान पॉक्सो जांच अथवा मेडिकल परीक्षण के लिए सितारगंज नहीं जाना पड़ेगा। यह सुविधा अब शक्तिफार्म के सरकारी अस्पताल में ही चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी, जिससे समय और परेशानी दोनों में कमी आएगी। शनिवार को चिकित्साधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव ने 18 से 30 अप्रैल तक के लिए चिकित्सकों की इमरजेंसी ड्यूटी निर्धारित करते हुए रोस्टर जारी किया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार अलग-अलग तिथियों में चिकित्सकों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। लोगों का कहना है कि इससे विशेष रूप से रात के समय मरीजों और परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी।



शक्तिफार्म स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र। ● फाइल फोटो

### बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता

**शक्तिफार्म :** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। शक्तिफार्म में 24 घंटे चिकित्सा सुविधा शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और अब उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।



## मक्के के खेत में पड़ा मिला अधेड़ का शव

**सितारगंज :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय, खैरना के पीछे मक्के के खेत में अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर उसे पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया है। शनिवार की दोपहर कोतवाली पुलिस को गांव खैरना स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे मक्कें के खेत में एक व्यक्ति पड़े होने की सूचना मिली। एसआई कैलाश देव के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने उसे मौके से उठाकर उप जिला अस्पताल सितारगंज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त जुझारू सिंह (51) निवासी गांव धूमखेड़ा, नानकमत्ता के रूप में की।



किच्छा में बाल विवाह के विरुद्ध सामूहिक शपथ दिलाते मंचासीन अधिकारी।

### बाल विवाह में शामिल होने वालों को भी होगी जेल

**किच्छा :** किशनपुर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट संस्था के तत्वावधान में बाल विवाह रोकथाम हेतु एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि बाल विवाह में शामिल होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जुर्माने के साथ दो वर्ष की सजा हो सकती है। वक्ताओं ने बताया कि कम उम्र में विवाह बालिकाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए घातक है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर बढ़ती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन और जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी ने समाज से इस कुरीति को जड़ से खत्म करने का आह्वान किया। संस्था अध्यक्ष डॉ. अमित श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 20 वर्षों से प्रशासन और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर इसके विरुद्ध काम कर रही है। परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी ने विशेष रूप से अक्षय तृतीया पर सतर्कता बरतने की अपील की।


बाजपुर के पीएमश्री जीजीआईसी में जल संरक्षण की शपथ लेतीं बालिकाएं।

### जीजीआईसी में जल संरक्षण पखवाड़े का शुभारंभ

**बाजपुर :** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज (जीजीआईसी) बाजपुर में शनिवार को "जल शक्ति अभियान: कैच द रेन" के तहत जल संरक्षण पखवाड़े का आगाज किया गया। 16 से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस विशेष अभियान के पहले दिन छात्राओं और शिक्षकों ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की शपथ ली। प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य शशिबाला ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ी को संकट से बचाने के लिए इसकी एक-एक बूंद सहेजना अनिवार्य है। अभियान के तहत विद्यालय में पोस्टर, स्लोगन और निबंध लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। शिक्षकों ने निर्णय लिया कि बाल संसद के माध्यम से घर-घर तक वर्षा जल संचयन और पानी के पुन: उपयोग का संदेश पहुंचाया जाएगा। प्रत्येक छात्रा को प्रतिदिन कम से कम एक लीटर पानी बचाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी विमला रावत, परमजीत कौर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## 4.53 ग्राम हेरोइन के साथ दो दबोचे

**सितारगंज :** सितारगंज कोतवाली पुलिस ने 4.53 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक बाइक भी बरामद की है। शुक्रवार को एएसआई राकेश सिंह रोंकली ने बताया कि गश्त के दौरान गांव गोठा में लिप्टिस के जंगल की ओर से एक बाइक में दो लोग सवार होकर आते हुए नजर आए। बताया कि जैसे ही उसने पुलिस को उसकी तरफ आता देखा वह हड़बड़ा कर गांव की ओर भागने लगा। संदिग्ध प्रतीत होने उसे रोक कर पूछताछ की। उसने बताया कि उसका नाम अमृतपाल सिंह (33) है। वह गांव रदुलिया, खटीमा में रहता है। वहीं, दूसरे ने बताया कि उसका नाम गुरसेवक सिंह (25) है। वह गांव कुंवरपुर, सिसैया सितारगंज का रहने वाला है।

# हादसों में एक युवक की मौत, चार अन्य घायल

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार देर शाम हुए दो भीषण सड़क हादसों ने क्षेत्र में कोहराम मचा दिया। झनकट के पास दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की जान चली गई, जबकि मेलाघाट रोड पर डंपर की टक्कर से तीन लोग घायल हो गए।


प्रिंस सिंह (फाइल)।

सितारगंज रोड स्थित झनकट के पास दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दिया चांदपुर निवासी प्रिंस सिंह राणा (22) को मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा और अविवाहित था। वहीं, दूसरे बाइक सवार मोहित मिश्रा को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

एक अन्य घटना में मेलाघाट रोड पर वन शक्ति मंदिर के पास एक डंपर ने टुकटुक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के वक्त चालक सुरेश राणा, राजेंद्र प्रसाद और जितेंद्र कुमार का सामान लेकर ऊंची बगुलिया जा रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि टुकटुक पलट गया और उसमें सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सख्ती

## सचल दल ने 12 दुकानों के लाइसेंस की जांच की, बाजार और फुटकर रेटों का मिलान किया

# मंडी समिति के सचल दल ने किया बाजार का निरीक्षण

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** मंडी समिति के सचल दल ने फल एवं सब्जी की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान सचल दल ने 12 दुकानों के लाइसेंस की जांच की। साथ ही, बाजार और फुटकर रेटों का मिलान किया गया। जो संतोषजनक पाए गया।

शनिवार को मंडी सचिव विनोद पलडिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानदार बिना लाइसेंस के कारोबार करते पाए गए। ऐसे दुकानदारों को तीन दिन के भीतर लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने साफ कहा कि तय समय सीमा में लाइसेंस नहीं बनवाने पर संबंधित दुकानदारों का मंडी में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि निरीक्षण में तीन ऐसे मामले सामने आए। जहां दुकानदारों के पास लाइसेंस नहीं था। इसके अलावा व्यापारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि बाजार और फुटकर दरों में अनावश्यक अंतर न रखें। ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंडी सचिव ने बताया कि लाइसेंस बनवाने के लिए आठ आवेदन प्राप्त हुआ था। जिनमें से छह लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं। जबकि, दो आवेदन आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण लंबित हैं। इधर, मंडी समिति की इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया है।



सितारगंज में बाजार का निरीक्षण करते मंडी सचिव।

### बिना लाइसेंस फल-सब्जी बेचने वालों पर कार्रवाई

**बाजपुर :** फल और सब्जियों के थोक व फुटकर दामों में बढ़ती भिन्नता को रोकने के लिए मंडी समिति बाजपुर ने सख्ती शुरू कर दी है। शनिवार को मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा के निर्देश पर गठित सचल दल ने बन्नाखेड़ा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 10 व्यापारी बिना लाइसेंस के कारोबार करते पाए गए, जिन पर मौके पर ही कार्रवाई की गई। मंडी सचिव ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी व्यापारियों को तत्काल लाइसेंस बनवाने की चेतावनी दी है ताकि उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर सामग्री मिल सके।

### मंडी जारी करेगी फुटकर लाइसेंस

**काशीपुर :** मंडी सचिव योगेश तिवारी ने बताया कि काशीपुर मंडी क्षेत्रांतर्गत फल-सब्जी, लकड़ी, खाद्यान्न, दलहन एवं तिलहन का फुटकर व्यापारी करने वाले व्यापारी 8 मई तक अनिवार्य रूप से फुटकर व्यापार करने के लिए समिति कार्यालय में औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए लाइसेंस प्राप्त कर लें। आधार कार्ड, दो फोटो के साथ समिति कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। बताया कि समिति के सचल दल जो बाजार में चेकिंग करने आ रहे हैं, उनसे संपर्क स्थापित कर भी लाइसेंस प्राप्त कर सकते है। बिना लाइसेंस व्यापार करते हुए पाए जाने पर मंडी नियमावली की सुसंगत धाराओं में विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences
  (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
  (All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# खेत में आग से 18 एकड़ गेहूं की फसल राख

## दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू, पांच किसान परिवारों को भारी नुकसान हुआ

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शॉर्ट सर्किट होने से गेहूं के खेत में आग गई। जिससे पांच किसानों के परिवार की 18 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने पर पीड़ित किसानों का परिवार मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

शुक्रवार की देर शाम ग्राम हरियावाला में खेतों के ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारियों से गेहूं खेत में आग लग गई। आग के विकराल रूप लेने पर किसानों को इसकी जानकारी हुई। मौके पर पहुंचे किसानों और उनके परिवारों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो सके। इस दौरान किसी ने काशीपुर अग्निशमन विभाग के आग लगने की सूचना दी। जिस पर अग्निशमन विभाग के दो वाहन घटनास्थल पर पहुंचे। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक करीब 18 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की सूचना मिलने पर किसान नेता अरुण शर्मा, जितेंद्र सिंह जीतू, देवी सिंह यादव, अर्जुन सिंह आदि भी घटनास्थल पर पहुंच गये। किसान नेता अरुण शर्मा ने बताया कि गेहूं के खेत में आग लगने से पांच किसान परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग से मो. खुर्शीद की सात एकड़, मो. अकरम, मो. मुहिद, मो. खालिख, मो. इकराम की सात एकड़, मुकेश गौतम, राकेश गौतम, जितेंद्र गौतम व केशव गौतम की 4 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख गई है। किसान नेता शर्मा ने बताया कि जब उन्होंने इस मामले में विद्युत विभाग के जेई और एई से वार्ता की तो उन्होंने बताया कि जब खेत में आग लगी तब लाइट नहीं थी। जबकि किसानों का कहना है कि लाइट आने के बाद ही शॉर्ट सर्किट हुआ था। जिससे खेत में आ लगी। फिलहाल अग्निशमन विभाग आग से हुए नुकसान का आकलन कर रहा है।



काशीपुर में गेहूं के खेत में लगी आग। ● अमृत विचार



दिनेशपुर के राधाकान्तपुर में गेहूं के खेत में लगी आग। ● अमृत विचार

### आठ एकड़ गेहूं के खेत में लगी आग

**काशीपुर :** अग्निशमन अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर 12 बजे के आसपास गिन्नी खेड़ा अलीगंज रोड में गेहूं के खेत में आग लगने की सूचना मिली। सूचना प्राप्त होते ही फायर स्टेशन काशीपुर से एक फायर यूनिट घटना स्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पहुंच कर देखा कि आग किसान सिखांतर सिंह, जसवीर कौर के लगभग 8 एकड़ गेहूं के खेत में लगी थी जो तेजी से गेहूं के अन्य खेतों की ओर फैल रही थी। जिसे बुझा दिया गया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने का कारण अज्ञात है।

### टेंट के गोदाम में लगी आग पर पाया काबू

**काशीपुर :** अग्निशमन अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की देर रात दो बजे के आसपास सिविल कोर्ट रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास एक टेंट के गोदाम में आग लग गई। सूचना पर दो फायर यूनिट घटना स्थल के लिए रवाना हुई, घटनास्थल पहुंच कर देखा कि आग शाहिद अहमद के टेंट के गोदाम में लगी थी। जिसमें टेंट का सामान व एक मैजिक फोर व्हीलर यूके-06सीए-2016 भी थी। इस पर तत्काल फायर यूनिट काशीपुर ने मोटर फायर इंजन से एक हौज पाइप फैलाकर पंपिंग कर आग बुझाना आरंभ किया। आग से कोई मानवीय जनहानि नहीं हुई।

### दिनेशपुर में दो एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

**दिनेशपुर :** राधाकांतपुर गांव में शुक्रवार की रात विद्युत शॉर्ट सर्किट के कारण एक गरीब किसान की मेहनत देखते ही देखते स्वाहा हो गई। खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने दो एकड़ में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को राख के ढेर में तब्दील कर दिया। पीड़ित किसान सत्येंदर वैद्य के अनुसार, शुक्रवार रात्रि अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से सूखी फसल में आग लग गई। आग की लपटें देख ग्रामीण एकत्र हो गए और उन्होंने अपनी जान पर खेलकर लाठी-डंडों व पानी की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग को आसपास के खेतों में फैलने से रोका। किसान का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग को सूचित किया गया, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कोई मौके पर नहीं पहुंचा। यदि दमकल की गाड़ी समय पर आती, तो काफी फसल बचाई जा सकती थी। शनिवार सुबह पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर नुकसान का आकलन किया। छोटी जोत के किसान सत्येंदर के परिवार के सामने अब जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित को आपदा राहत कोष से उचित मुआवजा देने और बिजली विभाग की लापरवाही की जांच करने की पुरजोर मांग की है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगजीत सिंह, पूर्व प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, सिमरगन पांडे, सुखचैन सिंह, गुरविंदर सिंह, विजय कुमार, कमलेश सरकार आदि मौजूद रहे।

## कूड़े के ढेर में लगी आग, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

**बाजपुर, अमृत विचार :** नैनीताल स्टेट हाईवे पर स्थित ग्राम दियोहरी नमूना में शनिवार दोपहर सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर में अचानक भीषण आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पास ही स्थित एक छप्पर की झोपड़ी भी इसकी जद में आने लगी। गनीमत रही कि दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अज्ञात कारणों से कूड़े के ढेर में आग धधकी थी। आग की लपटें देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के आगे वे बेबस नजर आए।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद लपटों को शांत किया। हालांकि, इस घटना में पास में रखे गोबर के उपले जलकर राख हो गए, लेकिन समय पर हुई कार्रवाई से रिहायशी छप्पर को जलने से बचा लिया गया। फिलहाल आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन कूड़े में किसी ज्वलनशील सामग्री के होने की आशंका जताई जा रही है।

# सीएम को ऊर्जा आपूर्ति में आ रही दिक्कतें बताईं



सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करते केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल।

संवाददाता, काशीपुर

● केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने सीएम धामी से की मुलाकात

**अमृत विचार:** केजीसीसीआई अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया। साथ ही उद्योगों की प्रमुख समस्याओं के निराकरण की मांग की।

कुमायूं गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केजीसीसीआई) के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने देहरादून में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को अवगत कराया कि वर्तमान में मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई है, जिसका उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और अधिकांश उद्योगों की उत्पादन प्रक्रिया में कमी आ गयी है। उन्होंने उद्योगों को एलपीजी की नियमित एवं पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने का अनुरोध किया, ताकि उद्योगों की उत्पादन प्रक्रिया प्रभावित न होने पाए। कहा कि उत्तराखंड में कृषि आधारित उद्योग वर्तमान में उच्च मंडी शुल्क एवं विकास उपकर के कारण प्रतिस्पर्धा में पिछड़ते जा रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में यह दर 1.5 प्रतिशत है तथा वहां किसानों से सीधी खरीद पर भी छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने मंडी शुल्क एवं विकास उपकर की दर को घटाकर उत्तर प्रदेश के अनुरूप करने की मांग की। कहा कि यूपीसीएल के प्रयासों के बावजूद उद्योगों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। बार-बार ब्रेकडाउन, ट्रिपिंग, पावर कट, लो वोल्टेज एवं सब-स्टेशनों की अपर्याप्त क्षमता के कारण उद्योग प्रभावित हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण विद्युत वितरण तंत्र का समय पर रख-रखाव एवं आधुनिकीकरण न होना है। उन्होंने संपूर्ण विद्युत प्रणाली का सर्वे/ऑडिट कराकर निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक मेंटेनेंस एवं अपग्रेडेशन सुनिश्चित किये जाने की मांग उठाई।

## सिटी ब्रीफ

### एसआरएस मॉल में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**काशीपुर :** अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत अग्निशमन अधिकारी श्याम सिंह के नेतृत्व में फायर यूनिट काशीपुर ने एसआरएस सिनेमा हॉल, एसआरएस मॉल व विशाल मेगा मार्ट रतन सिनेमा रोड काशीपुर में अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान स्टाफ व कर्मचारियों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया। मार्ट के कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया व साथ ही पंपलेट वितरण भी किया।

### 95 ग्राम चरस के साथ स्कूटी सवार गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार को 95 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली पुलिस के एसआई देवेंद्र सिंह मेहता व देवेंद्र सामंत पुलिस टीम के साथ मोहल्ला बांसफोड़ान क्षेत्र में मोहल्ला अल्ली खां से आगे कब्रिस्तान स्थित शव विश्राम स्थल के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान शक होने पर एक स्कूटी सवार युवक को रोक कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास 95 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फरीद खां निवासी मझरा काशीपुर बताया।

### 120 लीटर कच्ची शराब बरामद की

**काशीपुर :** आबकारी निरीक्षक दिवाकर चौधरी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम बड़ी बरखेड़ी में संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की। घर से शराब बेचते हुए आबकारी विभाग की टीम ने तीन को पकड़ा। वहीं, गांव में कच्ची शराब की भट्टी को भी मौके पर नष्ट किया गया। दबिश के दौरान 120 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी और लगभग 1500 किलो लहन भी मौके पर नष्ट किया।

# हाथ में झाड़ू लेकर सड़क पर उतरे महापौर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महापौर ने पार्षदों के साथ मिलकर मुरादाबाद रोड पर ढेला नदी के आसपास के क्षेत्र को साफ स्वच्छ बनाने के लिये अभियान शुरू किया है। महापौर ने सड़क पर झाड़ू लगाई और ढेला नदी के आसपास पड़ी गंदगी को पॉलिथीन बैगों में भरा और जहां-जहां सफाई की गई वहां-वहां पानी के तेज बहाव वाले पाइप से धुलाई भी की।

नगर निगम द्वारा महापौर दीपक बाली के नेतृत्व में शहर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लंबे अरसे से अभियान चलाया जा रहा है। शहर को साफ रखने के लिए हर तरीका अपनाया जा रहा है जिसमें नुक्कड़ नाटक भी शामिल रहे। वर्तमान में विद्यालयों में जाकर बच्चों को भी स्वच्छता और साफ सफाई के संबंध में लगातार समझा कर उन्हें स्वच्छता सैनिक के रूप में जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के तहत ही शनिवार को नगर निगम काशीपुर द्वारा ढेला पुल के आसपास एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में जमा कचरे को हटाना और आम जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। अभियान के दौरान महापौर, पार्षद और नगर निगम काशीपुर की टीम द्वारा सफाई की गई, जिसमें उक्त स्थान से कचरा एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया गया।



काशीपुर में सफाई अभियान के दौरान कूड़ा उठाते महापौर दीपक बाली व अन्य।

## फर्जी नौकरी दिलाने वाले गिरोह से किया सावधान

**काशीपुर:** नगर निगम काशीपुर द्वारा शहर वासियों को फर्जी नियुक्ति के नाम पर हो रही ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। कुछ संगठित गिरोह नगर निगम में नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवाओं से अवैध रूप से धन वसूल रहे हैं, जिससे न केवल आम लोगों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि नगर निगम की छवि भी प्रभावित हो रही है। मुख्य नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट ने स्पष्ट किया है कि नगर निगम स्तर पर इस प्रकार की किसी भी नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है। सभी नियुक्तियां शासन स्तर से विधिवत विज्ञप्ति जारी होने के बाद ही की जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति या संस्था नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे की मांग करता है, तो वह पूरी तरह अवैध है।

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट डिप्लोमा शुरू

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) काशीपुर ने मैक्स हेल्थकेयर के सहयोग से स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रबंधन के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया 'एग्जीक्यूटिव पीजी डिप्लोमा इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट' कार्यक्रम शुरू कर दिया है। शनिवार को संस्थान परिसर में प्रथम बैच के लिए ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन सत्र का आयोजन किया गया।

इस पहले बैच में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विभिन्न 55 अनुभवी पेशेवरों ने पंजीकरण कराया है। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों के कुशल संचालन के लिए दक्ष प्रबंधकों को तैयार करना है। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ मैक्स हॉस्पिटल्स में व्यावहारिक प्रशिक्षण (प्रैक्टिकल ट्रेनिंग) भी प्रदान किया जाएगा, ताकि वे स्वास्थ्य सेवाओं की रणनीतिक और परिचालनात्मक चुनौतियों को समझ सकें।

संस्थान के निदेशक प्रो. नीरज द्विवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह डिप्लोमा आईआईएम काशीपुर के शैक्षणिक विविधीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। इस अवसर पर डीन प्रो. कुनाल गांगुली और मैक्स हेल्थकेयर के सीनियर डायरेक्टर (एचआर) उमेश गुप्ता सहित कई विशेषज्ञ मौजूद रहे।



काशीपुर के आईआईएम में कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि। ● अमृत विचार



काशीपुर में सम्मानित हुए चयनित छात्र-छात्राएं अतिथियों के साथ। ● अमृत विचार

### क्रिकेट में चयनित खिलाड़ी किए सम्मानित

**काशीपुर :** एक सम्मान समारोह आयोजित कर क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले छात्र/ छात्राओं को सम्मानित किया गया। शनिवार को पंडित गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज काशीपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ धीरेंद्र कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय रहे। इस दौरान चयनित छात्र/ छात्राओं में ऋषिका, अक्षरा यादव, प्रज्ञा राजभर, नेहा कुमारी, श्लोक रैकवार को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टी-शर्ट एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छात्र श्लोक कुमार, तेलंगाना में 24 अप्रैल 2026 को होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे। चारों छात्राएं अप्रैल माह के अंत में हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

# स्थानांतरित न्यायाधीशों को दी विदाई




काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन काशीपुर द्वारा परिवार न्यायाधीश मोनिका मित्तल, न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव, प्रथम अपर सिविल जज दीप्ति पंत के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे व सचिव यशवंत सिंह चौहान ने कहा कि इन न्यायिक अधिकारियों ने अपने न्यायिक कार्यों से न्याय की गरिमा को विभूषित किया है। इस मौके पर प्रथम अपर जिला जज मनोज गर्ब्याल, एसीजेएम सचिन कुमार, सिविल जज धर्मेंद्र शाह, सिविल जज पूनम तोड़ी, सिविल जज, सृष्टि बनियाल सहित बार एसोसिएशन सचिव यशवंत सिंह चौहान, उपाध्यक्ष विधु शेखर शर्मा, उपसचिव अंकित चौधरी, कोषाध्यक्ष बीसी नौटियाल, आय व्यय निरीक्षक गौरव मेहरोत्रा, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश प्रजापति व कार्यकारिणी सदस्य प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता, शुभम उपाध्याय, नरगिस, रणजीत सिंह, कैलाश कुमार, केदार सिंह, प्रीति शर्मा, बार काउंसिल सदस्य हरीश नेगी, शैलेंद्र कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# चैती मेले को एक सप्ताह और बढ़ाने की मांग उठी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महापौर दीपक बाली ने चैती मेला की अवधि एक सप्ताह और बढ़ाने को लेकर जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर को पत्र भेजा है। ताकि व्यापारियों को हो रहे आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके।

डीएम को भेजे पत्र में महापौर ने उल्लेख किया है कि चैती मेला 19 मार्च से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया था, लेकिन शुरुआती चार दिनों में अत्यधिक बारिश के कारण मेले की गतिविधियां प्रभावित रहीं। इसके बाद एलपीजी गैस से जुड़ी समस्याओं के चलते भी श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, जिससे मेला परिसर में लगे झूले, मनोरंजन के साधन और अन्य व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। महापौर ने पत्र में कहा कि वर्तमान समय में नगर क्षेत्र के लोग और किसान बड़ी संख्या में मेले में पहुंच रहे हैं, ऐसे में मेला अवधि बढ़ाने से व्यापारियों को राहत मिल सकती है। महापौर ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि मेला अवधि को 18 से 24 अप्रैल तक बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विस्तारित अवधि में कार्यरत ठेकेदारों और एजेंसियों से किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क न लिया जाए।

**विवाद** | जसपुर में ठेकेदार ने लगाया पूर्व विधायक, समर्थकों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप, सौंपी तहरीर

# विधायक के नेतृत्व में क्षत्रिय महासभा ने निकाला जुलूस

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति लगाने का मामला थमता नहीं दिख रहा है। क्षत्रिय महिला एवं पुरुष महासभा समेत अन्य लोगों ने कोतवाली पहुंचकर चिन्हित स्थान पर प्रतिमा लगवाने की मांग की है। वहीं, विधायक निधि से काम कर रहे ठेकेदार ने भी सरकारी काम में बाधा पहुंचाने की तहरीर दी। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

बता दें कि शुक्रवार को अग्रवाल समाज के लोगों ने मशाल जुलूस निकालकर पुलिस को तहरीर देकर विधायक एवं उनके समर्थकों पर मारपीट, गाली गलौज का आरोप लगाया था। साथ ही कार्रवाई की मांग की थी। शनिवार को सुभाष चौक पर क्षत्रिय समाज की महिला एवं पुरुष महासभा समेत अन्य समुदाय के लोग एकत्र हुए। वहां से वह विधायक आदेश चौहान के नेतृत्व में जुलूस के रूप में कोतवाली पहुंचे और एसएसआई जावेद मलिक को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। महिला पुरुषों का कहना था कि वर्ष 2019 से वह रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को लगाने को लेकर प्रयासरत हैं। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को चिन्हित स्थान ठाकुर मंदिर के समीप लगाने की मांग की।

वहीं, विधायक निधि से प्रतिमा स्थल का निर्माण कर रहे ग्राम आसपुर निवासी सौरभ ठेकेदार ने तहरीर देकर कहा है कि ठाकुर मंदिर के पास विधायक निधि ने वीरांगना लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने को चबूतरे के निर्माण भूमि पूजन को विधायक आदेश चौहान को बुलाया था। उसी समय पर वहां पूर्व विधायक अपने साथियों समेत आ गए। उसके साथ मारपीट, गाली गलौज की। आरोप है कि विधायक को भी गाली गलौज करते हुए नारेबाजी करने लगे। आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की है। एसएसआई ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिलाने पर लोग वापस हुए। इस मौके पर सुखदेव सिंह, रवि चौधरी, कृष्ण मुरारी, मुदित, अमृत सिंह, आदित्य गहलोत, राजकुमार, डॉ. रेखा, शेर अली, मोइन, हिमांशु, अनीका चौहान, सुधा, डोली, रीना, रीतू, दीपा, पिंकी, लख्मी, नीतू, सुनीता, हृद्वयेश चौहान आदि मौजूद रहे।



जसपुर में एसएसआई को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते विधायक आदेश चौहान एवं समर्थक। ● अमृत विचार

# हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा...

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** ग्राम महेशपुरा स्थित बड़ा शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार रात्रि ''चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव'' पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। श्री श्याम सेवक कमेटी द्वारा आयोजित इस वार्षिक उत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और कमेटी की ओर से बाबा के शीश पर चांदी का छत्र अर्पित किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। भजन संध्या में गायक आकाश अरोरा, वंशिका गुप्ता और हिमांशु राणा ने "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" जैसे भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले इस कीर्तन में श्रद्धालु भक्ति के सागर में गोते लगाते नजर आए।

महोत्सव के दौरान आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बड़ा शिव मंदिर के पुजारी गौतम गिरी महाराज, भाजपा नेता राजेश कुमार, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष यशपाल राजहंस, पूर्व ग्राम प्रधान राकेश गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, सोनू कश्यप, सौरभ राणा, अमन चंद्रा, रूपचंद सैनी, रोहित कश्यप, गोविंदा, जय प्रकाश, रामचंद्र पासी, गगन चंद्रा, चंद्रपाल सैनी, रोहित सैनी, हरवंश चंद्रा आदि मौजूद रहे।



ग्राम महेशपुरा में श्री श्याम चतुर्थ संकीर्तन महोत्सव में भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

ब्रीफ न्यूज

## जागेश्वर धाम में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**अल्मोड़ा :** जागेश्वर धाम में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर स्वामी कैलाशानंद महाराज (महामंडलेश्वर) मुख्य पुजारी जागेश्वर धाम ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन सौंपा। बताया कि धाम में संस्कृत महाविद्यालय, अस्पताल, धर्मशाला और वाहन पार्किंग जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। साथ ही, पिछले दो वर्षों से मंदिर प्रबंधन समिति का गठन न होने से मंदिर मे अव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। जागेश्वर धाम के आसपास रास्तो सोलर स्ट्रीट लाइटें भी खराब पड़ी हैं। जिनका निवारण करना अत्यंत आवश्यक है। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में कृष्णचन्द्र काण्डपाल, विनोद जोशी, अमित भट्ट आदि रहे।

## ईई का घेराव करने व तालाबंदी की चेतावनी

**अल्मोड़ा :** नगर निगम पार्षद वैभव पांडे ने प्रेस को दिए एक बयान में कहा कि जिले की जर्जर सड़कों को लेकर हाल ही में उनकी ओर से सोशल मीडिया के माध्यम से मुद्दा उठाया गया था। जिसमें जिला मुख्यालय की सड़कों की बदहाल स्थिति, जगह-जगह गड्ढों और टूटी सतह का गंभीर विषय प्रमुखता से रखा गया। कहा कि यह अत्यंत खेदजनक है कि जब तक जनप्रतिनिधि या आम जनता आवाज नहीं उठाती, तब तक व्यवस्था सक्रिय होती दिखाई नहीं देती। जबकि पूर्व में समस्त टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे में कार्य में देरी से विभाग की मंशा पर सवाल उठ रहे है। उन्होंने चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो जनहित में अधिशासी अभियंता का घिराव एवं तालाबंदी जैसे कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



वैभव पांडे।

## पीरुमदारा में साईं बाबा की शोभायात्रा

**रामनगर :** श्री साईं नाथ मंदिर का 13वां स्थापना दिवस पीरूमदारा में शोभायात्रा के साथ सम्पन्न हुआ। भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। साईं बाबा के भजनों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में झांकियां, कलाकारों के धार्मिक नृत्य और बैंड-बाजे के साथ भक्तगणों का हुजूम भजन गाते हुए चल रहा था। इस दौरान मुख्य पुजारी महेंद्र सिंह नेगी, प्रमुख सेवक नरेश कालिया, उमा शंकर गुप्ता, अनिल अग्रवाल "खुलासा" समेत सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। शोभायात्रा का समापन नरेश कालिया के फार्म हाउस पर आरती के साथ हुआ। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# प्रधान मजिस्ट्रेट व सिविल जज का तबादला, विदाई दी



विदाई समारोह में न्यायिक अधिकारियों को स्मृति चिह्न देते कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** जिला न्यायालय के प्रधान मजिस्ट्रेट पुनीत कुमार और सिविल जज ऐश्वर्या बोरा का टिहरी स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थानांतरण पर बाल कल्याण समिति की ओर से भावभीनी विदाई दी गई।

इस दौरान वक्ताओं ने दोनों न्यायिक अधिकारियों को कुशल एवं अनुशासनप्रिय अधिकारी बताया। कहा कि प्रधान मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में बाल हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए, जिन्हें हमेशा याद किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने दोनों अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कैलाश बोरा, सदस्य अशोक लोहुमी, नवीन चंद और मंजू नगरकोटी आदि उपस्थित रहे।

## न्यायालय में मामलों की प्रभावी पैरवी करें

**अल्मोड़ाः** एडीएम युक्ता मिश्र ने जनपद स्तरीय समिति की बैठक ली। उन्होंने पिछले तीन माह के दौरान न्यायालय द्वारा निस्तारित मामलों की समीक्षा की। साथ ही न्यायालय में मामलों की पैरवी की जानकारी ली।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में एडीएम निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विवेचना को मजबूत बनाएं तथा साक्ष्यों के संकलन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि न्यायालय में मामलों की प्रभावी पैरवी के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाए। ताकि दोषी बरी न हो सकें। साक्ष्य संकलन, विवेचना की गुणवत्ता तथा न्यायालय में प्रस्तुतिकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। उन प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनमें आरोपियों को बरी किया गया है। बैठक में प्रोग्राम ऑफिसर सुनीता भट्ट, क्षेत्राधिकारी बलवंत रावत आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने किया आपदा प्रभावित पौंसारी गांव का निरीक्षण

# पुनर्निर्माण कार्यों को बरसात से पहले पूरा करें

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कपकोट के ग्राम पौंसारी का निरीक्षण कर आपदा के बाद चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुनर्निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द राहत मिल सके। उन्होंने सभी कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित कर बरसात से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण कराने को भी कहा। जिलाधिकारी ने जल संस्थान को बैसानी पेयजल लाइन का एक सप्ताह के भीतर सुधारीकरण कर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं सिंचाई विभाग को पौंसारी गदेरे में प्रोटेक्शन वर्क, ड्रेजिंग, नाले से बोल्डर हटाने और वॉल प्रोटेक्शन कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। खंड विकास अधिकारी को सड़क से मानीगैर तक क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। विद्युत बिलों में अधिकता की शिकायत पर जिलाधिकारी ने यूपीसीएल के एसडीओ को केस-टू-केस सत्यापन कर एक माह के भीतर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने जल संस्थान को प्रत्येक घर तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर ग्राम प्रधान के माध्यम से प्रमाण पत्र प्राप्त करने को कहा। लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षेत्र में छह पुलों के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया जारी है, जिनका कार्य मई माह से शुरू किया जाएगा। वहीं सिंचाई विभाग ने पौंसारी गदेरे के प्रोटेक्शन कार्य के लिए पांच करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने ग्राम नान में पुल की मरम्मत, चचई में पुलिया निर्माण तथा घराटों के पुनर्निर्माण के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उप जिलाधिकारी कपकोट अनिल चन्याल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बागेश्वर के पौंसारी में ग्रामीणों की समस्याएं जानतीं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे।

# जनसमस्याओं का शीघ्र करें निराकरण: आर्या

## सोमेश्वर में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया बहुउद्देशीय शिविर का शुभारंभ, 43 शिकायतें की निस्तारित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सोमेश्वर के रामलीला मैदान में शनिवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 43 शिकायतें आईं। जिसमें अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया। उन्होंने लोगों को समस्याओं को सुना और अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा लोगों की समस्याओं का समुचित समाधान और उनको योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता में है। ऐसे शिविरों का उद्देश्य लोगों को एक स्थान पर सभी योजनाओं का लाभ दिलाना तथा उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना है। कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता है। शिविर में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए हुए कहा कि यहां प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता से उनका समाधान किया जाए।



सोमेश्वर में आयोजित शिविर में लोगों की समस्याएं सुनतीं कैबिनेट मंत्री आर्या। ● अमृत विचार

### लोगों को उपरकण बांटे

बहुउद्देशीय शिविर के दौरान माध्यम से समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा विभाग, पंचायतीराज विभाग, कृषि, उद्यान, विद्युत, पेयजल समेत अनेक विभागों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही पांच व्यक्तियों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए, जिसमें व्हील चेयर, कान की मशीन तथा लाठी शामिल हैं। यहां शिविर में एडीएम युक्ता मिश्र, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण केएन तिवारी, एसडीएम संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस का महिला आरक्षण बिल का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्णः रेखा

**अल्मोड़ा :** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में शनिवार को भाजपा ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिल का समर्थन नहीं करने पर कांग्रेस को घेरा। कांग्रेस को महिला विरोधी बताया। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या मौजूद रही। उन्होंने सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने सदैव महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ठोस और ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायत स्तर पर महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें नेतृत्व का अवसर प्रदान किया गया और अब पार्टी की मंशा विधानसभा एवं लोकसभा में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की है। कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन कांग्रेस द्वारा इसका विरोध किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इसे महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के विपरीत बताते हुए कहा कि यह कदम देश की आधी आबादी की आकांक्षाओं के खिलाफ है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जिसे रोकने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है।
**ये लोग रहे मौजूद :** प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा किरन पंत, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पालीवाल, कमला तिवारी, संदीप श्रीवास्तव, कविता साह, विनीत बिष्ट, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक, दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, अर्जुन बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, मनीष जोशी, देवेंद्र भट्ट, पारू उप्रेती, दीपा पांडे, ललिता पंचपाल, विमला देवी, रुबीना, मोहिनी कनवाल, हंसी मेहरा, माया मेहरा, निशा बिष्ट, ममता कनवाल, ममता साह, कोमल जोशी, प्रीति रस्तोगी, दीपिका बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# आज नई तकनीकों को अपनाना जरूरीः तिवारी



पीएमश्री इंटर कॉलेज खूंट में वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करते विधायक मनोज तिवारी।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** पीएमश्री जीबी पंत इंटर कॉलेज खूंट का शनिवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मनोज तिवारी ने दीप जलाकर किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबांधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि अनुशासन, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच भी उतनी ही आवश्यक है। कहा कि असफलताएं जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन उनसे घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता की कुंजी है। उन्होंने डिजिटल युग में नई तकनीकों को अपनाने और अपने कौशल को निरंतर निखारने पर भी जोर दिया। इस मौके पर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने कुमाऊनी-गढ़वाली समेत अन्य लोकगीतों की प्रस्तुति से लोगों की तालियां बटोरी। यहां प्रधानाचार्य अरविंद, कुंदन राम, आनंद सिंह बिष्ट, डॉ. दीप चंद्र जोशी, विनोद तिवारी, चंदन भोज, सुंदर भोज, मीना देवी, किरण तिवारी आदि मौजूद रहे।

# लोहाघाट में आंगनबाड़ी वर्कर्स का धरना जारी

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** 24 हजार रुपये मासिक मानदेय समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को 14वें दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया।

शुक्रवार को संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष कविता पंत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रैन बसेरे के पास धरना दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उन्हें तहसील परिसर से हटाकर रैन बसेरे में भेज दिया है, जो उत्पीड़न का उदाहरण है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक मासिक मानदेय बढ़ाने की मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यकर्ताओं ने बायोमैट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त करने, सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की एकमुश्त धनराशि देने तथा विभाग में रिक्त पदों पर जिलेवार पदोन्नति की मांग भी उठाई।

इस दौरान शर्मिला बोहरा, बसंती देवी, उर्मिला देवी, रीता पांडेय, हेमलता चौबे, पुष्पा पाटनी, मीना चौबे, किरण देव, लीलावती पांडेय, मंजू देवी, पार्वती देवी, जानकी पाठक, अनिता जोशी, ममता मेहता, विमला पाटनी, पुष्पा बोहरा, मीना देवी, हीरा बोहरा, ज्योति अधिकारी, कविता भंडारी, तुलसी बोहरा, ममता बिष्ट, समीना बानो और मीरा देवी मौजूद रहीं।



लोहाघाट में धरने के दौरान नारेबाजी करतीं आंगनबाड़ी वर्कर्स। ● अमृत विचार

### चम्पावत में भी दिया धरना

**चम्पावत :** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन जारी रखा। चम्पावत टैक्सी स्टैंड में कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। संगठन की प्रदेश सदस्य विमला पनेरू ने बताया कि प्रांतीय संगठन के आह्वान पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्य बहिष्कार पर हैं। उन्होंने 24 हजार रुपये मासिक मानदेय, बायोमैट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त करने, समय पर मानदेय भुगतान तथा सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की एकमुश्त धनराशि देने की मांग की। प्रदर्शन में चंद्रकला, विनीता आर्या, मीना देवी, सुमन बिष्ट, शशिप्रभा, शांति देवी, पुष्पा मेहरा, जीवंती जोशी, विमला शर्मा, कमला तड़ागी, गंगा देवी, राधा बिष्ट, प्रवीना गड़कोटी और हेमा जोशी समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहीं।

## लव जिहाद के विरोध में विहिप का प्रदर्शन

**रानीखेतः** विश्व हिंदू परिषद जिला रानीखेत के कार्यकर्ताओं ने देशभर में कथित लव जिहाद, धर्मांतरण और सुनियोजित सनातन विरोधी गतिविधियों के विरोध में गांधी चौक पर पुतला दहन कर प्रदर्शन किया।

वक्ताओं ने कहा कि यदि रानीखेत क्षेत्र में ऐसी गतिविधियां देखी गईं तो उनका उग्र विरोध किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से बाहरी लोगों का कड़ाई से सत्यापन कराने तथा संदिग्ध तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन पंत व संचालन जिला मंत्री विपिन भार्गव ने किया। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष रघुवर सिंह बिष्ट, नगर अध्यक्ष नवल किशोर पांडे, नगर उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह मनराल, नगर प्रचार-प्रसार प्रमुख पाराशर तिवारी आदि रहे।

# कला और विज्ञान संकाय ने जीते मैच



अल्मोड़ा स्टेडियम में क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ विवि कुलपति। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सोबन सिंह जीना विवि की अंतर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है। शनिवार को प्रतियोगिता के तहत दो लीग मुकाबले खेले गए। जिसमें कला संकाय और विज्ञान संकाय ने शानदार जीत दर्ज की।

हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवि कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद दो लीग मुकाबले खेले गए। पहले टीम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शिक्षा संकाय ने विज्ञान संकाय को परास्त कर मुकाबला अपने नाम किया। वहीं दूसरे मुकाबला कला संकाय और वाणिज्य संकाय के मध्य खेला गया। दोनों टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस मुकाबले में कला संकाय ने जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

इस मौके पर विवि के क्रीड़ा अधिकारी लियाकत अली खान, छात्रसंघ अध्यक्ष लोकेश सुप्याल, कृष्णा नेगी, राजेंद्र राणा, अमित बिष्ट समेत अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।



परशुराम जयंती पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चे और आयोजक। ● अमृत विचार

## श्रद्धा और उत्साह से मनाई परशुराम जयंती

**खटीमा :** रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में परशुराम जयंती श्रद्धा एवं उत्साह से मनाई गई। परशुराम जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. भगत सिंह बोरा ने परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आचार्य त्रिलोक जोशी ने भगवान परशुराम के जीवन, आदर्श, त्याग, पराक्रम एवं धर्म निष्ठा की जानकारी दी। संचालन कार्यक्रम प्रमुख आचार्य चंद्रपाल ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कविता, भाषण एवं परशुराम - लक्ष्मण संवाद आदि नाटक प्रस्तुत किए। इस दौरान बस्ता प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रधानाचार्य डॉ. बोरा ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

# पारदर्शी तरीके से खरीदा जाए गेहूं

- भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने गेहूं तौल केन्द्रों का जायजा लिया

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने नगर के नवीन अनाज मंडी स्थित गेहूं तोल केंद्रों का निरीक्षण करते हुए तोल व्यवस्था, खरीद प्रक्रिया एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से गेहूं खरीद की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का पूरा लाभ किसानों को उपलब्ध कराने की बात कही। भाजपा नेता संजीव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने किसान हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया है तथा धामी सरकार किसानों के लिए समर्पित सरकार है। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी तथा उनकी उपज का पारदर्शी तरीके से क्रय किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से भी वार्ता कर विस्तृत जानकारी हासिल की। मौके पर किशनलाल मौर्य, राजकुमार, अमित कुमार, संतोष सिंह, संदीप कुमार, तुलसी मौर्य, संजय आर्य, राम किशन आदि मौजूद रहे।



किच्छा में तोल केंद्र पर महिला अधिकारी से वार्ता करते भाजपा नेता संजीव सिंह।

## सिलेंडर के लिए इंडेन एजेंसी पर भारी हंगामा

**बाजपुरः** नगर में पिछले दो दिनों से रसोई गैस की आपूर्ति बाधित होने पर शनिवार को उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम पर सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों के बीच जमकर धक्का-मुक्की और हंगामा हुआ। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ी।

सूचना पर एसएसआई विक्रम धामी और एएसआई सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस की मौजूदगी में वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया। इसके बाद बेरिया दौलत क्षेत्र के लिए पिकअप वाहन और शहर के भीतर ई-रिक्शा के माध्यम से होम डिलीवरी शुरू की गई।

# पीलीभीत हाईवे पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** पीलीभीत हाईवे पर नकटपुरा तिराहे के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शनिवार दोपहर नकटपुरा चौराहे के पास एक डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सरकड़ा दीपक तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां टीम को एक युवक सड़क पर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल निजी वाहन से उप जिला अस्पताल, सितारगंज पहुंचाया। मृतक बाइक सवार की शिनाख्त 16 वर्षीय नितिन कुमार निवासी गांव फुलैय्या, अमरिया (पीलीभीत) के रूप में हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि डंपर खाली था। जो अमरिया से सितारगंज की ओर आ रहा था। बाइक सवार नितीन सितारगंज से अपने घर लौट रहा था। तभी नकटपुरा तिराहे के पास डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। एसआई प्रकाश जोशी ने पंचनामा की कार्रवाई की गई।



पिया बाज प्याला पिया जाए ना
पिया बाज यक तिल जिया जाए ना

कुली कुतुब शाह कहते हैं, ईश्वर के बिना जीवन का आनंद नहीं लिया जा सकता। इसी तरह प्रियतम के बिना भी एक पल भी जीना मुश्किल है।



# जीवन की सांध्य बेला में निराश हैं वृद्ध माता-पिता

> मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरद : शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करतीं। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है।

अमेरिका की समाज व्यवस्था व्यक्तिवादी है। संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं है। अमेरिका में रहने वाले तमाम भारतवासी हमारे परिचित हैं। वे अपने पुत्रों के किस्से सुनाते हुए भावुक हो जाते हैं। आंखें छलछला जाती हैं। ताजी घटना ने मुझे मर्माहत किया है। मेरे एक मित्र के दोनों पुत्र परिवार सहित अमेरिका में कार्यरत हैं। जीवन के अंतिम दिनों में पत्नी के साथ अकेले रह गए।

बीमारी के समय न तो संतानें साथ थीं और न ही उचित देखभाल का सहारा मिला। निधन के उपरांत एक पुत्र और दूसरे की पत्नी औपचारिक रूप से आए, किंतु अंतिम संस्कार तक में वह श्रद्धा परंपरा का भाव नहीं। अस्पताल से सीधे श्मशान ले जाकर बिना विधि-विधान के अंत्येष्टि कर दी गई। घर तक लाना भी आवश्यक नहीं समझा गया। घटना बदलते पारिवारिक मूल्यों और वृद्ध की उपेक्षा का मार्मिक उदाहरण है।

मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करती। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है।

वृद्धों की सेवा उनके पुत्रों-पौत्रों का प्रथम वरीयता वाला दायित्व है। यह राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य सतर्क है। इस पर कानून भी है, लेकिन समाज इस महत्वपूर्ण समस्या पर सजग व सतर्क नहीं है। भारतीय समाज जीवन संयुक्त परिवारों में विकसित हुआ है। ऐसे परिवारों के सुख-दुःख साझे रहे हैं। वृद्ध अपने बड़े परिवारों में आनंदित रहते हैं, लेकिन अब संयुक्त परिवारों की परंपरा टूट गई है। सब एकाकी रहना चाहते हैं। वृद्ध अकेले हो रहे हैं। वे उपयोगी नहीं माने जाते। वे अशक्त है। आधुनिक उपयोगितावाद के कारण वृद्धावस्था के शारीरिक कष्टों में अब मानसिक संताप भी जुड़ गए हैं। ज्यादातर वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाए कुचालक हो रही हैं।

सभी प्राणी काल के भीतर हैं। मनुष्य भी। जन्म और शैशव ऊषाकाल है। बचपन संभावनाओं का बीज है। संभावना का बीज फूटता है। जीवन ऊर्जा से भरीपूरी तरुणाई आती है। तरुणाई भी स्थिर नहीं है। 40-50 शरद पूर्णिमा आई, गई। जीवन का संध्या काल आया। ऊर्जा घटी, शरीर टूटा। प्राचीन कवि बता गए हैं-शीर्यते इति शरीरं। जो शीर्ण होता रहता है, वह शरीर है। शरीर सतत् क्षरणशील है। 60 वर्ष के आसपास आ जाती है वृद्धावस्था। आयुर्वेद के ग्रंथ शारंगधर संहिता में मनुष्य शरीर के क्षरण का सुंदर उल्लेख है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

लिखा है कि प्रत्येक 10 वर्ष बाद भाव ह्रास के लाक्षणिक परिवर्तन आते हैं। जीवन के पहले 10 वर्ष में मनमौजी बाल्यावस्था का ह्रास होता है। फिर अगले 10 वर्ष में वृद्धि का ह्रास होता है। वृद्धि रुक जाती है। फिर अगले 10 वर्ष में कांति चेहरे की दीप्ति का ह्रास, फिर आगे के 10 वर्ष में धारणा का ह्रास होता है। 5वें दशक में सौंदर्य का ह्रास और छठे में दृष्टि का ह्रास बताया गया है। 7वें दशक में ऊर्जाबल का ह्रास, फिर पराक्रम और बुद्धि का ह्रास होता है।'

आधुनिक विज्ञान ने इस ह्रास को घटाया है, लेकिन प्रकृति के नियम अपना काम करते ही हैं। वृद्ध होना सबकी नियति है। बुढ़ापा अभिशाप नहीं है। वृद्धों के पास संसार के जीवंत अनुभवों का कोष होता है। अनुभव का कोष महत्वपूर्ण है। वृद्ध के पास दिशा होती है, युवक के पास गति और ऊर्जा। वृद्धों के दिशा-दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी है।

माता-पिता भी मार्गदर्शक संरक्षक होते हैं। वे न होते तो हम न होते। ऋग्वेद में पृथ्वी माता है, आकाश पिता है। इस उदाहरण में विराट पृथ्वी और अनंत आकाश की तुलना माता-पिता से की गई है। माता-पिता से हमारे अंतर्संबंध एकात्म हैं। वे जनक है। वे हमारा भविष्य संवारने में जुटे दो देव हैं। वे प्रतिपल प्यार और शुभांशंसा उंडेलने वाले शक्ति केंद्र हैं। उनका आदर और सम्मान हमारा कर्तव्य है। माता-पिता के प्रति हमारा सम्मान अतर्क्य है। ऋषि की इच्छा है कि हम पृथ्वी को मां जैसी और आकाश को पिता जैसी प्रतिष्ठा दें।

ऋग्वेद (10.22.3) में इंद्र से कहते हैं 'जैसे पिता अपने पुत्र को संरक्षण देता है, आप हमें वैसे ही संरक्षण दें- पिता पुत्रमिव प्रियम्।' यहां पिता का संरक्षण सबसे बड़ा है। ऋषि की कामना है कि इंद्र भी उसे पिता जैसा संरक्षण दें। हाथ पकड़े रहें, हम गिरें तो वे तत्काल उठा लें। एक अन्य मंत्र में इंद्र से प्रार्थना है कि आप हमें पिता की तरह बुद्धि दें-प्रमतिपितेव। इंद्र ज्ञानी हैं। यह समाज की मान्यता है, लेकिन पिता द्वारा दी गई बुद्धि की बात ही दूसरी है। ऋषि पिता की बुद्धि को श्रेय जानता है। देव सामाजिक मान्यता हैं। पिता यथार्थ हैं। प्रत्यक्ष संरक्षक व सुखदाता है। सोम से स्तुति है, 'हमें वैसे ही सुखी रखो, जैसे पिता पुत्र को सुखी रखता है।' सुख कई तरह का होता है। प्रिय का मिलन सुख है। प्रकृति की अनुकूलता सुख है। इच्छा का पूरा होना भी सुख है, लेकिन ऋषि पिता द्वारा दिए गए सुख से सराबोर है।

माता-पिता बचपन में पोषण देते हैं, पढ़ाते हैं सिखाते हैं। वे स्वयं की चिंता नहीं करते, अपना भविष्य नहीं देखते। हम सबके सुखद भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। हम तरुण होते हैं, पिता वृद्ध होते हैं। हम तरुणाई से और परिपक्व होते हैं, पिता और वृद्ध होते हैं। जब हम तेज रफ्तार जीवन की गतिशीलता में होते हैं, तब माता-पिता उठते ही गिर पड़ते हैं। वे बचपन में हमको गिरने से बचाते थे। ऋषि को स्मृति में ऐसे तमाम प्रसंग हैं। एक ऋषि अग्नि से स्तुति करते हैं, 'हमें वैसे ही उछालो जैसे हमारे पिता हमको उछालते थे'। बचपन में माता-पिता हमको उछालते थे। हम उनकी गोद में गिरते थे। खिलखिलाते हंसते थे। क्या उन्हें हम उनकी वृद्धावस्था में अपनी गोद में बैठा सकते हैं?

अधिकांश वृद्ध माता-पिता जीवन की सांझ में निराश हैं। पुत्र अपने काम में व्यस्त हैं। माता-पिता अकेले हैं। कुछेक को दवा भोजन मिलता है, लेकिन प्रेम नहीं। उन्हें वृद्धावस्था में संरक्षण की जरूरत है, लेकिन कमाऊ पुत्र डांट रहे हैं, वृद्ध व्यथित हैं। सरकारें वृद्धाश्रम बना रही हैं। यह राष्ट्रव्यापी समस्या है। इसका उपचार प्राचीन संस्कृति और वैदिक सभ्यता है। भारत के अपने इतिहास में माता-पिता के आदर व श्रद्धा वाला संस्कारी समाज था। वैसा ही संस्कारी समाज बनाने के लिए माता-पिता का संरक्षण पाना और वृद्धावस्था में उन्हें संरक्षण देना कोई बड़ा काम नहीं है। यह सांस्कृतिक प्रश्न है। सामाजिक प्रश्न है और पारिवारिक आनंद की प्राप्ति का मार्ग भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# समाज के कटघरे में खड़ी आजाद स्त्री

हर शाम जब वह अपने दफ़्तर से लौटकर घर का दरवाज़ा खोलती है, तो केवल ताला नहीं खुलता, बल्कि समाज की संदेहभरी निगाहें भी उसके साथ भीतर प्रवेश कर जाती हैं। वह शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरी एक आधुनिक महिला है, जो अपनी गाड़ी स्वयं चलाती है, किताबों में सुकून तलाशती है और अपने सपनों की दुनिया खुद गढ़ती है, लेकिन समाज की नजर में उसकी यह सफलता सम्मान का कारण नहीं बनती, बल्कि उसे 'समस्या' का रूप दे देती है। भारत में आज लाखों महिलाएं अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा होकर आत्मसम्मान के साथ जीवन जी रही हैं, फिर भी उन्हें अधूरा मान लिया जाता है। मानो विवाह ही स्त्री के अस्तित्व की अंतिम स्वीकृति हो। यही सीमित सोच उन्हें सराहना के बजाय संदेह और सवालों के कटघरे में खड़ा कर देती है।



कृति जैन
लेखिका

यह मानसिकता अचानक उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं की गहराइयों से निकली है। समाज ने स्त्री को सदैव किसी न किसी पुरुष की छाया में देखने की आदत बना ली है। पिता, पति और पुत्र इन्हीं के माध्यम से उसके जीवन की पहचान तय कर दी गई। आज भी अनेक परिवार विवाह को ही स्त्री की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार शहरी भारत में अविवाहित महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, फिर भी सामाजिक सोच अब तक पिछड़ेपन से मुक्त नहीं हो सकी है। स्वतंत्र व आत्मनिर्भर महिला को व्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि वह पारंपरिक सत्ता संरचना को चुनौती देती है व स्थापित मान्यताओं को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

> अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं।

इस भय का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं के रोज़मर्रा के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मकान मालिक उन्हें किराए पर घर देने से हिचकिचाते हैं, पड़ोसी कानाफूसी करते हैं और रिश्तेदार बार-बार विवाह की याद दिलाकर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। कार्यस्थल पर भी उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है, मानो उनकी योग्यता नहीं, बल्कि उनका वैवाहिक दर्जा ही उनकी पहचान हो। पुरुषों का अविवाहित रहना सामान्य माना जाता है, किंतु किसी महिला का अकेले रहना उसके चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां अविवाहित या विधवा महिलाओं को सामाजिक बहिष्कार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड धीरे-धीरे महिलाओं की आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को कमजोर करने का माध्यम बन जाता है।

अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं। व्यवस्था अब तक यही मानकर चलती है कि महिला का जीवन किसी पुरुष के सहारे ही पूर्ण होता है। जब वह अपने बल पर आगे बढ़ती है, तो उसे अपवाद की तरह देखा जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य शुरू होता है, वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्योहार हर वर्ष बैसाख माह में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं, क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं।

अक्षय तृतीया का पर्व बसंत व ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है, जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है, क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था, इसीलिए इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाए थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था, जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।



रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग, जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है, वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है, इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है, कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है, जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में बैसाख के बसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं, जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला, इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

जैन धर्म में भी अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था, इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# रैंकिंग में भारत के फिसलने के मायने

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर हाल में आई एक खबर ने बहस छेड़ दी है-अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रैंकिंग में भारत छठे स्थान पर खिसक गया है। यह वही भारत है, जिसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सच में भारत कमजोर हो रहा है या यह केवल आंकड़ों का खेल है?

> भारत का छठे स्थान पर जाना एक झटका जरूर है, लेकिन इसे संकट के रूप में देखना जल्दबाजी होगी। यह एक चेतावनी भी है कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में केवल तेजी से बढ़ना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि मुद्रा स्थिरता और सटीक आंकड़ों की भी उतनी ही अहम भूमिका है।

आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, 2025-26 के अनुमानों में भारत की जीडीपी लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने की संभावना है, जबकि ब्रिटेन 4.26 ट्रिलियन डॉलर के साथ एक पायदान ऊपर पहुंच गया है। इससे भारत छठे स्थान पर चला गया। अमेरिका और चीन पहले दो स्थानों पर बने हुए हैं, जबकि जर्मनी, जापान और ब्रिटेन भारत से आगे हैं। पहली नजर में यह गिरावट चिंता पैदा करती है, लेकिन गहराई से देखने पर तस्वीर कुछ अलग नजर आती है। यह बदलाव विकास दर में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि गणना के तरीके और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से जुड़ा है।

जीडीपी की वैश्विक तुलना अमेरिकी डॉलर में होती है। यही वह बिंदु है, जहां भारत को झटका लगा। पिछले एक साल में भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है- 93 के पार पहुंचना इसका संकेत है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

इसे सरल भाषा में समझें। मान लीजिए भारत में उत्पादन और आय बढ़ रही है, लेकिन रुपया कमजोर हो रहा है। ऐसे में जब उसी उत्पादन को डॉलर में बदला जाएगा, तो उसकी वैल्यू कम दिखाई देगी। यानी असल में अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय तुलना में वह छोटी दिखने लगती है। यही कारण है कि भारत की जीडीपी डॉलर में कम आंकी गई और रैंकिंग नीचे खिसक गई।

भारत सरकार ने हाल ही में जीडीपी मापने के लिए बेस ईयर को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। यह एक तकनीकी, लेकिन बेहद अहम बदलाव है। बेस ईयर बदलने का मतलब है कि अब अर्थव्यवस्था को नए डेटा और नए मानकों के आधार पर मापा जा रहा है। इससे आंकड़े ज्यादा सटीक होते हैं, लेकिन जब पुराने वर्षों की जीडीपी को नए तरीके से दोबारा कैलकुलेट किया गया, तो कुछ सेक्टरों में अनुमान कम हो गए। इस बदलाव से नॉमिनल जीडीपी में करीब दो से चार प्रतिशत तक की कमी दिखी।

यहां सबसे दिलचस्प पहलू सामने आता है। एक तरफ भारत 6.5% की दर से बढ़ रहा है, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है। दूसरी तरफ उसकी रैंकिंग गिर रही है। विकास दर और कुल जीडीपी का आकार दो अलग चीजें हैं। विकास दर बताती है कि अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ रही है, जबकि जीडीपी का आकार दर्शाता है कि कुल अर्थव्यवस्था कितनी बड़ी है। भारत तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी अमेरिका, चीन, जर्मनी जैसे देशों की तुलना में उसका कुल आकार छोटा है। ऐसे में यदि मुद्रा कमजोर हो जाए या आंकड़ों में बदलाव हो जाए, तो रैंकिंग प्रभावित होना स्वाभाविक है।

ब्रिटेन ने इस बार भारत को पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे दो प्रमुख कारण हैं-पहला, ब्रिटेन की मुद्रा अपेक्षाकृत स्थिर रही; दूसरा, वहां के आर्थिक आंकड़ों में ऐसा कोई बड़ा संशोधन नहीं हुआ जैसा भारत में हुआ। यानी जहां भारत को रुपये की कमजोरी और बेस ईयर बदलाव का दोहरा झटका लगा, वहीं ब्रिटेन अपेक्षाकृत स्थिर बना रहा।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट स्थायी नहीं है। इसके पीछे कोई बुनियादी आर्थिक कमजोरी नहीं है। भारत की खपत, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास मजबूत स्थिति में हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी घरेलू मांग है। इसके अलावा सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर, डिजिटल इकोनॉमी का विस्तार और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आईएमएफ का अनुमान है कि यदि यही रफ्तार बनी रही, तो भारत 2027-28 तक फिर से चौथे स्थान पर पहुंच सकता है।

भारत के सामने अब दो बड़ी चुनौतियां हैं- मुद्रा को स्थिर रखना और आर्थिक सुधारों की गति बनाए रखना। रुपये की स्थिरता के लिए मजबूत निर्यात, विदेशी निवेश और वित्तीय अनुशासन जरूरी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# शारीरिक और मानसिक आघात पहुंचाने वाली बातों को भूलना श्रेयस्कर

कभी-कभी जीवन में ऐसी घटना हो जाती है कि उससे इंसान स्थायी रूप से क्रोधी हो जाता है। जब कभी उस घटना की याद आती है, तो क्रोध का पारा सातवें आसमान पर चढ़ जाता है। ऐसी ही घटना भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के साथ हो गया था। थे तो वे ऋषि, जिसका काम ज्ञान देना था, लेकिन परशुराम के साथ राजा सहस्रार्जुन से युद्ध की कथा भी महाभारत ग्रंथ में उल्लिखित है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सहस्रार्जुन राजा होकर अपने दायित्व से च्युत हो जाता है। ज्ञान के भंडार परशुराम के पिता जमदग्नि की हत्या तथा उनके आश्रम के पेड़ पर्यावरण संरक्षण पद्धति को नष्ट करता है। पेड़-पौधों को उजाड़ देने पर परशुराम ने बदला लिया, जो स्वाभाविक है। सनातन संस्कृति में वृक्षों को भगवान का दर्जा दिया गया है। धार्मिक कार्यों में संकल्प के दौरान 'वनस्पतयः शांतिः' का उल्लेख किया गया है। यानी वनस्पतियों की रक्षा करनी चाहिए। सहस्त्रार्जुन राजा होकर हिंसा पर उतारू हो गया, जबकि महाभारत के शांति पर्व में भीष्म ने युधिष्ठिर से कहा भी है कि लोकहित में ऋषि अपने ज्ञान एवं तपोबल तथा राजा अपने बाहुबल से प्रजा को सुख, शांति तथा उल्लास प्रदान करे।

चाणक्य भी इसी तरह की व्यवस्था के हिमायती थे। इसमें जो भी अपने दायित्व से विचलित होता है, वह दंड का भागीदार होता है। इन्हीं कारणों से परशुराम क्रोधी स्वभाव के हो गए। जब सीता स्वयंवर में शिव का धनुष टूटने पर परशुराम ने क्रोध किया, तो लक्ष्मणजी ने 'लखन कहेउ हंसि सुनहु मुनि क्रोध पाप कर मूल, जेहि बस जन अनुचित करहिं चरहिं बिस्व प्रतिकूल' रामचरितमानस के दोहे में गोस्वामी तुलसीदास ने क्रोध को अनुचित बताया है।

यह क्रोध करने वाले के तन-मन पर बुरा प्रभाव डालता है। यदि जीवन में किसी ने कुछ अहित कर दिया, तो उसको भुलाने की सलाह दी जाती है। अंततः परशुराम जी का जब सामना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से हुआ, तो परशुरामजी ने अपना क्रोध त्याग दिया। जिन कारणों से शारीरिक एवं मानसिक आघात पहुंचे, उधर ध्यान ही नहीं देना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मर्द जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है!

मर्द रोता नहीं और जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है। यह वाक्य केवल एक संवाद नहीं है; यह एक सामाजिक प्रशिक्षण का सार है। लड़कों को बचपन से जिस ढंग से गढ़ा जाता है, वही आगे चलकर उनकी भावनात्मक दुनिया, व्यवहार और उनके आत्मबोध को आकार देता है।



घर में जब छोटा लड़का गिरकर रोता है तो अक्सर उसे कहा जाता है 'चुप हो जाओ, लड़के रोते नहीं।' स्कूल में उसे सिखाया जाता है कि वह मजबूत बने, प्रतियोगिता जीते, हार को छिपाए। खेल के मैदान में उसे दर्द सहने की आदत डालने को कहा जाता है। किशोरावस्था में उसे यह संकेत मिलता है कि संवेदनशीलता आकर्षक नहीं, सफलता और नियंत्रण ही सम्मान दिलाते हैं। यह सब मिलकर एक भावनात्मक अनुशासन बनाता है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति की पहचान का हिस्सा बन जाता है।

मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि प्रारंभिक समाजीकरण व्यक्ति की भावनात्मक शब्दावली को प्रभावित करता है। यदि बचपन में भावनाओं को व्यक्त करने की अनुमति सीमित हो, तो वयस्क होने पर व्यक्ति उन्हें पहचानने और साझा करने में कठिनाई महसूस करता है। यही कारण है कि अनेक पुरुष अपनी बेचैनी, तनाव या अवसाद को स्पष्ट रूप से पहचान नहीं पाते।



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि वयस्क आबादी में अवसाद और चिंता विकार व्यापक हैं। पुरुषों में पदार्थ-निर्भरता और शराब उपयोग विकार की दर महिलाओं की तुलना में अधिक पाई गई है, जबकि उपचार तक पहुंचने वाले पुरुषों का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम है। यह अंतर केवल चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता का नहीं, बल्कि सामाजिक धारणाओं का भी परिणाम है, जहां सहायता मांगना अक्सर कमजोरी माना जाता है।

वैश्विक स्तर पर भी यही पैटर्न दिखाई देता है। अनेक देशों में पुरुष मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कम करते हैं, जबकि जोखिमपूर्ण व्यवहार अधिक देखा जाता है।

समाज पुरुष से यह अपेक्षा करता है कि वह आत्मनिर्भर, स्थिर और भावनात्मक रूप से अडिग रहे। इसी अपेक्षा के कारण सहायता मांगना कई बार उसके आत्मसम्मान के विरुद्ध प्रतीत होता है।

भारतीय संदर्भ में यह अपेक्षा और जटिल हो जाती है। परिवार संरचना में पुरुष को अक्सर आर्थिक स्तंभ के रूप में देखा जाता है। कमाई, स्थिरता और सामाजिक प्रतिष्ठा उसकी पहचान का हिस्सा बन जाती है। यदि रोजगार अस्थिर हो, आय घटे या आर्थिक दबाव बढ़े, तो संकट केवल आर्थिक नहीं रहता, वह आत्मबोध का संकट बन जाता है।

ग्रामीण भारत में यह दबाव कृषि अस्थिरता, ऋण और बाज़ार जोखिम से जुड़ता है, जबकि शहरी संदर्भ में प्रतिस्पर्धात्मक कार्यसंस्कृति, अस्थायी रोजगार और लगातार तुलना इसे और तीव्र बना देती है। दोनों ही स्थितियों में पुरुष का आत्ममूल्य उपलब्धियों से बंध जाता है, और भावनात्मक जीवन पीछे छूट जाता है, लेकिन यह केवल अर्थव्यवस्था का प्रश्न नहीं है; यह उस सांस्कृतिक मस्कुलैरिटी का प्रश्न है, जिसे समाज पीढ़ियों से निर्मित करता आया है। अकादमिक रूप से इसे 'हेजेमोनिक मस्कुलिनिटी' कहा जाता है, जिसमें शक्ति, नियंत्रण और भावनात्मक कठोरता को आदर्श पुरुषत्व माना जाता है।

समाज एक आदर्श पुरुष छवि निर्मित करता है। मजबूत शरीर, नियंत्रित भावनाएं और कमज़ोरी का अभाव। फिल्मों, खेल, विज्ञापनों और अब डिजिटल मीडिया में यह छवि लगातार दोहराई जाती है। धीरे-धीरे यह छवि केवल आदर्श नहीं रहती, बल्कि सामाजिक मानक बन जाती है। यहीं से मर्दानगी का निर्माण शुरू होता है। घर की भाषा से, जहां आंसू को शर्म से जोड़ा जाता है; स्कूल की संस्कृति से, जहां लड़कों को कठोरता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और साथियों के व्यवहार से, जहां संवेदनशीलता को उपहास का विषय बनाया जा सकता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

**ब्रीफ न्यूज**

### स्वास्थ्य शिविर में हुई निशुल्क जांच, दवा बांटी

**हल्द्वानी :** दमुवादूंगा क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क में शनिवार को पूर्व विधायक जोगाराम टम्टा की ओर से निशुल्क स्त्री रोग परामर्श शिविर व स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में लखनऊ से आईं डॉ. अंजलि सोमानी ने महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच की। जोगाराम टम्टा ने सहयोग के लिए मेयर गजराज सिंह बिष्ट और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया। डॉ. अंजलि सोमानी ने बताया कि शिविर के दौरान एनीमिया, शुगर, हीमोग्लोबिन और थायराइड की जांच कर जरूरी दवाओं के साथ ही परामर्श दिया गया। इस मौके पर डॉ. ज्योति टम्टा, मिथुन जायसवाल, गीता देवी, राधा देवी, किरन और नीरज रहे।


### 100 सिलेंडर पहुंचने से मिली आंशिक राहत

**भीमताल :** भीमताल नगर में शनिवार को 100 और सिलेंडर पहुंचने से कारोबारियों को कुछ राहत मिली है। कई भोजनालय, रेस्टोरेंट और होमस्टे में गैस की कमी के कारण संचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इधर, होटल कारोबारी नितेश बिष्ट, अखिलेश सेमवाल, टेंट कारोबारी मनोज दुर्गपाल, कार्तिक कर्नाटक, राहुल जोशी और राहुल तोमर ने प्रशासन से मांग की है कि पर्यटन सीजन को देखते हुए व्यावसायिक सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# यात्रा के सुखद अनुभव लेकर लौटें श्रद्धालु, यही हमारा प्रयास: सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को मंगलमय यात्रा की दीं शुभकामनाएं

प्रमुख संवाददाता, देहरादून





**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में आज रविवार से प्रारम्भ हो रही चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा हेतु आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि वे बाबा केदार, मां गंगोत्री और मां यमुनोत्री और भगवान बद्री विशाल से प्रार्थना करते हैं कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चारधाम यात्रा सकुशल संपन्न हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष की चारधाम यात्रा अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी। राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए प्रयासरत है। इस संबंध में प्रत्येक स्तर पर चारधाम यात्रा संबंधी तैयारियों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। हमारा प्रयास रहेगा कि जो भी श्रद्धालु, यात्रा पर आए, वो देवभूमि उत्तराखंड में बिताए गए समय की स्वर्णिम यादों को साथ लेकर जाए।

- **कहा-राज्य सरकार का संकल्प प्रत्येक श्रद्धालु को कराएंगे चार धाम के दर्शन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य के लिए एक उत्सव के समान है। चारधाम यात्रा में देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं। सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम तथा सुरक्षित हो इसकी व्यवस्था की जा रही है। चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम व सफल हो इसके लिए हम सबको सहयोगी बनना होगा ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु हमारी देवभूमि के संदेश को देश व दुनिया में पहुंचाने में भी मददगार बनें।

### सफाई से सुरक्षा कर्मियों तक यह अपील

मुख्यमंत्री ने चार धाम यात्रा में लगे सफाई कर्मचारियों से लेकर सुरक्षा में तैनात रहने वाले पुलिस के प्रत्येक जवान और प्रशासनिक अधिकारी से अपील करते हुए कहा कि सभी यात्रा व्यवस्था के दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें ताकि यात्रा में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। आपसी सहयोग और भगवान के आशीर्वाद से हम सभी इस बार की यात्रा को भी सुरक्षित एवं सुविधाजनक ढंग से सम्पन्न कराने में सफल होंगे, इसकी भी कामना है।

# चारधाम यात्रा में इस बार लागू होंगे नए नियम, बीकेटीसी ने लगाई मुहर

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- **बदरी-केदारनाथ धाम के मंदिर, गर्भगृह में गैर सनातनियों का प्रवेश नहीं होगा, फोटो-वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध**



**अमृत विचार:** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड चारधाम यात्रा-2026 का आज से शुभारंभ होने जा रहा है। इस साल की यात्रा में इस बार नए नियम लागू होंगे। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) इन नियमों पर पूर्व में ही बोर्ड की बजट बैठक में प्रस्ताव लाकर मुहर लगा चुकी है।

इन नियमों में बदरीनाथ, केदारनाथ धाम के मंदिर परिसर और गर्भगृह में गैर हिंदुओं के प्रवेश को अनुमति नहीं दी जाएगी। यह नियम बीकेटीसी से जुड़े 45 मंदिरों पर भी लागू होगा। केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम में मंदिर परिसर के 50 मीटर के दायरे में किसी भी तरह की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी (कैमरे व मोबाइल फोन से) पर भी प्रतिबंध रहेगा। मंदिर में प्रवेश करने के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुसार उनके मोबाइल फोन सुरक्षित रखने के लिए लॉकर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, सरकार ने चारों धामों में रोजाना दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की अधिकतम संख्या की व्यवस्था समाप्त करने का नियम भी लागू कर दिया है।

बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में बीकेटीसी की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की कथा या धार्मिक आयोजन नहीं होगा। इस बार नए नियम में बदरीनाथ व केदारनाथ धाम में विशेष पूजाएं कराने के शुल्क को बढ़ाया गया है। इसके तहत, केदारनाथ धाम में दिन भर की पूजा के लिए 51 हजार रुपये शुल्क देना होगा जबकि बदरीनाथ धाम में श्रीमद्भागवत कथा कराने के लिए एक लाख रुपये का शुल्क लेने की व्यवस्था की गई है। वहीं, इसके अलावा गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश से पहले पंचगव्य (दूध, दही, घी, गोमूत्र, गोबर) को ग्रहण करना अनिवार्य होगा।

बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चारधाम यात्रा का ऋषिकेश से आगाज कर चुके हैं। विगत 10 मार्च को संपन्न हुई बीकेटीसी की बैठक में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक का ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया गया था। देवभूमि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा आस्था और पवित्रता की यात्रा है। चारों धामों को पवित्र रखने की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में मंदिर परिसर एवं गर्भगृह में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने के साथ एक निर्धारित दूरी तक फोटो और वीडियाग्राफी पर रोक लगायी गयी है। इन नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा। पवित्र धामों में शुल्क की हर साल बढ़ोतरी की जाती है।

# गौ माता को भोग लगाने से मिलता है पुण्य: भारद्वाज

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** श्री हरिशरणम सेवा समिति के गौसेवा प्रकल्प के अंतर्गत विगत चार वर्षों से अनवरत चल रही साप्ताहिक गौसेवा के तहत कामधेनु गोविंद गौधाम, ग्राम पुछड़ी में आश्रित गौवंश को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस दौरान गौमाता को विभिन्न प्रकार के ताजे फल, सब्जियां, अनाज, चारा, पशु आहार, मिठाई, मेवा, रोटी आदि का भोग लगाया गया।

कार्यक्रम में श्री हरिशरणम सेवा समिति के कथा वाचक शशांक भारद्वाज ने गौसेवा की महिमा का व्याख्यान करते हुए कहा कि गौ माता को छप्पन भोग अर्पित करना भारतीय संस्कृति में सच्ची श्रद्धा, कृतज्ञता और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास माना जाता है, इसलिए उन्हें छप्पन भोग अर्पित करने से सभी देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, समिति के सचिव शलभ मित्तल, कोषाध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल, गौसेवा संयोजक संजीव मित्तल (टिल्लू), प्रखर मित्तल, यश मित्तल, अमित अग्रवाल, सुनील देवल, विपिन अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, नीरज देवल, बिशन दत्त, प्रदीप मेहरोत्रा, कामधेनु गोविंद गौधाम के अध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, ईशान अग्रवाल, रामभरोसे लाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



कथा वाचन करते शशांक भारद्वाज।

# रुद्रप्रयाग सीट के आरक्षण के मामले में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने रुद्रप्रयाग विधानसभा सीट आरक्षित न करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए शनिवार को राज्य चुनाव आयोग से तीन दिन के भीतर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ में हुई। इस मामले को रुद्रप्रयाग जिले के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व सैनिक विजय लाल ने जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि राज्य गठन के बाद से अब तक रुद्रप्रयाग विधानसभा सीट को आरक्षित नहीं किया गया है जबकि राज्य बने करीब 26 वर्ष हो चुके हैं और अगले वर्ष विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। रुद्रप्रयाग क्षेत्र में अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी-एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों की पर्याप्त आबादी है। इसके बावजूद इस सीट को लगातार सामान्य (जनरल) श्रेणी में रखा गया है, जो इन वर्गों के साथ अन्याय है। याचिकाकर्ता के अनुसार उन्होंने सीट आरक्षण को लेकर कई बार राज्य चुनाव आयोग और प्रदेश सरकार को प्रत्यावेदन दिए हैं लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। खंडपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह तीन दिन के भीतर इस विषय में स्पष्ट स्थिति खंडपीठ के समक्ष रखे। याचिका में मांग की गई है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए रुद्रप्रयाग सीट को आरक्षित घोषित किया जाए ताकि वंचित वर्गों को प्रतिनिधित्व मिल सके।

### हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के लामाचौड़ में श्रमिक संविदा सहकारी समिति लिमिटेड सहित कई अन्य कोऑपरेटिव समितिओं का चुनाव नहीं कराने के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ शाह की खंडपीठ ने सरकार से यह बताने को कहा है कि चुनाव की वर्तमान स्थिति से आगामी सोमवार तक कोर्ट को अवगत कराएं। शनिवार को सरकार की तरफ से कहा गया कि इनको नोटिस दिया गया है जिसकी जांच चल रही है इसलिए इनका चुनाव प्रोग्राम की तिथि घोषित नहीं की गई। अभी तक चुनाव की जो भी प्रक्रिया चल रही है आने वाली तिथि तक वैसे ही रहेगी। उस पर कोई आगे की कार्यवाही नहीं होगी जिस पर कोर्ट ने सरकार से वर्तमान स्थिति से अवगत कराने को कहा है।

### बांसुरी वादिका गायत्री का छात्रवृत्ति के लिए चयन



**हल्द्वानी :** स्वर संगम संगीत संस्थान हल्द्वानी की प्रतिभाशाली बांसुरी वादिका गायत्री रिखाड़ी का चयन भारत सरकार के संस्कृति संसाधन व प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए हुआ है।

गायत्री रिखाड़ी वर्तमान में संस्थान में मध्यमा द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने हाल ही में स्वर संगम की स्व. निधि स्मृति संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, कोलकाता में बांग्ला नव वर्ष राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान व क्लासिकल वॉइस ऑफ इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। संस्थान के आचार्य हरीशचंद्र पंत व अन्य संगीताचार्यों ने गायत्री के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# नारी सशक्तिकरण की कांग्रेस ने की भ्रूण हत्या



मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार रात शासकीय आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर राष्ट्र के नाम संबोधन को सुना। अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों की सच्चाई को देश के सामने उजागर करते हुए उनके महिला विरोधी चेहरे को बेनकाब किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि, महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन को पारित न होने देना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह देश की नारी शक्ति के राजनीतिक सशक्तिकरण की भ्रूण हत्या के समान है। सदन में इस महत्वपूर्ण विधेयक के गिरने के बाद जिस प्रकार कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा मेजें थपथपाकर जश्न मनाया गया, वह उनकी संवेदनहीनता और बेशर्मी को दर्शाता है। देश की मातृशक्ति इस अपमान को कभी स्वीकार नहीं करेगी। निश्चित ही आने वाले समय में देश की महिलाएं इस अन्याय का लोकतांत्रिक तरीके से उत्तर देंगी।

# युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने शनिवार को स्वराज आश्रम में युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने सभी पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश व जिलों के युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उच्च शिक्षित व ऊर्जावान हैं।

इन सभी में समाज के लिए कुछ करने का जज्बा, जुनून दिखता है। निसंदेह मिशन-2027 में भाजपा की सरकार को प्रदेश से उखाड़ फेंकने मे युवाओं की अहम भूमिका रहेगी इस प्रकार प्रदेश के युवाओं का भाजपा की सरकार पिछले 10 सालो से उत्पीड़न कर रही है अब युवा भाजपा को प्रदेश से उखाड़ फेकने व कांग्रेस को सत्ता में लाने को उत्सुक हैं। यही वजह है कि बड़ी संख्या मे युवा कांग्रेस से जुड़ रहे हैं । अंत में सभी कांग्रेस जनो ने 2027 चुनाव मे विजय होने के संकल्प को दोहराया । इस दौरान सतीश नैनवाल, सुहेल सिद्दीकी, मनोज शर्मा, दीप पाठक, जगमोहन चिलवाल, विजय लटवाल, प्रकाश पांडे, गणेश उपाध्याय, मलय बिष्ट, गीता बहुगुणा, प्रकाश पाठक, रवि गुरुरानी, संजय उप्रेती, बहादुर सिंह बिष्ट, सुमित लोहनी, स्वेता जोशी, नईम अहमद, सुमित कुमार आदि रहे।



हल्द्वानी में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन करते वरिष्ठ पदाधिकारी।



सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में प्रदर्शन करते बजरंग दल के सदस्य।

### लव जिहाद के खिलाफ बजरंग दल का प्रदर्शन

**हल्द्वानी :** बजरंग दल ने लव जिहाद, लैंड जिहाद और हिंदुओं के उत्पीड़न के विरोध में रैली निकाली और ज्ञापन सौंपा। शनिवार को जिला संयोजक अंकित पाल के नेतृत्व में बजरंग दल के सदस्यों ने नैनीताल रोड पर रैली निकाली और सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। फिर उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि जिहादी मानसिकता राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बन गई है। प्रतिष्ठित आईटी कंपनियों में उच्च शिक्षित लोग भी जिहादी मानसिकता से ग्रस्त होकर युवतियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उनका शारीरिक शोषण फिर ब्लैकमेल कर जबरन धर्मांतरण करवाया जा रहा है। दिल्ली में हुए ब्लास्ट में अल फनाह विवि का कनेक्शन सामने आया है। सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। ऐसे राष्ट्रविरोध मानसिकता वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही लव जिहाद, जबरन धर्मांतरण के लिए कठोर कानून बनाया जाए। इस दौरान जिला सहमंत्री गिरीश पांडे, नगर संयोजक अंकित चतुर्वेदी, नीरज मिश्रा, पीयूष शर्मा, नंदकिशोर, मीरा श्रोत्रिया, आशीष, विजय आदि रहे।

# गीता, गंगाजल व हनुमान चालीसा लेकर एसएसपी के पास पहुंचे पनेरू

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन के खिलाफ अपने अभियान को आगे बढ़ाते हुए राज्य आंदोलनकारी एवं पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी से शिष्टाचार भेंट की। पनेरू उन्हें गंगाजल, श्रीमद्भगवद गीता के अंश एवं हनुमान चालीसा भेंट कर नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प साझा किया।

हरीश पनेरू ने कहा कि नशा आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जिससे विशेषकर युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एसएसपी से अनुरोध किया कि जनपद में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा विशेष अभियान चलाकर इस कुरीति पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए। पनेरू ने बताया कि उनके द्वारा भीमताल विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर गंगाजल, गीता और हनुमान चालीसा के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा सके। एसएसपी ने इस पहल की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि नशे के खिलाफ पुलिस प्रशासन पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई करेगा और समाज को सुरक्षित एवं स्वस्थ बनाने में हरसंभव सहयोग देगा।



पुलिस अधिकारियों को गंगाजल भेंट करते हरीश पनेरू।



साइंस क्विज में स्थान हासिल करने खुशी जताते प्रतिभागी व विद्यालय के सदस्य।

### साइंसिक्विज़िशन में बिड़ला स्कूल प्रथम

**हल्द्वानी :** आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग के छात्रों ने साइंसिक्विजिशन इंटर-स्कूल साइंस क्विज में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन बुलंदशहर के विद्याज्ञान में हुआ, जिसमें सात स्कूलों ने भाग लिया। विजेता टीम में आशुतोष चंद, शशांक भट्ट, मिशिका सामंत और निहारिका पंत शामिल रहे। टीम का मार्गदर्शन मोनिका सिंह और त्रिभुवन सिंह चिलकोटी ने किया। प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा, उप-प्रधानाचार्य प्रकाश कुमार, हेडमिस्ट्रेस वंदना टम्टा, इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजर सुरेश बाजपेयी सहित समस्त स्कूल स्टाफ ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे छात्रों को बधाई दी है।

# दुग्ध उत्पादकों के सशक्तिकरण को सरकार प्रयासरत: खजान

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री खजान दास के प्रथम बार आगमन पर नैनीताल दुग्ध संघ, लालकुआं के अध्यक्ष मुकेश बोरा तथा अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। वह शनिवार को दुग्ध अवशीतन केंद्र, कालाढूंगी पहुंचे थे।इस अवसर पर मंत्री खजान दास ने कहा कि सरकार दुग्ध उत्पादकों और किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि दुग्ध संघ में जिला योजना के अंतर्गत मिलने वाली योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि सरकार दुग्ध उत्पादकों और किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। प्रभारी प्रशासन संजय भाकुनी, प्रभारी उपार्जन सुभाष बाबू, कोरंगा, दीपक अधिकारी रहे।



मंत्री खजान दास का स्वागत करते दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा व कर्मचारी।

### पालिका कर्मचारी संघ ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

**नैनीताल :** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत नगर पालिका के उत्तराखंड देवभूमि कर्मचारी संघ ने अब आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी है। संघ के महासचिव सोनू सहदेव ने पालिका अध्यक्ष को पत्र भेजकर स्पष्ट किया है कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठने को बाध्य होंगे। सोनू सहदेव ने बताया कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं। उन्होंने एरियर का भुगतान, पर्याप्त सफाई उपकरण उपलब्ध कराना, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी आदि मांगें पेश की है। संघ ने चेतावनी दी है कि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 22 अप्रैल से नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी और उसी दिन से दो-दो कर्मचारी क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

# फुटकर विक्रेताओं को रेट लिस्ट लगाने की हिदायत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** मंडी समिति के सचल दल ने फल एवं सब्जियों में मुनाफाखोरी रोकने के उद्देश्य से रानीखेत रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विक्रेताओं को मूल्य नियंत्रण बनाए रखने और अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

मंडी सचिव साहिल अहमद ने कहा कि सभी फुटकर कारोबारी रविवार तक हर हाल में अपनी मूल्य सूची लगाएं, अन्यथा उनके खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि फल और सब्जियों के निर्धारित मूल्य न होने के कारण विक्रेताओं द्वारा मनमाने दाम वसूले जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिसके बाद मंडी प्रशासन ने यह कदम उठाया है। मंडी सचिव ने यह भी निर्देश दिए कि सभी फुटकर कारोबारी मंडी कार्यालय में आकर अपना लाइसेंस बनवाएं। बिना लाइसेंस के कारोबार करने वालों के खिलाफ मंडी अधिनियम 2011 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग अभियान में मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे, सुरेंद्र सिंह और ललित पंत शामिल रहे।

### आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9% बढ़ा

**मुंबई।** मार्च 2026 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9 .28 प्रतिशत बढ़कर 14,755 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में उसने 13,502 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 19 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन–** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505

**किराना–** निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल (प्रति कु0)–** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400

**दाल दलहन–** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12700

**चीनी–** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम –** सोना पक्के आभूषण 154000, सोना गिन्नी 150000, चांदी (पक्की) 2520 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### ओला इलेक्ट्रिक का अक्षय तृतीया ऑफर

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने शनिवार को अक्षय तृतीया पर 'ओला सोना वीकेंड' पेशकश की घोषणा की है, जिसके तहत कंपनी अपने वाहन पोर्टफोलियो पर 50,000 रुपये तक के लाभ दे रही है। कंपनी ने बताया कि वह अपने जेन 3 एस1 एक्स (2 किलोवाट–घंटा) और रोडस्टर एक्स (2 .5 किलोवाट–घंटा) को मात्र 49,999 रुपये में उपलब्ध करा रही है।

# 12,980 करोड़ की सॉवरेन गारंटी समुद्री जोखिमों से कवर रहेंगे जहाज

## केंद्र सरकार ने 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष' बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को लगातार समुद्री बीमा कवरेज की सुविधा के लिए 12,980 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा योजना 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष' (बीएमआई कोष) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

यह कोष सुनिश्चित करता है कि भारतीय व्यापार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय मूल से भारतीय बंदरगाहों तक और इसके विपरीत माल ले जाने वाले जहाजों के लिए सस्ती बीमा सुविधा मिलती रहे, भले ही वे अस्थिर समुद्री गलियारों से गुजर रहे हों।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने भारतीय ध्वज वाले या भारतीय नियंत्रण वाले जहाजों, अथवा भारत आने वाले या भारत से जाने वाले जहाजों के लिए सॉवरेन गारंटी द्वारा समर्थित भारत समुद्री बीमा कोष के गठन को मंजूरी दी है।



● भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा : अश्विनी वैष्णव

वैष्णव ने कहा कि भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले जहाजों और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा... यह 10 साल के लिए होगा। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी बीमा कंपनियों पर हमारी निर्भरता कम होगी और हम विदेशी मुद्रा को बाहर जाने से भी रोक सकेंगे। यह कोष सभी तरह के समुद्री जोखिमों को कवर करेगा।

बीमा पॉलिसियां उन बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की जाएंगी, जो इस कोष की सदस्य होंगी। इसके लिए कोष की संयुक्त अंडरराइटिंग क्षमता का उपयोग किया जाएगा, जो लगभग 950 करोड़ रुपये होगी। बयान में कहा गया कि यह घरेलू बीमा कोष वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक अस्थिरता की चुनौतियों से निपटेगा और भारतीय जहाजों की बाहरी बीमा निर्भरता को कम करेगा। वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित हुआ है, जिससे माल और जहाजों के नुकसान का जोखिम बढ़ गया है।

इसके चलते बीमा लागत बढ़ी है और बीमा की हर वक्त उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता पैदा हुई है। बयान में कहा गया कि ऐसे हालात में प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक तनाव के कारण व्यापार की निरंतरता और संप्रभुता बनाए रखने के लिए समुद्री जोखिम से संबंधित एक घरेलू कोष की आवश्यकता थी।

## उत्तर प्रदेश में 6,500 रुपये प्रति टन पर आलू खरीद को मंजूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में 6,500.90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर 20 लाख टन आलू की खरीद को मंजूरी दी है। इस पर सरकारी खजाने से 203.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कदम विभिन्न राज्यों में किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से बचाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। एक अलग निर्णय में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में चना खरीद की सीमा 94,500 टन से बढ़ाकर 1.13 लाख टन कर दी है। कर्नाटक में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अरहर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है।

## टेमी टी की 'फर्स्ट फ्लश' चाय ने 27,000 रुपये प्रति किलो की कीमत हासिल कर बनाया रिकॉर्ड

**गंगटोक।** सिक्किम के सरकारी स्वामित्व वाले टेमी टी एस्टेट की 'फर्स्ट फ्लश' ऑर्गेनिक चाय ने चालू सत्र में 27,000 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड कीमत हासिल की है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार अपनी कोमल सुगंध और उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध फर्स्ट फ्लश चाय की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग की उम्मीद है। प्रारंभिक खेपों की खुली बोली में खरीददारों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जबकि बाद की खेपों में भी अच्छा उत्साह देखा जा रहा है। इस समय बगान में ताजी पत्तियों की तुड़ाई और प्रीमियम किस्मों जैसे ऑर्थोडॉक्स ब्लैक टी और ऊलॉन्ग टी का उत्पादन जारी है। इस कीमत का श्रेय सावधानीपूर्वक की जाने वाली तुड़ाई प्रक्रिया को दिया गया है।

## वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार को सहारा, सेंसेक्स-निफ्टी में बढ़त

**कारोबार डेस्क**

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता की उम्मीदों, मजबूत होते रुपये और कच्चे तेल की नरम कीमतों ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार को सहारा दिया। इन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और बाजार में खरीदारी का माहौल बना। सप्ताह के अंत तक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में करीब 0 .65 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### सकारात्मक रहा रुख

पूरे सप्ताह बाजार का रुख सकारात्मक रहा। एफएमसीजी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर में एक से तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। इसके विपरीत, आईटी सेक्टर अपेक्षाकृत कमजोर बना रहा। व्यापक स्तर पर खरीदारी के चलते विभिन्न सेक्टर्स में मजबूती देखने को मिली।

बड़े सूचकांकों की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में करीब 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स में लगभग 1.48 प्रतिशत की तेजी आई। यह बाजार में बढ़ती भागीदारी और निवेशकों के जोखिम लेने के रुझान को दर्शाता है।

### निवेशकों का बदलता रुख

निवेश प्रवाह की बात करें तो विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) ने लगातार बिकवाली के बाद सप्ताह के अंतिम तीन सत्रों में खरीदारी की, हालांकि कुल मिलाकर करीब 250 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी रही। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (DII) सप्ताह के अंत में मुनाफावसूली करते नजर आए और लगभग 6,300 करोड़ रुपये निकाले।

### सतर्क आशावाद

कुल मिलाकर, बेहतर वैश्विक संकेत, कच्चे तेल की नरम कीमतें और संतुलित निवेश प्रवाह ने बाजार में सतर्क आशावाद का माहौल बनाया है। फिलहाल गिरावट का जोखिम सीमित नजर आ रहा है, जबकि धीरे–धीरे तेजी की संभावनाएं मजबूत होती दिख रही हैं।

### विशेषज्ञों की राय

विश्लेषकों के अनुसार, इस सप्ताह बाजार में धीरे–धीरे लेकिन स्थिर रिकवरी देखने को मिली। वैश्विक माहौल में सुधार और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों के सेंटिमेंट को मजबूती दी। हालांकि सतर्कता बनी हुई है, लेकिन गिरावट पर खरीदारी बाजार को सहारा दे रही है।

## तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की ओर से खनिज तेल और गैस के क्षेत्र में डेटा (सूचना) और उसमें भागीदारी को प्रोत्साहित किये जाने के कदमों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत अंधेरे में हाथ मारने की जगह, सूचना आधारित खोज के लिए तैयार है।

उन्होंने समुद्र मंथन - राष्ट्रीय अपतटीय मिशन के तहत विस्तारित उत्खनन एजेंडा के संदर्भ में हाइड्रोकार्बन (खनिज तेल-गैस) महानिदेशालय (डीजीएच) द्वारा आयोजित डेटा संचालित उत्खनन पर एक सम्मेलन को लेकर सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत अब उत्खनन के क्षेत्र में अंधेरे में खोज करने के दौर से आगे बढ़ रहा है और डेटा के आदान प्रदान के एक साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल को अपना रहा है जिसमें अधिकाधिक लोगों को सूचनाओं की व्याख्या करने, नवाचार करने और खोज करने का अवसर मिलता है।



● डेटा के आदान-प्रदान के लिए अपनाया जा रहा साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल

उन्होंने कहा कि इससे उत्खनन एवं उत्पादन को अनिश्चितता के क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले दृष्टिकोण में निर्णायक रूप से बदलाव आ रहा है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि समुद्र मंथन के साथ, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज को पूरा करने के लिए खुलेपन, सहयोग और अत्याधुनिक विज्ञान के माध्यम से भारत की विशाल अपतटीय क्षमता को सामने लाया जा रहा है।

## अक्षय तृतीया पर बढ़ेगी भौतिक और डिजिटल सोने की मांग: विश्लेषक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ लचीले और पारदर्शी सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं, क्योंकि निवेशकों का रुझान अब सोने के आधुनिक विकल्पों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।

अक्षय तृतीया को पारंपरिक रूप से सोना खरीदने का शुभ अवसर माना जाता है, लेकिन विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की भागीदारी धीरे-धीरे बदल रही है और वे पारंपरिक भौतिक खरीद के साथ-साथ वित्तीय निवेश विकल्पों में भी बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी विश्लेषक मानव मोदी ने कहा कि हम सोने में निवेश करने के तरीके में धीरे-धीरे बदलाव देख रहे हैं। अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर भौतिक खरीद अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीले और पारदर्शी निवेश विकल्पों में रुचि लगातार बढ़ रही है।

## गोल्ड लोन लेने से पहले जान लें जरूरी बातें





**कारोबार डेस्क**

गोल्ड लोन इन दिनों जरूरत पर पैसे जुटाने का एक आसान विकल्प बन गया है। अचानक पैसों की जरूरत पर लोग अपने सोने के गहने बैंक या फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर तुरंत लोन ले लेते हैं। इसकी विशेषता यह है कि आपको पैसे भी मिल जाते हैं और जमा किये गये सोने का स्वामित्व भी आपके पास ही रहता है। फिर भी गोल्ड लोन लेने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए–



### रिस्क भी समझें

- अगर समय पर नहीं चुकाया तो बैंक सोने को नीलाम कर सकता है।
- मार्केट में सोने की कीमत गिरती है तो बैंक एक्स्ट्रा पैसा जमा करने को कह सकता है।
- अधिकतर बैंक 18–24 कैरेट के गहने या प्रमाणित सिक्के ही लेते हैं।
- 3 साल के लिए मिलता है ये लोन।

### कैसे मिलता है गोल्ड लोन

- गोल्ड लोन असल में एक सिक्योर्ड लोन होता है, यानी इसमें आपको अपने सोने को गिरवी रखना पड़ता है।
- इसलिए बैंक या लोन देने वाली कंपनी पहले सोने की शुद्धता, वजन और बाजार में उसकी मौजूदा कीमत को चेक करता है।
- ऐसे में गोल्ड लोन लेने से पहले सोने के मौजूदा दाम के बारे में जानकारी फायदेमंद रहती है। हां कागज के रूप में पते का सबूत काफी होता है।

**आसानी से समझें**

### लोन लेने से पहले चेक करें-

- लोन लेने से पहले बैंक से लोने की ब्याज दर, प्रोसेसिंग फीस और अन्य चार्ज के बारे में भी अच्छे से समझ लेना जरूरी होता है।
- लोन लेने से यह भी तय करना जरूरी है कि आप लोन कैसे चुकाएंगे।
- कुछ लोग हर महीने EMI के रूप में किस्त देना पसंद करते हैं। जबकि, कुछ लोग पूरे समय केवल ब्याज भरते हैं और आखिर में मूल रकम चुका देते हैं। अपनी आय और खर्च के हिसाब से सही ऑप्शन चुनना जरूरी होता है, ताकि समय पर लोन चुकाया जा सके।
- **गोल्ड लोन की सबसे जरूरी बात, यानी गिरवी रखे गये सोने की सुरक्षा** –गिरवी रखे गए सोने को भरोसेमंद बैंक या फाइनेंस कंपनी सुरक्षित वॉल्ट में रखती है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होती है। इसलिए हमेशा ऐसी संस्था से ही लोन लेना चाहिए जिसका रिकॉर्ड अच्छा हो।

### समय पर चुकाएं किस्त

- सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लिए गये लोन की किस्त समय पर चुकाई जानी चाहिए। ऐसा करने से अतिरिक्त ब्याज या पेनल्टी से बचा जा सकता है। साथ ही आपकी क्रेडिट हिस्ट्री भी अच्छी बनी रहती है और क्रेडिट स्कोर बढ़ता रहता है। सही जानकारी और समझ के साथ लिया गया गोल्ड लोन मुश्किल समय में आपका सच्चा साथी हो सकता है और आपका सोना भी सुरक्षित रहता है।

### ब्याज दरें

- प्रत्येक बैंक या फाइनेंस कंपनी की अपनी ब्याज दरें होती हैं। ये 8 .75% से 11% या उससे अधिक भी तक हो सकती हैं। ऐसे में पहले ही ब्याज और अन्य छिपे हुए चार्जेज की जानकारी कर लें।
- खास बात ये कि लोन आपके सोने के मूल्य का 75% तक ही मिलता है।

### काम की बात

- बार–बार लोन के लिए इंक्वायरी न करें। वरना आपका सिबिल स्कोर गिर जाएगा और आपको अधिक ब्याज पर लोन मिलेगा। बार–बार इंक्वायरी पर सिस्टम को लगता है कि आप केवल कर्ज पर ही निर्भर हैं। ऐसे में समस्या हो सकती है। समझदारी से काम लेंगे तो आपका सोना आपका सच्चा दोस्त बन जाएगा।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हिमंत

**कोलकाता, एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार पर राज्य के संसाधनों को बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के हवाले करने का आरोप लगाया। उन्होंने शनिवार को कहा कि ममता को सत्ता से हटाना होगा, वरना हम बंगाल को गंवा देंगे।

श्रीशर्मा ने कालिम्पोंग में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि असम और त्रिपुरा की भाजपा सरकारों ने बांग्लादेशी मुसलमानों को भारत में घुसने से रोका है, जबकि बंगाल में अवैध घुसपैठ जारी है। उन्होंने कहा- ममता बनर्जी ने बंगाल का पूरा खजाना बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के लिए आरक्षित कर दिया है। उन्होंने वोट के लिए इस भूमि को बांग्लादेशी मुसलमानों को बेच दिया। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद से बनर्जी ने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है।



● असम के मुख्यमंत्री ने कालिम्पोंग में जनसभा में लोगों की अपील

हमें ममता बनर्जी को बंगाल के मुख्यमंत्री पद से हटाना होगा, अन्यथा एक दिन बांग्लादेशी मुसलमान हमसे यह राज्य छीन लेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे ही बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, हम इस क्षेत्र से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आने पर गोरखालैंड मुद्दे का संवैधानिक समाधान तलाशेगी और गोरखाओं के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी।

शर्मा ने कूचबिहार के दिनहाटा में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए इस बात का जिक्र किया कि तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने उन पर बनर्जी के खिलाफ सांप्रदायिक रंग वाली, भड़काऊ और विभाजनकारी टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है।

## सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है बंगाल में बोले योगी आदित्यनाथ

**कूच बिहार/जलपाईगुड़ी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के माथाभांगा और धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लेकर कड़ा प्रहार किया और राज्य की ममता बनर्जी सरकार को घेरते हुए कहा कि "सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक को पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि यह देश की आधी आबादी का अपमान है और इसे महिलाएं कभी स्वीकार नहीं करेंगी। योगी ने टीएमसी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करती है और अन्य वर्गों की अनदेखी करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून–व्यवस्था कमजोर है, उद्योग बंद हो रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा और टीएमसी के गुंडे संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

## कोलकाता में हथियार बरामद, एक हिरासत में

**कोलकाता, एजेंसी।** विधानसभा के लिए दो चरणों में होने वाले मतदान से कुछ दिन पहले कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शहर में हथियार और गोली–बारूद का जखीरा बरामद कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसटीएफ के कर्मियों ने संदेह के आधार पर राजा बाजार साइंस कॉलेज के पास एक बस स्टैंड के निकट बैग लेकर जा रहे एक व्यक्ति को रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से 'सिंगल–शॉट' वाले छह आग्नेयास्त्र और 14 कारतूस बरामद किए गए।

# भाजपा का पतन शुरू हो गया : ममता

● महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक पारित नहीं होने पर चुनावी रैली में बोलीं मुख्यमंत्री

**हावड़ा, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को संसद के निचले सदन में पारित करने में विफल रहने के बाद भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हावड़ा के उलुबेरिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा पराजित हो चुकी है और केवल अपने सहयोगियों के समर्थन से ही सत्ता में बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हमने भाजपा को हरा दिया है। उनके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है। वे दूसरों के समर्थन से सत्ता में बने हुए हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया था। परिसीमन के लिए भाजपा के दबाव बनाने को लेकर, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि वह (भाजपा) देश को बांटना चाहती है। अपनी पार्टी द्वारा महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल की लोकसभा में 36 प्रतिशत और राज्यसभा में 46 प्रतिशत सदस्य महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जैसी कोई दूसरी पार्टी नहीं है। भाजपा को हमसे सीखना चाहिए। मैं 1998 से महिला आरक्षण के लिए संघर्ष कर रही हूं।



पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## बंगाल में पत्रकारों को 5,000 रुपये मासिक भत्ता देंगे: भाजपा

**कोलकाता, एजेंसी।** भाजपा ने शनिवार को घोषणा की कि पार्टी अगर पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो वह राज्य में पत्रकारों के लिए 5,000 रुपये का मासिक भत्ता शुरू करेगी। कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि इस योजना का लाभ सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मिलेगा। भट्टाचार्य ने कहा–पत्रकारों में भेदभाव नहीं होगा, यह योजना पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी लोगों पर लागू होगी।

## उदयनिधि ने केंद्र पर लगाया तमिलनाडु को अनुदान नहीं देने का आरोप

**गोबिचेट्टीपलायम,एजेंसी।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राज्य के लिए अनुदान जारी नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि उसने तमिलनाडु के अधिकारों को छीन लिया है। पश्चिमी इरोड जिले के गोबिचेट्टीपलायम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की युवा शाखा के प्रमुख स्टालिन ने दावा किया कि केंद्र ने शिक्षा के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये की राशि जारी नहीं की है। स्टालिन कहा कि उन्होंने (केंद्र सरकार ने) हमारे सभी अधिकार छीन लिए हैं।

केंद्र के परिसीमन प्रस्ताव के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन देश में इस कदम के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने यह दावा भी किया कि लोकसभा में विपक्ष के विरोध के कारण बहुमत न मिलने से विधेयक खारिज हो गया, जो ''इंडिया'' गठबंधन के लिए बड़ी जीत है।

## तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर : अभिषेक बनर्जी

**मुर्शिदाबाद, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को यहां एक चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल के अलावा किसी भी पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर है। मुर्शिदाबाद, ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। उन्होंने फरक्का में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि जहां भाजपा कांग्रेस को तोड़ रही है, वहीं तृणमूल जमीनी स्तर पर भाजपा के प्रभाव को कम कर रही है। बनर्जी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। दावा किया कि पिछले दो वर्षों में कांग्रेस का कोई भी सांसद या प्रतिनिधि जनता की मांगों को पूरा करने के लिए उनके साथ खड़ा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर और केंद्रीय एजेंसियां, भाजपा की तीन एजेंसियां हैं, जो इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि जहां गरीब और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं विपक्षी दल समुदाय की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं।



## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था सऊदी अरब पहुंचा

**जेद्दा।** सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि वार्षिक हज यात्रा के तहत भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था शनिवार को सऊदी अरब पहुंच गया। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा, भारतीय हज यात्रियों के पहले जत्थे का मदीना हवाई अड्डे पर भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान और महावाणिज्यदूत फहद सूरी तथा हज मंत्रालय के उप मंत्रियों प्रोफेसर अब्दुलअजीज ए. वज्जान और इंजीनियर अयाद अब्दुल रहमान रहबिनी और अन्य वरिष्ठ सऊदी अधिकारियों ने स्वागत किया। दूतावास ने बताया कि खान ने मदीना हवाई अड्डे पर सुविधाओं का निरीक्षण किया और हज यात्रियों की सहायता कर रहे भारतीय समुदाय के स्वयंसेवकों से मुलाकात की।

### आईआईटी खड़गपुर के परिसर में छात्र का लहूलुहान शव मिला

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईटीआई) खड़गपुर के 21 वर्षीय एक छात्र का शव परिसर में खून से लथपथ मिला। मृतक की पहचान अहमदाबाद निवासी इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र जयवीर सिंह डोरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी हॉल के निकट सुबह में छात्र का शव पड़ा पाया और इसके बाद उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। छात्र को तुरंत बीसी रॉय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि छात्र ने छात्रावास की इमारत की आठवीं मंजिल से छलांग लगाई होगी। पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के सटीक कारण का पता चल सकेगा।

### सीबीआई ने रिश्वत ले रहे दिल्ली के डाक अधीक्षक को दबोचा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शनिवार को राजधानी में एक डाक अधीक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। डाक अधीक्षक ट्रांसफर रोकने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत ले रहा था। एजेंसी ने बताया कि उसने 17 अप्रैल को मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ताओं से दूसरी शाखा में स्थानांतरण को रोकने और उनकी छुट्टी मंजूर करने के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने इसमें से 10,000 रुपये का भुगतान स्वीकार करने पर सहमति जताई थी। जेंसी ने उसी दिन जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया।

## बरेली में दिखा दुर्लभ गिद्ध



### पत्थर से अंडे को तोड़ने वाला पक्षी

मेहमान परिंदे की यह तस्वीर सन सिटी विस्तार से हमारे एक सुधी पाठक ने भेजी है। ये दुर्लभ पक्षी किशोर अवस्था का इजिप्शियन वल्चर (मिस्री सफेद गिद्ध) है, शुरुआत में जिसके पंख भूरे दिखते हैं और वयस्क होने पर सफेद हो जाते हैं। इसके साथ उन पर काले निशान भी उभर आते हैं, बुद्धिमत्ता के लिए पहचाने जाने वाला यह पक्षी पत्थरों का उपयोग कर बड़े अंडे तोड़ने की क्षमता रखता है, हालांकि अब ये प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) ने इसे गंभीर संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है। भारत के अलावा दक्षिण एशिया, यूरोप और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में ही अब इसकी मौजूदगी शेष रह गई है।

## जी 20 उपग्रह को अगले साल प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद

**हैदराबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शनिवार को कहा कि जलवायु और वायु प्रदूषण का अध्ययन करने तथा मौसम की निगरानी करने के लिए डिजाइन किए गए जी20 उपग्रह को 2027 में प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद है।

इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया में डीआरडीओ, इसरो और एयरोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए डॉ. नारायणन ने यह भी कहा कि भारत पहला देश है जिसने एक ही रॉकेट का उपयोग करके 100 से अधिक उपग्रहों को सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

## पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अब क्यूआर पहचान प्रणाली

**पहलगाम, एजेंसी**

- पिछले साल हुए आतंकवादी हमले से सबक लेते हुए प्रशासन ने लागू किए सुरक्षा उपाय

जम्मू कश्मीर में अधिकारियों ने पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर सभी पर्यटन सेवा प्रदाताओं के लिए एक विशिष्ट क्यूआर कोड आधारित पहचान प्रणाली शुरू की है। पहलगाम पिछले साल लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के हमले से 26 लोगों के मारे जाने के बाद दहल गया था।

अधिकारियों के मुताबिक इस प्रणाली से वास्तविक और पंजीकृत सेवा प्रदाताओं का आसानी से सत्यापन हो सकेगा, जिसमें व्यापारिक प्रतिष्ठान और बाहरी विक्रेता शामिल हैं। इस पहल को लोकप्रिय पर्यटन रिसॉर्ट में आने वाले लोगों का भरोसा वापस लाने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जहां पिछले साल 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। एक अधिकारी ने कहा, हर सेवा प्रदाता की पुलिस ने जांच की है, अधिकारियों ने उसे पंजीकृत किया है और उसे एक विशिष्ट क्यूआर कोड दिया गया है जिसमें उस व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी और अन्य विवरण होगा।

अधिकारियों ने कहा कि जब पर्यटक अपने फोन से कोड स्कैन करते हैं, तो वे उस व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी देख सकते हैं। यह पहल उचित और पंजीकृत पहचान प्रणाली के रूप में कार्य करती है जो धोखाधड़ी को रोकेगी और सुनिश्चित करेगी कि कोई अनधिकृत व्यक्ति पर्यटन से जुड़े होने का दावा न कर रहा है।

# ट्रंप की बयानबाजी ने बिगाड़ा खेल, ईरान का तंज- न युद्ध जीत पाए, न वार्ता में सफल होंगे

### गालिबाफ ने लगाया एक घंटे में सात झूठ बोलने का आरोप, बोले- होर्मुज हमारे पूर्ण नियंत्रण में

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बयानबाजी और दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि इस रणनीतिक जलमार्ग पर नियंत्रण पूरी तरह उसके हाथ में है और अमेरिकी नाकेबंदी जारी रहने पर इसे खुला नहीं रखा जाएगा। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाक़िर गालिबाफ़ ने ट्रंप के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक घंटे में सात दावे किए और सभी झूठे थे। इन झूठों से वे युद्ध नहीं जीत पाए और बातचीत में भी सफल नहीं होंगे।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर दावा किया था कि ईरान ने जलडमरूमध्य को कभी बंद न करने पर सहमति जताई है और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी तब तक जारी रहेगी जब तक ईरान के साथ उसकी बातचीत पूरी नहीं हो जाती। उन्होंने यह भी कहा था कि युद्धविराम वार्ता तेजी से आगे बढ़नी चाहिए। गालिबाफ ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा कि जलडमरूमध्य से आवाजाही निर्धारित मार्ग और ईरानी अनुमति के तहत ही होगी तथा इसके खुले या बंद रहने का फैसला जमीनी हालात तय करेंगे, न कि सोशल मीडिया। उन्होंने अमेरिका पर सैन्य कार्रवाई के दौरान दुष्प्रचार का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया युद्ध और जनमत को प्रभावित करना युद्ध का हिस्सा है, लेकिन ईरानी राष्ट्र इससे प्रभावित नहीं होगा। इस बीच ईरान ने अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी का हवाला देते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य को एक बार फिर बंद कर दिया है।

ईरानी सशस्त्र बलों ने कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण अपनी पूर्व स्थिति में लौट आया है और यह अब सख्त निगरानी में रहेगा। ईरान के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि पूर्व में सद्भावना के तहत हुई वार्ताओं के अनुसार ईरान ने सीमित संख्या में तेल टैंकरों और वाणिज्यिक जहाजों को नियंत्रित तरीके से गुजरने की अनुमति दी थी। उन्होंने अमेरिका पर समुद्री डकैती और लूट जैसे कृत्यों का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार प्रतिबद्धताओं के उल्लंघन के कारण ईरान ने फिर से कड़ा नियंत्रण लागू कर दिया है।



इजराइल-लेबनान में संघर्षविराम के बाद यहां से विस्थापित हुए लोगों ने लौटना शुरू कर दिया है।

### ईरान ने होर्मुज में हमारे टैंकर पर गोलीबारी की: ब्रिटेन

**काहिरा।** ब्रिटेन की सेना ने शनिवार को कहा कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। ईरान की ओर से होर्मुज पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की घोषणा के बाद यह घटना हुई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने कहा कि टैंकर को कोई नुकसान नहीं हुआ और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

### ट्रंप का एलान- ईरान ने समझौता न किया तो आगे नहीं बढ़ाएंगे संघर्ष विराम

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान के साथ बातचीत से बुधवार तक कोई समझौता नहीं हो पाता है तो वह दोनों देशों के बीच जारी अस्थायी संघर्ष-विराम को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। ट्रंप के इस बयान ने फिर से सैन्य कार्रवाई की आशंका पैदा कर दी है। रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका और ईरानी प्रतिनिधिमंडल सोमवार को शांति वार्ता के दूसरे दौर की बैठक में शामिल होने वाले हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की है। ट्रंप ने यह भी भरोसा जताया कि दोनों पक्ष समझौते पर पहुंचने के करीब हैं। इस बीच लेबनान में चल रहे 10 दिवसीय संघर्ष विराम के पहले 24 घंटे काफी हद तक प्रभावी रहे।

### ईरान से लौटे आसिम मुनीर

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को सुलझाने की कोशिशों के तहत पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की ईरान की तीन दिवसीय यात्रा समाप्त हो गई है। मुनीर बुधवार को तेहरान पहुंचे और आठ अप्रैल को ईरान एवं अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते पर सहमति बनने के बाद देश का दौरा करने वाले वह पहले विदेशी सैन्य नेता बन गए।

# घर और पार्टी में भी घिरे ट्रंप रिपब्लिकन सांसदों ने गिराया फिसा नवीनीकरण बिल

**वॉशिंगटन, एजेंसी**



- 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर किया मतदान
- व्हाइट हाउस के पूरा जोर लगाने के बाद भी नहीं पारित हो पाया विधेयक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उस समय अपनी ही पार्टी के भीतर दुर्लभ विरोध का सामना करना पड़ा, जब रिपब्लिकन सांसदों ने फॉरेन इंटेलिजेंस सर्विलांस एक्ट (फिसा) के नवीनीकरण को रोक दिया। इस घटनाक्रम से न सिर्फ सदन अध्यक्ष माइक जॉनसन को बड़ा झटका लगा, बल्कि पार्टी में ट्रंप के प्रभाव पर भी सवाल खड़े हो गए, क्योंकि अब तक अधिकांश मामलों में रिपब्लिकन सांसदों ने उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई थी।

व्हाइट हाउस की भरसक कोशिशों के बावजूद 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया और विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को रोक दिया। इस असफलता के बाद पार्टी नेतृत्व को मजबूरन इस निगरानी कार्यक्रम के लिए 10 दिन का अस्थायी विस्तार लागू करना पड़ा, जो अंतिम विकल्प था। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि ट्रंप, जो आमतौर पर प्रमुख मतदानों में पार्टी को एकजुट रखने में सफल रहते हैं, इस बार असंतुष्ट सांसदों को मनाने में विफल रहे।

जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उनकी रणनीति काफी हद तक ट्रंप के प्रभाव पर निर्भर रही है। प्रशासन ने सांसदों को मनाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए थे। इसमें ब्रीफिंग आयोजित करना, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सीधे सांसदों से संवाद के लिए लाना और हाउस परिसर के पास एक अस्थायी सुरक्षित सुविधा स्थापित करना शामिल था, ताकि सदस्य आसानी से गोपनीय जानकारी देख सकें।

### धारा 702 पर विवाद

विवाद के केंद्र में फिसा की धारा 702 है, जिसका उपयोग अमेरिकी खुफिया एजेंसियां विदेशी लक्ष्यों की निगरानी के लिए करती रही हैं। फिसा पर बहस लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा समर्थक धड़े और निजता पर जोर देने वाले धड़े के बीच विभाजन का कारण रही है। इस बार यह मतभेद इतना गहरा रहा कि समय रहते सहमति नहीं बन पाई।

## एआई करता है डेटा का विश्लेषण

# आपका जीवन कितने दिन क्रेडिट कार्ड को सब पता




लोग जरूर यही सोचते होंगे कि क्रेडिट या डेबिट कार्ड सिर्फ पैसे चुकाने का एक जरिया है, लेकिन डेटा की दुनिया में आपका कार्ड आपके व्यक्तित्व का सबसे बड़ा एक्स रे है। आप कहां खाते हैं, क्या पहनते हैं और कब बीमार पड़ते हैं, यह सब आपके कार्ड को पता है। यहां तक कि कुछ बीमा कंपनियां और बैंक आपके कार्ड के डेटा से यह तक अंदाजा लगा लेते हैं कि आपकी सेहत कैसी रहेगी और आप कितने साल तक जीवित रह सकते हैं।

### कैसे होता है यह सबकुछ

- एआई आपके पिछले 12 महीनों के खर्च को देखकर यह बता सकता है कि आप अगले महीने कौन सा बड़ा खर्चा करने वाले हैं।
- आप मॉल में कार्ड स्वाइप करते हैं तो डेटा केवल पैसों का नहीं जाता। आपकी लाइफस्टाइल लोकेशन का मैप भी बन जाता है।
- इसके जरिए बैंक को पता होता है कि आप हफ्ते में कितनी बार बाहर खाना खाते हैं और किस तरह के ब्रांड्स आपको पसंद हैं।
- बैंक आपका डेटा मार्केटिंग कंपनियों को बेचते हैं, आपको उन चीजों के मेल आने लगते हैं जिन्हें आपने कभी सर्च भी नहीं किया।




### ऐसे खुलती हैं आपके व्यक्तित्व की परतें

- अगर आप अचानक बहुत ज्यादा सेल्फ हेल्प किताबें खरीदने लगें या जिम की मेंबरशिप छोड़ दें तो बैंक का एआई समझ जाता है कि आप शायद मानसिक तनाव या आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। इससे आपका क्रेडिट स्कोर प्रभावित हो सकता है, भले आपने बिल समय पर भरा हो।
- हर ट्रांजेक्शन के साथ एक कोड जुड़ा होता है। अगर आप अक्सर फास्ट फूड आउटलेट्स पर अपना कार्ड ज्यादा स्वाइप करते हैं तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां आपको हाई रिस्क श्रेणी में डाल सकती हैं, क्योंकि आपका डेटा उन्हें बताता है कि आपकी डाइट सेहत के लिए खराब है।
- आपके कार्ड में वाईफाई जैसा निशान सुविधा तो है लेकिन खतरा भी। जेबकतरे आपके बिना कार्ड छुए पास से गुजरकर आपके कार्ड की जानकारी चुरा सकते हैं। इसी तरह जब आप किसी स्टोर का को ब्रांडेड कार्ड लेते हैं तो उसे आपके बैंकिंग पैटर्न की अनुमति मिल जाती है।

### कब होगा तलाक, ये भी पता

अमेरिका में हुई एक स्टडी के अनुसार, क्रेडिट कार्ड कंपनियों ने डेटा के जरिए 85% सटीकता से यह पता लगा लिया था कि किन दंपतियों का तलाक होने वाला है। आधार सिर्फ यह था कि उन दंपतियों ने मैरिज काउंसलिंग या नए अपार्टमेंट के डिपॉजिट के लिए कार्ड स्वाइप करना शुरू कर दिया था। आपका कार्ड आपके रिश्तों के बारे में भी जानता है।

### एक्सपर्ट टिप्स

- ऐसा बटुआ खरीदें जिसमें आरएफआईडी प्रोटेक्शन हो। यह बाहर से आने वाली रेडियो तरंगें ब्लॉक कर देता है ताकि कोई आपके कार्ड को बिना छुए स्कैन न कर सके।
- अपने बैंक एप में जाकर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट के ऑप्शन को हमेशा बंद रखें। कोई जरूरत पड़ने पर ही उसे ऑन करें, वह भी सिर्फ दो मिनट के लिए।
- हर महीने अपना बैंक स्टेटमेंट जरूर चेक करें। अक्सर छोटे-छोटे पचास पैसे या एक रुपये के ट्रांजेक्शन होते हैं जो बॉट्स चेक करने के लिए करते हैं कि कार्ड एक्टिव है या नहीं।
- दवाओं और डॉक्टर की फीस जैसी बहुत ज्यादा निजी खरीदारी के लिए नकद का इस्तेमाल करना बेहतर रहेगा। यह आपकी मेडिकल प्राइवेसी को एआई की नजरों से दूर रखेगा।

## छत्तीसगढ़ः धर्मांतरण कराने पर 20 साल तक की सजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जबरन, प्रलोभन या भय के माध्यम से किए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 अब कानून बन गया है। राज्यपाल रमेन डेका की ओर से हस्ताक्षर किए जाने के बाद अधिनियम को राजपत्र में प्रकाशित कर शनिवार को लागू कर दिया गया। इसमें 20 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

- विधानसभा में पारित हुआ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026

विधानसभा में यह विधेयक 19 मार्च को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रस्तुत किया था, जिसे विस्तृत चर्चा के बाद पारित किया गया। इसमें विवाह को धर्मांतरण का आधार नहीं माना गया है और विवाह के बाद भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन आवश्यक होगा। अवैध धर्मांतरण के सामान्य मामलों में 7 से 10 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 5 लाख रुपये जुर्माना तय किया गया है। महिलाओं, एससी-एसटी, नाबालिगों जैसे विशेष वर्ग के मामलों में 10 से 20 वर्ष कारावास और न्यूनतम 10 लाख रुपये जुर्माना निर्धारित है। सामूहिक धर्मांतरण में 10 वर्ष से आजीवन कारावास तथा न्यूनतम 25 लाख रुपये जुर्माना लगाया जा सकेगा। लोक सेवक द्वारा अपराध करने पर 10 से 20 वर्ष की सजा और 10 लाख रुपये तक जुर्माना, जबकि धन के माध्यम से धर्मांतरण कराने पर 10 से 20 वर्ष कारावास और 20 लाख रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में नेतृत्व के नए अवसर प्राप्त होंगे। परिवारजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृष** — आज बड़े निवेश के निर्णय सोच-समझकर लें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। कार्य योजनाबद्ध तरीके से पूरे होंगे।

**मिथुन** — आज नए और लाभकारी संपर्क बनेंगे। व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। शाम तक सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में धीरे-धीरे प्रगति होगी। आर्थिक दृष्टि से स्थिति सामान्य रहेगी। मानसिक शांति के लिए ध्यान करें।

**सिंह** — आज कार्यों में सफलता निश्चित है। आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या** — आज दिन भर व्यस्तता रहेगी। आपकी योजना सफलतापूर्वक कार्यान्वित होगी। कार्यक्षेत्र में प्रयासों को मान्यता मिलेगी।

**तुला** — आज आर्थिक दृष्टि से मजबूत स्थिति बनेगी। नए अवसरों से परिपूर्ण दिन है। महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज शाम तक स्थिति में सुधार होगा। लाभ के संकेत मिलेंगे। कार्यों में प्रारंभिक रुकावट आ सकती है।

**धनु** — आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नए कार्यों की शुरुआत के लिए शुभ समय है। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — आज कार्य निर्धारित समय पर पूरे होंगे। योजनाएं सफलतापूर्वक कार्यान्वित होंगी। धैर्य से सभी कार्य सिद्ध होंगे।

**कुंभ** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों पर आप प्रसन्न रहेंगे। समाज सेवा में अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। व्यापार को लेकर अत्यधिक प्रयासरत रहेंगे।

**मीन** — आज लंबी दूरी की यात्रा आपको नहीं करनी चाहिए। प्रबंधन संबंधी कार्यों में परेशानी हो सकती है। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 19 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, द्वितीया 10 .49 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-भरणी 07 .10 तक तत्पश्चात कृत्तिका 20 अप्रैल 04 .35 तक तत्पश्चात रोहिणी।

### सुडोकू - 123 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 4 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |

### सुडोकू -124

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | 8 |
| 1 | | | | 3 | | | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | 4 | | |
| 5 | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | 6 | | |
| | | 2 | | | 1 | 7 | | |
| | 4 | | | 8 | | | | 5 |
| 6 | | | 7 | | | 2 | | |

## लेबनान में शांति सेना पर हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि शनिवार सुबह दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हुए हमले में एक फ्रांसीसी सैनिक की मौत हो गई, तीन घायल हो गए।

मैक्रों ने बताया कि मृतक सैनिक की पहचान मोंटौबन के 17वें पैराशूट इंजीनियर रेजिमेंट के स्टाफ सार्जेंट फ्लोरियन मोंटोरियो के रूप में हुई है। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा, सभी संकेत यही बताते हैं कि इस हमले की जिम्मेदारी हिज्बुल्ला की है। फ्रांस की मांग है कि लेबनानी अधिकारी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करें और दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## संबोधन

### कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ के कार्यक्रम में बोले न्यायमूर्ति सूर्यकांत

# एआई से घबराएं नहीं, सतर्कता के साथ इस्तेमाल करें : सीजेआई

**बेंगलुरु, एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को आगाह करते हुए कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ-साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे एआई से घबराएं नहीं, बल्कि सतर्कता के साथ इसका इस्तेमाल करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जोर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल केवल एक सहायक के रूप में किया जाना चाहिए, न कि एक विकल्प के रूप में। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में एआई का इस्तेमाल संतुलन के साथ होना चाहिए जिससे काम की गति और दक्षता बढ़े, लेकिन साथ ही न्याय के मूल सिद्धांत में मानवीय बुद्धि, अनुभव और संवैधानिक विवेक को पूरी तरह



संरक्षित किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित न्यायिक अधिकारियों के 22वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में न्यायपालिका की पुनर्कल्पना' था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपको एआई को लेकर घबराना नहीं चाहिए। जब आपके सामने कोई ऐसा मामला आता है जिसमें बहुत जटिल तथ्य और कानून के पेचीदा सवाल शामिल हों, तो आप क्या करते हैं। ऐसे मामलों में निर्णय लेते समय व्यक्ति ज्यादा गहराई से सोचता है, धैर्य रखता है और अंत में निर्णय लेने पर उसे संतोष की भावना भी महसूस होती है।

उन्होंने कहा, जब हम एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग सावधानी और जागरूकता के साथ करना शुरू करेंगे, तो यही परिणाम देखने को मिलेगा, बशर्ते यह सुनिश्चित किया जाये कि आपके भीतर का न्यायाधीश स्वतंत्र बना रहे और तकनीक से प्रभावित न हो। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विभू बखरू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### मूल पहचान को खोए बिना खुद को बदलना होगा

सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने ऐसी प्रणालियों द्वारा उत्पन्न होने वाली अशुद्धियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल में एआई मंचों द्वारा मनगढ़ंत मिसालें, गलत उद्धरण और पूरी तरह से काल्पनिक कानूनी प्रस्ताव तैयार किए जाने के उदाहरण सामने आए हैं। ये भ्रामक जानकारी मामूली तकनीकी खामियां नहीं हैं। ये न्यायिक प्रक्रिया की बुनियाद पर प्रहार करती हैं, जो सटीकता, प्रामाणिकता और विश्वास पर टिकी है। अगर इन्हें रोका न गया तो ये गुमराह कर सकती हैं, कानूनी दलीलों को तोड़मरोड़ सकती हैं और परिणामों को गलत दिशा दे सकती हैं।



जब मुझे आना पड़ा तो उस समय मैं तैयार ही नहीं था। पावरप्ले के आखिरी दो ओवर में मैं शॉट्स खेलने की कोशिश कर सकता था। केएल के पास अधिकतर स्ट्राइक रही और उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स लगाए जिससे मोमेंटम हमारे साथ रहा। मैंने सोचा कि यदि वह अच्छा खेल रहे हैं तो मैं उन्हें स्ट्राइक देता रहूं।
–ट्रिस्टन स्टब्स


# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 19 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जाएंट्स बनाम पंजाब किंग्स

समय - दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स

समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन

### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु– 10 विकेट

### हाईलाइट

#### फुटबॉल कोच की तरह हैं आशीष नेहरा : हरभजन सिंह

**मुंबई।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा फुटबॉल कोच की तरह है और उन्होंने टीम में एकजुटता भरी है। हरभजन ने जियोस्टार से कहा कि खिलाड़ियों से नेहरा का लगातार संवाद और खेल की गहरी समझ ने गुजरात टाइटंस की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा आशीष नेहरा अकेला ऐसा इंसान है जो कहीं भी, कभी भी माहौल को सहज बना सकते हैं। वह जहां भी जाते हैं, अपने आसपास सभी लोगों को सहज बना देते हैं। मैचों के दौरान नेहरा की भूमिका के बारे में हरभजन ने कहा वह फुटबॉल कोच की तरह है। कभी भी शांत नहीं बैठता।

#### हताशा का दृढ़ता से किया सामना : रबाडा

**अहमदाबाद।** पिछले सत्र की निराशा के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने इस सफर को 'हताशा' से 'दृढ़ता' का बताया है। रबाडा मनोरंजक दवा के सेवन से जुड़े निलंबन के कारण पिछले सत्र में अधिकांश मैच नहीं खेल सके थे। उन्होंने केकेआर के खिलाफ 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये जिसकी मदद से उनकी टीम ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। रबाडा ने मैच के बाद कहा पिछला सत्र काफी निराशाजनक था खासकर इस तरह के शानदार सेटअप में। गुजरात की टीम बहुत ही शानदार है।

# आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी

## आईपीएल-2026 : एक गेंद रहते दिल्ली कैपिटल्स की रोमांचक जीत



डेविड मिलर।

**बेंगलुरु, एजेंसी**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद केएल राहुल (57) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 60) की अर्धशतकीय पारियों और डेविड मिलर की आखिरी ओवर में तूफानी शॉट की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से शिकस्त दी।

सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की 38 गेंद में 63 रन की आक्रामक पारी के बावजूद कैपिटल्स ने आरसीबी को आठ विकेट पर 175 रन पर रोकने के बाद 19.5 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए राहुल ने 34 गेंद की पारी में दो छक्के और छह चौके लगाए। टीम के 18 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद उन्होंने स्टब्स के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 69 रन की साझेदारी की।

इसके बाद स्टब्स ने कप्तान अक्षर पटेल (26 रन पर रिटायर हर्ट) के साथ 35 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी की। अक्षर चोटिल होने के कारण 16वें ओवर में रिटायर हर्ट हो गए। स्टब्स ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद की नाबाद पारी में एक छक्का और चार चौके जड़े, जबकि डेविड मिलर (नाबाद 22) ने आखिरी ओवर में लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि कृणाल पंड्या ने 24 रन देकर एक विकेट हासिल किया। सॉल्ट ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए, लेकिन अक्षर पटेल (18 रन पर दो विकेट), कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (39 रन पर दो विकेट) ने अन्य बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। मुकेश कुमार को भी एक सफलता मिली। सॉल्ट ने पहले विकेट के लिए विराट कोहली (19) के साथ 31 गेंद में 52 रन और दूसरे विकेट के लिए देवदत्त पडिक्कल (18) के साथ 29 गेंद में 47 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, लेकिन 11वें ओवर में उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (17 गेंद में 26 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सका। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को भुवनेश्वर कुमार ने अपने शुरुआती दो ओवर में तीन झटके दिए।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**175/8** (20 ओवर)

- फिल सॉल्ट का स्टब्स बो कुलदीप 63
- विराट कोहली का निसंका बो एनगिडी 19
- देवदत्त पडिक्कल का मिलर बो अक्षर 18
- रजत पाटीदार का राहुल बो मुकेश 08
- टिम डेविड का नटराजन बो अक्षर 26
- जितेश शर्मा का मिलर बो एनगिडी 14
- रोमारियो शेफर्ड पगबाधा कुलदीप 01
- कृणाल पंड्या रन आउट 12
- रसिक सलाम नाबाद 00
- भुवनेश्वर कुमार नाबाद 03

**अतिरिक्त :** 11, **विकेट पर :** 175 रन विकेट पतन : 1-52, 2-99, 3-105, 4-131, 5-146 6-149, 7-172

कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर : 175 रन विकेट पतन : 1-52, 2-99, 3-105, 4-131, 5-146 6-149, 7-172 गेंदबाजी : नबी 3-0-36-0, मुकेश 4-0-32-1, एनगिडी 4-0-39-2, कुलदीप 4-0-32-2, नटराजन 2-0-16-0, अक्षर 3-0-18-2

### दिल्ली कैपिटल्स

**179/4** (19.5 ओवर)

- पथुम निसंका पगबाधा भुवनेश्वर 01
- लोकेश राहुल का कोहली बो कृणाल 57
- करुण नायर का सॉल्ट बो भुवनेश्वर 05
- समीर रिजवी का जितेश बो भुवनेश्वर 02
- टिस्ट्न स्टब्स नाबाद 60
- अक्षर पटेल रिटायर हर्ट 26
- डेविड मिलर नाबाद 22

**अतिरिक्त :** 06, **विकेट पतन :** 1-2, 2-16, 3-18, 4-87, 4-134 (अक्षर रिटायर्ड हर्ट), गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-26-3, हेजलवुड 4-0-38-0, सलाम 4-0-40-0, कृणाल 4-0-24-1, सुयश 3-0-31-0, शेफर्ड 0.5-0-17-0

**57** रनों की पारी में दिल्ली के बल्लेबाज लोकेश राहुल ने छह चौके और दो छक्के लगाए

**03** विकेट भुवनेश्वर ने लिए उन्होंने गेंदबाजी के दौरान किसी को खुलकर खेलने नहीं दिया

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 6 | 0 | 5 | 1 | 1 | -1.149 |

## पंत के चोटिल होने से चिंतित एलएसजी के सामने अजेय पंजाब किंग्स की चुनौती

**मुल्लांपुर।** तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में संघर्ष कर रही लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मजबूत बल्लेबाजी पर भरोसा करेगी। लखनऊ की टीम कप्तान ऋषभ पंत की चोट को लेकर भी चिंतित है। पंजाब किंग्स इस सत्र में अब तक एकमात्र अजेय टीम रही है। टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम का नेट रन रेट 1.067 है, जो उसकी दमदार बल्लेबाजी और सधे हुए लक्ष्य-पीछा करने की क्षमता को दर्शाता है। पंजाब ने 2025 सत्र से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पिछले 11 में से नौ मुकाबले जीते हैं, जो उसके दबदबे की बानगी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह झलक साफ दिखी। मेजबान टीम की इस रफ्तार को रोकने के लिए एलएसजी को असाधारण प्रदर्शन करना होगा। अंक तालिका में फिलहाल सातवें स्थान पर मौजूद एलएसजी लगातार दो हार के बाद दबाव में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में कप्तान ऋषभ पंत की कोहनी में लगी चोट ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



## केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे रॉयल्स

**कोलकाता, एजेंसी :** शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिए तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के मैच में लय वापिस पाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक रॉयल्स और खराब फॉर्म से परेशान केकेआर के बीच यह मुकाबला होगा। राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की लेकिन पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया। वहीं केकेआर छह मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर कई मौकों पर जीत के करीब पहुंचकर हार गई है जिससे टीम का आत्मविश्वास डगमगा गया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने से उसे एकमात्र अंक मिला है।

# पहले टी-20 में द.अफ्रीका से हारी भारतीय महिला टीम

**डरबन, एजेंसी**

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट के अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले महिला टी20 क्रिकेट मैच में भारत को छह विकेट से हरा दिया। दो महीने बाद होने वाले टी20 विश्व कप की 'ड्रेस रिहर्सल' मानी जा रही सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए शुक्रवार को सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने भारत की दिशाहीन गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए लक्ष्य पांच गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। भारतीय गेंदबाजों ने 14 वाइड गेंदें फेंकी।

वोल्वार्ट ने 39 गेंद में 51 रन बनाए। एनेरी डर्कसेन ने 34 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मैच आज खेला जाएगा। पिछली चार श्रृंखलाएं जीत चुकी भारतीय टीम के लिए स्पिनर श्रेयांका पाटिल और श्रीचरणी ने प्रभावित किया लेकिन तेज गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। अरूंधति रेड्डी की दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने जमकर धुनाई की।



कप्तान लॉरा वोल्वार्ट व स्मृति मंधाना।

### स्मृति मंधाना ने तोड़ा रोहित का रिकॉर्ड

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका और भारत की महिला टीमों के बीच पहले मैच के दौरान, स्मृति मंधाना ने टी 20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया। स्मृति मंधाना के नाम अब 161 मैचों में 30.31 की औसत और 124.38 के स्ट्राइक रेट से 4244 रन दर्ज हैं। टी20 में उनके नाम 33 अर्धशतक और एक शतक है। रोहित शर्मा ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए 159 मैचों में 32.05 की औसत और 140.89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए हैं।

# अभिषेक की तेज शुरुआत के बावजूद हैदराबाद 194 रनों पर थमा

**हैदराबाद, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (59 रन) की शानदार शुरूआत के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज की धारदार गेंदबाजी के सामने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। अभिषेक और हेनरिक क्लासेन (59 रन) के अर्धशतकों को छोड़ दें तो सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी इकाई ने सीएसके के गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए।

सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अभिषेक (22 गेंद) ने 15 गेंद में अपना एक और अर्धशतक पूरा जिससे लग रहा था कि गायकवाड़ का फैसला उल्टा पड़ गया है। लेकिन आमतौर पर थोड़े महंगे साबित होने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी (दो ओवर में 21 रन देकर दो विकेट) ने पावरप्ले की आखिरी दो गेंदों पर ट्रेविस हेड (20 गेंद में 23 रन) और कप्तान ईशान किशन (शून्य) को आउट कर करारे झटके दिए। सनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर 5.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 75 रन से अचानक छह ओवर के बाद दो विकेट पर 75 रन हो गया। सीएसके को इसी मौके की तलाश थी। पावरप्ले के बाद के ओवर सनराइजर्स हैदराबाद के के बल्लेबाज़ों के लिए काफी मुश्किल भरे रहे जिसमें सिर्फ क्लासेन (39 गेंद) ने अपना एक और अर्धशतक पूरा कर टीम का स्कोर 200 के करीब पहुंचाने में मदद की। ओवरटन (37 रन देकर तीन विकेट) और कंबोज (22 रन देकर तीन विकेट) ने बीच के और आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम पर पूरी तरह से नकेल कसकर रखी। सनराइजर्स हैदराबाद ने साढ़े चार ओवरों के अंदर अपने चार विकेट नहीं गंवाए होते तो वे आसानी से 225 से 230 रन बना सकते थे।

दस ओवर के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 112 रन हो गया। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की क्रिकेट सूझबूझ भी टीम के काम आई। उन्होंने ओवरटन की एक शॉर्ट गेंद पर अभिषेक के खिलाफ रिव्यू की अपील की जो मैच का रुख बदलने वाले फैसलों से एक साबित हुआ। सीएसके के लिए ओवरटन की लेंथ और नूर अहमद (चार ओवर में 33 रन देकर कोई विकेट नहीं) की गेंदबाजी ने क्लासेन और दूसरे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। नीतीश रेड्डी (12) जैसे भारतीय बल्लेबाज तथा अनकैप्ड खिलाड़ी जैसे अनिकेत वर्मा और सलिल अरोड़ा रन गति नहीं बढ़ा पाए जिससे सारा दबाव क्लासेन पर आ गया। कंबोज की जितनी भी तारीफ की जाए कम है, वह अब 'राउंड द विकेट' से तेज वाइड यॉर्कर फेंकने में माहिर हो गए हैं और इसी तरह की एक गेंद पर क्लासेन बोल्ड हो गए। गुरजपनीत सिंह ने भी 12 डॉट गेंदें फेंकीं।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। **एजेंसी**

### सनराइजर्स हैदराबाद

**194/9** (20 ओवर)

- अभिषेक शर्मा का सैमसन बो ओवरटन 59
- ट्रेविस हेड का गायकवाड़ बो चौधरी 23
- ईशान किशन का गायकवाड़ बो चौधरी 00
- हेनरिक क्लासेन बो कंबोज 59
- अनिकेत वर्मा का नूर बो ओवरटन 02
- नीतिश कुमार रेड्डी का शॉर्ट बो ओवरटन 12
- सलील अरोड़ा का ब्रेविस बो गुरजपनीत 13
- लियाम लिविंगस्टन का ब्रेविस बो कंबोज 01
- शिवांग कुमार का गुरजपनीत बो कंबोज 12
- प्रफुल हिंगे नाबाद 01

**अतिरिक्त :** 13, **विकेट पतन :** 1-75, 2-75, 3-93, 4-112, 5-147, 6-177, 7-179, 8-193, 9-194, **गेंदबाजी :** मैथ्यू शॉर्ट 3-0-38-0, मुकेश चौधरी 2-0-21-2, कंबोज 3-0-22-3, नूर 4-0-33-0, ओवरटन 4-0-37-3, गुरजपनीत 4-0-34-1

**प्रेरणा** — एशियाई चैंपियन पहलवान अभिमन्यु मांडवाल जुटे हैं 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक की तैयारी में

# मजबूत मानसिकता और निर्भीक रवैया ही सफलता की कुंजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल का कहना है कि आधुनिक युग की कुश्ती में मजबूत मानसिकता ही सब कुछ है और वह मानते हैं कि उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी निर्भीक रवैया है। बचपन से ही निर्भीक रवैया उनके अंदर कूट-कूटकर भरा है और अब वह 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक की तैयारी में जुटे हैं जिसके लिए उन्होंने अपने पसंदीदा 74 किग्रा वर्ग में जाने का फैसला किया है।

इस युवा पहलवान ने हाल में बिश्केक में हुई एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर सफलता की ओर कदम बढ़ाया। स्वर्ण पदक तक पहुंचने के अपने सफर में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के दो पदक विजेताओं को हराया जिनमें 70 किग्रा फाइनल के उनके प्रतिद्वंद्वी मंगोलिया के टोमोर-ओचिरिन तुलगा भी शामिल थे। जगरेब प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने और हाल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 24 साल के इस पहलवान ने अंडर-23 से सीनियर सर्किट में जगह बना ली है। 2026 में मिली इस शुरुआती सफलता का श्रेय वह कुश्ती की गहरी समझ और मानसिक मजबूती को देते हैं।

मांडवाल ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा आपकी मानसिकता मजबूत होनी चाहिए। इसके बिना कुछ भी मुमकिन नहीं है। आप कितनी भी कड़ी ट्रेनिंग क्यों नहीं कर लें, अगर आपकी मानसिकता मजबूत नहीं है तो आप मुक़ाबला नहीं कर सकते। मैं अपने विरोधियों की चिंता नहीं करता। यही मेरी सबसे बड़ी ताक़त है। हरियाणा के इस पहलवान ने बताया कि उनका निर्भीक रवैया उनकी परवरिश से आया है। उनके पिता और चाचा दोनों ही पहलवान थे और वे उन्हें बिना किसी पुरस्कार की परवाह किए मुकाबलों में भेज देते थे।

मांडवाल ने कहा वे बस मुझसे कहते थे कि जाओ, अखाड़े में खड़े हो जाओ और कुश्ती लड़ो। हमने कभी पैसे या स्तर के बारे में नहीं सोचा। इसी तरह मैं निडर बन गया। मैं किसी भी मुकाबले से पहले जरा भी नहीं हिचकिचाता।



भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल।

### वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है : कोच

भारत की पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम के मुख्य कोच विनोद कुमार भी इस बात से सहमत हैं। उन्होंने कहा उसमें जबरदस्त इच्छाशक्ति है। ऐसे पहलवान आसानी से नहीं मिलते। वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है। मुझे उसकी यह बात सबसे ज्यादा पसंद है। हम उसे और भी बेहतर पहलवान बनाने के लिए सबकुछ करेंगे। भविष्य के बड़े टूर्नामेंट में वह जरूर अच्छा प्रदर्शन करेगा। अब तक गैर ओलंपिक 70 किग्रा वर्ग में खेलने वाले मांडवाल का पूरा ध्यान अब 74 किग्रा वर्ग में जाने पर है। उनका मानना है कि यह वर्ग उनके शरीर और उनके लंबे समय के लक्ष्यों के लिए एकदम सही है जिनमें एशियाई खेल और ओलंपिक शामिल हैं। उन्होंने कहा यही मेरा मुख्य लक्ष्य है। अगर मैं वहां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया तो फिर इसका कोई मतलब नहीं है। मैं निश्चित रूप से 74 किग्रा वर्ग में खेलूंगा। यह मेरा पसंदीदा वजन वर्ग है। मेरा सामान्य वजन लगभग 74-75 किग्रा है। और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मैं इसे बढ़ाकर लगभग 78 किग्रा तक ले जाना चाहता हूं।

- अंडर-23 से सीनियर सर्किट में बना ली है जगह

## मुश्किल में फंसी केकेआर टीम से जुड़ेंगे मथीशा पथिराना

**कोलकाता।** श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आखिरकार शनिवार देर रात कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल हो रहे हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ेगा जो इस समय आईपीएल तालिका में सबसे नीचे चल रही है।

टी20 विश्व कप के दौरान पिंडली में आई चोट से उबरने के बाद पथिराना ने श्रीलंका क्रिकेट द्वारा जरूरी फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है और उन्हें एनओसी भी मिल गया है। वह इस समय सफर कर रहे हैं और रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। हालाकि टीम के एक सूत्र के अनुसार उन्हें तुरंत अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की संभावना कम है क्योंकि टीम की मेडिकल टीम उनकी मैच फिटनेस का आकलन करेगी।

# खुलकर खेलने से दूर होंगे मुश्किल के दिन : रहाणे

**अहमदाबाद, एजेंसी**

छह मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेआफ की राह मुश्किल होती जा रही है लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टीम से मुश्किल दिनों का सामना करने, खुलकर खेलने और एक समय में एक ही मैच पर फोकस रखने का आग्रह किया है। छह मैचों में से पांच हार चुकी कोलकाता को एकमात्र अंक पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश में धुले मैच से मिला है।

गुजरात टाइटंस से पांच विकेट से मिली हार के बाद रहाणे ने शुक्रवार को कहा इन कठिन दिनों को स्वीकार करने और उनका सामना करने की जरूरत है। हर दिन नया है और हमें एक दूसरे का साथ देते हुए खुलकर खेलना होगा। दस टीमों की लीग में प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये कम से कम सात मैच जीतने जरूरी हैं। अब आठ मैच बाकी है और केकेआर को हर हालत में हार से बचना होगा। रहाणे ने कहा हम एक समय पर एक ही मैच के बारे में सोच रहे हैं। हारने पर हालात कठिन होते हैं लेकिन हर कोई पूरी कोशिश कर रहा है।

